जबलपुर
शनिवार, 30 अगस्त 2025
भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष - 6
वर्ष : 20, अंक : 123
पृष्ठ : 14, मूल्य 3.00 *

मौसम
अधि. 26
न्यून. 24

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## एशिया कप-2025 में भारतीय हॉकी टीम का विजयी आगाज



# हरमनप्रीत की 'हैट्रिक' से चीन को पटखनी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने एशिया कप-2025 की विजयी शुरुआत की है। बिहार में शुक्रवार को खेले गए पहले मैच में चीन को 4-3 से हरा दिया। मैच काफी रोमांचक रहा और आखिरी क्वार्टर में स्कोरलाइन बराबरी पर थी। तभी कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पेनाल्टी कॉर्नर को गोल में बदलते हुए भारत को आगे किया और उनका ये गोल विजयी गोल साबित हुआ। हरमनप्रीत ने 3 गोल किए। भारतीय टीम अब अपने अगले मुकाबले में 31 अगस्त को जापान का सामना करेगी। टूर्नामेंट का ये 12वां संस्करण है। भारतीय टीम अब तक तीन बार एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट अपने नाम कर चुकी है। 2003, 2007 और 2017 में खिताब जीता था। पाकिस्तानी टीम भी तीन बार (1982, 1985, 1989) एशिया कप में विजेता रह चुकी है। साउथ कोरिया ने सर्वाधिक पांच बार एशिया कप जीता है।*

■ अगला मुकाबला कल जापान से

सीएस ने 'हरिभूमि' से 'ई-ऑफिस' की चुनौतियों को लेकर की चर्चा

# मुख्य सचिव जैन ने लगातार मॉनिटरिंग की, समीक्षा भी की, तब जाकर पूरा हो सका मप्र में 'ई-ऑफिस'

## जैन ने कहा कि प्रोजेक्ट्स को समय-सीमा में पूरा कराने की एक चुनौती तो होती ही है



राज्यपाल मंगुभाई पटेल से जैन ने सौजन्य भेंट की।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हरिभूमि चर्चा

हाल के एक वर्ष से कम समय में मप्र में ई-ऑफिस में अभूतपूर्व काम हुआ है। वर्ष 2016 शुरू हुआ यह प्रोजेक्ट वर्ष 2024 तक जैसे ठप ही रहा। किसी भी मुख्य सचिव ने इस पर संजीदगी से काम नहीं किया। किंतु मुख्य सचिव अनुराग जैन के आने के बाद सबसे पहले इसी प्रोजेक्ट पर काम शुरू हुआ। लगातार होने वाली मॉनिटरिंग, समीक्षा, समय सीमा में काम पूरा करने की हिदायत की वजह से यह प्रोजेक्ट इसी वर्ष 2025 में जाकर पूरा हुआ। अभी भी हालांकि कई तरह की दिक्कतें हैं, किंतु उसे जल्दी ही शॉर्टआउट कर लिया जाएगा। यह बात मुख्य सचिव जैन ने 'हरिभूमि' से बातचीत में कही।



### अफसर बिना तैयारी के आए तो बैठक कुछ देर टाली, फिर वे तैयारी करके आए

*अभी एक दिन पहले 28 अगस्त को केंद्रीय कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) ने मुख्य सचिव जैन को एक साल का एक्सटेंशन दिया है। डीओपीटी ने शुक्रवार को सुबह आदेश जारी किया। वे इसी महीने 31 अगस्त को सेवानिवृत्त होने वाले थे। अब वे एक सितंबर से अगले वर्ष 31 अगस्त 2026 तक इसी पद पर बने रहेंगे। उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट्स को समय-सीमा में पूरा कराने की एक चुनौती तो होती ही है। उन्होंने एक उदाहरण देते हुए बताया कि अभी एक महत्वपूर्ण विषय पर बैठक में देखा गया कि अधिकारी बगैर किसी तैयारी के आ गए। फिर बैठक को कुछ देर के लिए स्थगित कर दोबारा से तैयारी के साथ आने को कहा गया। इसके बाद बैठक हो पाई। उन्होंने कहा कि यदि समय सीमा में प्राजेक्ट्स पूरा करना है, कुछ आउटपुट देना है, तो इस तरह की टेंडेंसी को बदलना पड़ेगा।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल न. 1155 | airtel चैनल न. 366

## खबर संक्षेप


### आईपीएस संजीव शमी बने स्पेशल डीजी

**भोपाल।** राज्य सरकार ने अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक दूरसंचार संजीव शमी को विशेष पुलिस महानिदेशक (स्पेशल डीजी) के तौर पर पदोन्नत किया है। उनकी नवीन पदस्थापना भी दूरसंचार विभाग में की गई है। पवन श्रीवास्तव विशेष पुलिस महानिदेशक को विशेष पुलिस महानिदेशक तकनीकी सेवा शाखा का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।



### नीचे आने लगा विमान कराई इमरजेंसी लैंडिंग

**नई दिल्ली।** दिल्ली से आने वाली स्पाइसजेट की एक फ्लाइट की शुक्रवार को श्रीनगर एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। विमान सुरक्षित रूप से उतर गया। फ्लाइट एसजी-385 में 4 बच्चों सहित 205 यात्री और चालक दल के 7 सदस्य सवार थे। दबाव की समस्या के कारण फ्लाइट की आपातकालीन लैंडिंग कराई गई।



### भारत की जीडीपी वृद्धि दर पहली तिमाही में 7.8 प्रतिशत

**नई दिल्ली।** भारत की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 7.8 प्रतिशत रही। अमेरिका के भारी शुल्क लगाए जाने से पहले की पांच तिमाहियों में यह सबसे अधिक है। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, कृषि क्षेत्र के अच्छे प्रदर्शन के कारण जीडीपी वृद्धि दर बढ़ी है। भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है।



## जापान दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गर्मजोशी से स्वागत, पीएम इशिबा से मुलाकात के बाद बोले मोदी

# जापानी तकनीक-भारतीय प्रतिभा एक विजयी जोड़ी, यह साझेदारी विश्वशांति के लिए जरूरी

▶▶ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्यापार और टैरिफ नीतियों को लेकर वॉशिंगटन के साथ नई दिल्ली के संबंधों में तनाव के बीच शुक्रवार सुबह टोक्यो पहुंचे पीएम मोदी ने जापान के प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष फुकुशिरो नुकागा से भी मुलाकात की



### अगले 10 वर्षों में जापान से भारत में 10 ट्रिलियन येन के निवेश का लक्ष्य

एजेंसी ▶▶ टोक्यो

जापान दौरे पर पीएम मोदी ने भारत-जापान आर्थिक फोरम में शिरकत की और कहा कि भारत और जापान में सहयोग की अपार संभावनाएं हैं। इससे पहले जापान दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। पीएम मोदी के आगमन पर जापान में रहने वाले भारतीय समुदाय के लोगों में गजब का उत्साह दिखा।

पीएम मोदी ने कहा कि भारत और जापान एक स्वतंत्र, खुले, शांतिपूर्ण, समृद्ध और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। आतंकवाद और साइबर सुरक्षा को लेकर हमारी चिंताएं समान हैं। हमारे आपसी हित रक्षा और समुद्री सुरक्षा से जुड़े हैं। हमने तय किया है कि रक्षा उद्योग और नवाचार के क्षेत्र में सहयोग को मज़बूत किया जाएगा।

» पीएम मोदी लगभग सात वर्षों बाद जापान की यात्रा पर पहुंचे

» मोदी एक सितंबर तक जापान में रहेंगे और फिर चीन के लिए रवाना होंगे

### कई जापानी कंपनियां मेक इन इंडिया पहल में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहीं : इशिबा



### जापानी कंपनियों से कहा- भारत में बनाओ, दुनिया के लिए बनाओ

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमने अगले 10 वर्षों में जापान से भारत में 10 ट्रिलियन येन के निवेश का लक्ष्य रखा है। भारत और जापान के लघु एवं मध्यम उद्यमों और स्टार्टअप्स को जोड़ने पर विशेष जोर दिया जाएगा। भारत-जापान व्यापार मंच में भी मैंने जापानी कंपनियों से कहा था कि भारत में बनाओ, दुनिया के लिए बनाओ।



### इशिबा ने प्रमुख पहलों का जिक्र किया

उन्होंने कहा कि प्रमुख पहलों में लोगों के बीच आदान-प्रदान को बढ़ावा देना, प्रधानमंत्री मोदी की आत्मनिर्भर भारत नीति के तहत तकनीक और बाजारों का लाभ उठाना, और सेमीकंडक्टर, जैव ईंधन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग करना शामिल है। एआई, अंतरिक्ष और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में भी प्रयास जारी हैं।

### जापान के पीएम इशिबा से की मुलाकात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने व्यापार, निवेश और तकनीकी क्षेत्रों सहित समग्र द्विपक्षीय संबंधों को और विस्तारित करने पर बात की। मोदी ने शुक्रवार को पूर्वी एशियाई देश की अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान अपने पूर्व जापानी समकक्षों योशीहिदे सुगा और फुमियो किशिदा से मुलाकात की। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्यापार और टैरिफ नीतियों को लेकर वाशिंगटन के साथ नई दिल्ली के संबंधों में तनाव के बीच आज सुबह टोक्यो पहुंचे पीएम मोदी ने जापान के प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष फुकुशिरो नुकागा से भी मुलाकात की।

## 21 बार स्थगित हुई जमानत याचिका

# इलाहाबाद हाईकोर्ट के रवैए पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई नाराजगी

» *हाई कोर्ट से इस मामले पर गौर करने को कहा*



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जमानत के एक मामले को इलाहाबाद हाई कोर्ट द्वारा 21 बार स्थगित किए जाने पर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को गहरी नाराजगी जताई। साथ ही हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से इस मामले पर गौर करने का अनुरोध किया। प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई, जस्टिस एनवी अंजारिया और जस्टिस आलोक अराधे की पीठ ने कहा कि हम बार-बार कहते रहे हैं कि नागरिकों की व्यक्तिगत स्वतंत्रता से जुड़े मामलों की सुनवाई और फैसला जल्द से जल्द होना चाहिए।

## अवैध प्रवासियों का मामला

# सुप्रीम कोर्ट का केंद्र सरकार से सवाल अमेरिका जैसी दीवार बनाना चाहते हो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को केंद्र सरकार से सवाल किया कि क्या वह अवैध प्रवासियों का देश में प्रवेश रोकने के लिए सीमा पर अमेरिका जैसी दीवार बनाना चाहता है।

जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जोयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम. पंचोली की पीठ ने केंद्र से अवैध प्रवासियों को निर्वासित करने में (खासकर बांग्लादेश को) सरकारों द्वारा अपनाई गई मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) के बारे में जानकारी देने को कहा। शीर्ष अदालत ने इस मामले में गुजरात सरकार को भी पक्षकार बनाया। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बंगाल प्रवासी कल्याण बोर्ड द्वारा दायर याचिका पर आपत्ति जताई। इसमें बांग्लादेशी नागरिक होने के संदेह में बांग्ला भाषी प्रवासी कामगारों को हिरासत में लेने का आरोप लगाया गया था। मेहता ने कहा कि कोई भी पीड़ित पक्ष अदालत में मौजूद नहीं है। हमें पता है कि कुछ राज्य सरकारें कैसे अवैध प्रवासियों पर फलती-फूलती हैं। जनसांख्यिकीय परिवर्तन एक गंभीर मुद्दा बन गया है।

## बनेगा सुरक्षित डेटा सिस्टम

### वाहन, सारथी व फास्टैग डेटा एक्सेस के नए नियम

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने नेशनल ट्रांसपोर्ट रिपॉजिटरी से डेटा शेयरिंग के लिए नई पॉलिसी पेश की है। इसमें वाहन, सारथी, फास्टैग, ई-चालान और हादसे से जुड़े रिकॉर्ड शामिल होंगे। पॉलिसी का मकसद नागरिकों की प्राइवेसी, डेटा सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। यह डेटाबेस पूरे देश के वाहन पंजीकरण, ड्राइविंग लाइसेंस, चालान और सड़क हादसों के रिकॉर्ड को जोड़ता है।



■ 39 करोड़ से ज्यादा वाहनों का रिकॉर्ड

## पार्षद अनवर कादरी ने किया सरेंडर

### हुलिया बदलकर पहुंचा कोर्ट हमला करने दौड़ी भीड़

**इंदौर।** लव जिहाद फंडिंग मामले में तीन माह से फरार आरोपी पार्षद अनवर कादरी शुक्रवार को जिला कोर्ट में पेश हुआ। वह दाढ़ी-मूंछ कटवाकर यहां पहुंचा। कादरी पुलिस की मौजूदगी में कोर्ट आया, तो लोगों का आक्रोश फूट पड़ा। भीड़ ने उसकी ओर मारपीट के इरादे से बढ़ने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे चारों ओर से घेरकर कोर्ट कक्ष तक सुरक्षित पहुंचाया। अनवर कादरी पर 40 हजार रुपए का इनाम घोषित था।



■ पुलिस ने बचाया, 8 दिन की रिमांड पर

## हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

### महाकाल गर्भगृह में वीआईपी एंट्री ये आम श्रद्धालुओं के साथ अन्याय

**इंदौर।** महाकाल मंदिर के गर्भगृह में वीआईपी के प्रवेश का मामला हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ में पहुंचा। इंदौर के दर्पण अवस्थी की जनहित याचिका पर दलील दी गई कि महाकाल मंदिर में आम जनता खड़ी रहती है। नेता पुत्र, व्यापारी व अफसरों के परिजन को वीआईपी बताकर गर्भगृह में प्रवेश करा दिया जाता है। ये आम श्रद्धालुओं के साथ अन्याय है। हमारी भी महाकाल में श्रद्धा है तो हमें क्यों रोका जा रहा है।



■ वीआईपी एंट्री बंद करने के लिए याचिका

## *भिंड कलेक्टर को अपशब्द बोल कर मारने के लिए मुक्का तानने का मामला*

# भाजपा विधायक कुशवाह को तलब कर संगठन ने लगाई 'कड़ी फटकार'

दी चेतावनी, आचरण पार्टी लाइन के विपरीत, नहीं किया जाएगा बर्दाश्त

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

तीन दिन पहले भिंड में कलेक्टर को अपशब्द कहते हुए मारने के लिए हाथ उठाने वाले भाजपा विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह को संगठन ने शुक्रवार को कड़ी फटकार लगाई है। उनसे कहा गया कि आपका आचरण पार्टी लाइन के विपरीत है, इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।



बाएं से विधायक नरेंद्र सिंह, हेमंत खंडेलवाल, हितानंद और डॉ. महेंद्र सिंह

### खाद संकट को लेकर बैठे थे धरने पर

विधायक कुशवाह समर्थकों के साथ खाद संकट को लेकर कलेक्टर बंगले के सामने धरने पर बैठे थे। वे कलेक्टर से बाहर आकर बात करने की मांग कर रहे थे, लेकिन कलेक्टर ने उनकी बात नहीं सुनी। इस पर कुशवाह भड़क गए। उन्होंने धमकाते हुए कहा कि आज पब्लिक को तुम्हारे घर में घुसा दूंगा। खाद तो बहाना था, पूरा विवाद रेत की चोरी को लेकर है।

## श्रद्धा तिवारी की गजब प्रेम कहानी: 7 दिनों तक लापता इंदौर की श्रद्धा थाने पहुंची

# सार्थक से शादी करने भागी करण को पति बना लिया

श्रद्धा बोली करण ने मुझे मरने से बचाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

7 दिनों तक लापता रही इंदौर की श्रद्धा तिवारी अचानक शादी करके सामने आ गई है। हैरानी की बात यह है कि जिस लड़के से उसने शादी कर ली है, उसके लिए वह घर से नहीं भागी थी। प्रेमी के साथ नहीं आने पर उसने एक ऐसे लड़के से शादी कर ली जिसका कुछ देर पहले तक वह नाम भी नहीं जानती थी। पुलिस ने दोनों के बयान दर्ज किए हैं। उन्होंने स्वेच्छा से शादी की बात कही है। इंदौर के एमआईजी थाना क्षेत्र से गुम हुई श्रद्धा तिवारी गुजराती कॉलेज की स्टूडेंट है। एक सप्ताह पहले (22 अगस्त) वह अचानक घर से गायब हो गई।


### पिता बोले- बेटी शादी के लिए तैयार नहीं

*श्रद्धा के पिता ने कहा कि उनकी बेटी इस शादी के लिए मानसिक रूप से तैयार नहीं है। उन्होंने मांग की कि श्रद्धा को कम से कम एक हफ्ते के लिए उनके पास रहने दिया जाए। पिता ने यह भी बताया कि करण ने कहा था कि श्रद्धा आत्महत्या करने जा रही थी, जिसे उसने रोक लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि बेटी को फंसाया गया है और मामले की गहन जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि बेटी दस दिन बाद किसी युवक से शादी करने की इच्छा जताती है। तो वे धूमधाम से शादी करेंगे।*

## रिलायंस एजीएम में मुकेश अंबानी का ऐलान... 2026 की पहली छमाही तक जियो आईपीओ

हमारे पास अपना विजन हमारे पास अपना इंडिया फर्स्ट मॉडल बनाने की क्षमता

# भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत उभर रहा, इसे कोई रोक नहीं सकता



भारत को दुनिया के मॉडल की नकल करने की जरूरत नहीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रिलायंस इंडस्ट्रीज की 48वीं वार्षिक आम बैठक यानी एजीएम शुरू हो गई है। इस मौके पर बोलते हुए रिलायंस समूह के मुखिया मुकेश अंबानी ने कहा है कि भारत तरक्की की राह पर आगे बढ़ रहा है। अंबानी ने बताया कि आईपीओ के सारे प्रबंध पूरा करते हुए इसे 2026 की पहली छमाही तक लाने की कोशिश होगी। अंबानी ने कहा कि भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत उभर रहा है और इसे कोई रोक नहीं सकता। भारत पहले ही दुनिया की शीर्ष चार अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो चुका है।

### जियो अब डीप-टेक कंपनी बनी: आकाश

जियो के चेयरमैन आकाश अंबानी ने रिलायंस एजीएम के दौरान कहा कि कंपनी भारत को दुनिया की पहली एआई-नेटिव डिजिटल अर्थव्यवस्था बनाने की नींव डाल रहा है। आकाश अंबानी ने कहा कि जियो अब एक डीप-टेक कंपनी बन चुका है।

### रिलायंस रिटेल आज एक राष्ट्रीय आंदोलन : ईशा

ईशा अंबानी ने कहा कि रिलायंस रिटेल आज एक राष्ट्रीय आंदोलन है। यह उपभोक्ताओं और उत्पादकों दोनों को लाभ पहुंचाने, अर्थव्यवस्था को गति देने, आकांक्षाओं को प्रज्ज्वलित करने और भारतीयों के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने का एक मिशन है।

### हमारी वी केयर की फिलॉसफी

अंबानी ने कहा कि हमारी वी केयर की फिलॉसफी के साथ लोगों और पर्यावरण की भलाई को प्राथमिकता देते हैं। रिलायंस इंटेलिजेंस नाम की सब्सिडियरी कंपनी बनाने का ऐलान किया। इसका उद्देश्य भारत की कृत्रिम बुद्धिमत्ता क्षमताओं को बढ़ावा देना और देश को कृत्रिम बुद्धिमत्ता नवाचार के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करना है।


मध्यप्रदेश शासन
The heart of Incredible India
विरासत को संजोता
पर्यटन को नये आयाम देता
मध्यप्रदेश
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
मध्यप्रदेश टूरिज्म
रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव
29-30 अगस्त, 2025
मुख्य अतिथि
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
30 अगस्त, 2025 | पूर्वाह्न 10:30 बजे
राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर
मुख्य आकर्षण
निवेश के अवसर
होटल, रिसॉर्ट, वेलनेस और ईको-टूरिज्म क्षेत्र के निवेशकों को लैटर ऑफ अवॉर्ड प्रदाय तथा एमओयू का आदान-प्रदान
रोज़गार एवं क्षेत्रीय विकास
परियोजनाओं से स्थानीय समुदाय को पर्यटन आधारित रोज़गार और क्षेत्रीय पर्यटन को स्थायित्व मिलेगा
विशेष पर्यटन प्रदर्शनी
मध्यप्रदेश के विविध पर्यटन स्थलों, हॉस्पिटैलिटी ब्रांड्स, होम-स्टे, रिसॉर्ट्स, हैंडलूम/हैंडीक्राफ्ट, साहसिक गतिविधियों और सांस्कृतिक धरोहरों को समर्पित प्रदर्शनी
सत्र 1 - टूरिज्म कल्चरल ब्रिज
"ब्रांडिंग ग्वालियर एंड हार्टलैंड ऑफ एमपी फॉर द वर्ल्ड" विषय पर पैनल डिस्कशन - ग्वालियर की सांस्कृतिक धरोहर, शास्त्रीय संगीत और स्थापत्य कला को वैश्विक मानचित्र पर स्थापित करने की रणनीतियों पर विमर्श
सत्र 2 - ग्वालियर एंड चम्बल राइजिंग
"इनबाउंड अपील थ्रू हेरिटेज, लक्जरी एंड एक्सपीरियंस" विषय पर पैनल डिस्कशन - विरासत, लग्जरी स्टे, डेस्टिनेशन वेडिंग और अनुभवात्मक पर्यटन के नए आयामों पर संवाद
D-11091/25
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP

## उपराष्ट्रपति उम्मीदवार रेड्डी को लेकर न्यायपालिका में मतभेद

# अब सियासी लॉबी वाले जजों के चेहरे से 'नकाब' हटाना आवश्यक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विपक्षी गठबंधन के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बी.सुदर्शन रेड्डी के मुद्दे पर भारतीय न्यायपालिका दो धड़ों में बंटती दिखाई दे रही है। दरअसल सुदर्शन रेड्डी को लेकर गृहमंत्री अमित शाह ने जो बयान दिया था, उस पर कुछ रिटायर्ड जजों ने आपत्ति जताई थी। अब उन जजों के जवाब में 56 अन्य पूर्व जजों ने खुला पत्र लिखा है, जिसमें कहा गया है कि राजनीतिक बयानों से न्यायपालिका की गरिमा को नुकसान हो रहा है। 23वें लॉ कमीशन के सदस्य हितेश जैन ने भी सुदर्शन रेड्डी का समर्थन करने वाले पूर्व जजों के प्रति नाराजगी जाहिर की है और सोशल मीडिया पर एक लंबा चौड़ा पोस्ट लिखा है। इस पोस्ट में हितेश जैन ने लिखा कि 'हाल ही में जस्टिस अभय ओका के कुछ इंटरव्यू पढ़े और मुझे बिल्कुल भी हैरानी नहीं हुई कि उन्होंने भी जस्टिस सुदर्शन रेड्डी के समर्थन में लिखे पत्र पर हस्ताक्षर किए थे।


हितेश जैन

राजनीतिक बयानों से न्यायपालिका की गरिमा को नुकसान हो रहा है। 23वें लॉ कमीशन के सदस्य हितेश जैन ने भी सुदर्शन रेड्डी का समर्थन करने वाले पूर्व जजों के प्रति नाराजगी जाहिर की है और सोशल मीडिया पर एक लंबा चौड़ा पोस्ट लिखा है।

**गृहमंत्री शाह के बयान पर कुछ रिटायर्ड जजों ने जताई थी आपत्ति**

**23** लॉ कमीशन के सदस्य हितेश ने लिखा बड़ा पत्र

अब उन जजों के जवाब में 56 अन्य पूर्व जजों ने खुला पत्र लिखा

### राजनीतिक कार्यकर्ताओं की तरह व्यवहार कर रहे रिटायर्ड जज



हितेश जैन ने लिखा कि ऐसा ट्रेंड चल रहा है कि ज्यादा से ज्यादा रिटायर्ड जज खुलकर राजनीतिक कार्यकर्ताओं की तरह व्यवहार कर रहे हैं और ये बात मुझे परेशान करती है। हितेश जैन ने कई पूर्व जजों के नाम लेकर दावा किया कि न्यायिक आजादी के सैद्धांतिक रुख के बजाय, ये जज पक्षपाती हो रहे हैं। जैन ने लिखा न्यायिक आजादी, प्रेस कॉन्फ्रेंस करने, इंटरव्यू देने या पक्षपाती पत्रों के जरिए सुरक्षित नहीं रहती, बल्कि इसके लिए जिला अदालतों और मजिस्ट्रेट अदालतों की हर दिन की कार्यवाही देखी जाती हैं, जहां लाखों लोगों के भाग्य का फैसला होता है।

### न्याय को सुलभ कैसे बनाएं, इस पर कभी बात नहीं करते रिटायर्ड जज

हितेश जैन ने कुछ रिटायर्ड जजों पर निशाना साधते हुए कहा कि 'ये वही न्यायाधीश हैं, जो अब लोकतंत्र के संरक्षक होने का दावा करते हैं, लेकिन असल मुद्दों जैसे निचली अदालतों की स्थिति, नियुक्तियों में देरी और आम नागरिकों को न्याय मिलने की स्थिति पर चुप रहे।' लॉ कमीशन के सदस्य जैन ने आरोप लगाया कि जो रिटायर्ड जज बार-बार न्यायिक पदोन्नति और सर्वोच्च न्यायालय में लंबित कुछ मामलों पर सवाल उठाते हैं, वे निचली अदालतों में लंबित मुकदमों, सुनवाई में कैसे तेजी लाई जाए और न्याय को कैसे सुलभ बनाया जाए, इस पर कभी बात नहीं करते?

### उन्होंने आम लोगों की समस्याओं को हल करने के लिए कुछ किया?

उन्होंने सवाल उठाया कि क्या ये जज न्यायपालिका के बड़े मुद्दों के समाधान के लिए कोई रचनात्मक समाधान लेकर आए? या अपने अनुभवों से आम लोगों की समस्याओं को हल करने के लिए कुछ किया? रिकॉर्ड में भाषणों के अलावा कुछ नहीं है। हितेश जैन ने कुछ वरिष्ठ वकीलों के नाम लेकर कहा कि ये लोग खुद को न्यायिक कार्यकर्ता बताते हैं, लेकिन अगर कोई न्यायिक पदोन्नति उनके अनुरूप न हो तो वे मीडिया के पास पहुंच जाते हैं और छाती पीटते हैं कि लोकतंत्र खतरे में है।

**यह लॉबी झूठ का राग अलाप रही**

हितेश जैन ने आरोप लगाया कि 'यह लॉबी हर मोड़ पर झूठ का राग अलापती है और इनकी चिंता न्यायपालिका के प्रति नहीं बल्कि अपने राजनीतिक एजेंडे को आगे बढ़ाने की है। इन्हें स्पष्ट संदेश देना जरूरी है कि वे न्यायपालिका को धमका नहीं सकते और इसे ढाल के रूप में भी इस्तेमाल नहीं कर सकते। अब समय आ गया है कि इस लॉबी को बेनकाब किया जाए।' कई पूर्व जजों का नाम लेकर हितेश जैन ने कहा कि ये राजनीतिक लॉबी का हिस्सा हैं, जिनका उद्देश्य पीएम मोदी को निशाना बनाना है। ऐसे सक्रिय न्यायाधीशों के चेहरे से नकाब हटाना जरूरी है।

## खबर संक्षेप

### नहाते समय नदी में डूबे 3 बच्चे, 2 की मौत



**सलेमपुर।** गोसाईगंज के सलेमपुर के मजरा लोध पुरवा से गुजरी लोनी नदी में शुक्रवार को दर्दनाक हादसा हो गया। नहाने में लिए नदी में उतरे तीन मासूम अचानक पानी के तेज बहाव में बह गए। स्थानीय लोगों की मदद से एक बच्चे को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया जबकि बच्ची सहित दो की डूबने से मौत हो गई। शवों को पोस्टमार्टम को भेजा है।

### कर्नाटक में पदक विजेताओं की पुरस्कार राशि बढ़ी



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने राष्ट्रीय खेलों में पदक विजेताओं की पुरस्कार राशि में वृद्धि की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि सरकार एथलीटों को मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है। स्वर्ण पदक विजेताओं को 7 लाख, रजत पदक विजेताओं को 5 लाख रुपए और कांस्य पदक विजेताओं को 3 लाख रुपए मिलेंगे।

### आगरा में तैनात एसडीएम की मौत



**आगरा।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर आगरा में तैनात अपर नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार जायसवाल की मौत हो गई। उनका चालक गंभीर रूप से घायल है। घायल चालक को सैफई अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अपर नगर मजिस्ट्रेट आगरा राजेश कुमार अपनी क्रेटा कार से लखनऊ से आगरा की तरफ जा रहे थे।

### आप को झटका, रावल ने पार्टी से दिया इस्तीफा



अहमदाबाद। गुजरात में विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी आप को बड़ा झटका लगा है। वरिष्ठ नेता चेतन रावल ने इस्तीफा देकर सबको चौंका दिया है। रावल ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला दिया है, लेकिन अटकलों को दौर शुरू हो गया है। पार्टी के मुखिया इशुदान गढ़वी को इस्तीफे में व्यक्तिगत कारणो बताया है।

### पुरी में 15 से शुरू होगी कतार दर्शन सुविधा



**भुवनेश्वर।** जगन्नाथ धाम आने वाले श्रद्धालुओं के लिए खुशखबरी है। अब मंदिर में दर्शन और अधिक व्यवस्थित तरीके से हो सकेगा।15 सितंबर से श्रीजगन्नाथ मंदिर में कतार दर्शन सुविधा शुरू होने जा रही है। इसके लिए तैयारियां अंतिम चरण में हैं।सूत्रों के मुताबिक, श्रीमंदिर प्रबंधन समिति की बैठक 3 सितंबर को होगी।

## विपक्ष के नेता की टिप्पणी पर बरसे गृहमंत्री शाह, गुवाहाटी में दी नसीहत

# भारत की जनता कभी बर्दाश्त नहीं कर सकती यह घृणित काम, शर्म हो तो राहुल माफी मांगें

### पीएम मोदी और उनकी मां को अपशब्द कहना बेहद निंदनीय कृत्य

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को बिहार में विपक्षी गठबंधन के एक कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी मां के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक शब्दों के इस्तेमाल की घटना की निंदा की। शाह ने कहा, 'कांग्रेस नेताओं ने अपनी 'घुसपैठिया बचाओ यात्रा' के दौरान प्रधानमंत्री मोदी की मां के खिलाफ अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल करके बेहद निंदनीय कृत्य किया है। मैं इसकी निंदा करता हूं। हर कांग्रेस नेता ने पीएम मोदी के खिलाफ अपमानजनक शब्द कहे हैं।शाह ने कहा कि 2 दिन पहले जो हुआ, उससे सभी को दुख पहुंचा है। पीएम मोदी की मां ने एक गरीब घर में जीवन जिया, अपने बच्चों को मूल्यों के साथ पाला और अपने बेटे को एक भरोसेमंद नेता बनाया। ऐसे जीवन के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल करना भारत की जनता कभी बर्दाश्त नहीं कर सकती। राजनीतिक जीवन में इससे बड़ी कोई गिरावट नहीं हो सकती और मैं इसकी कड़ी निंदा करता हूं। 'मैं राहुल से आग्रह करना चाहता हूं कि अगर उनमें जरा भी शर्म बची है, तो उन्हें पीएम मोदी, दिवंगत मां और देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। ईश्वर सभी को सद्बुद्धि दे।

दिवंगत मां पर ऐसे शब्द इस्तेमाल किए

हर कांग्रेस नेता ने पीएम के खिलाफ गलत बोला


**जितनी गाली दोगे, उतना कमल खिलेगा**

गृह मंत्री शाह ने कांग्रेस और राहुल पर प्रहार किया है। शाह ने शुक्रवार को असम के गुवाहाटी में एक कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि कांग्रेस और उसके नेता जितनी ज्यादा गाली पीएम नरेंद्र मोदी को देंगे, उतना ज्यादा कमल खिलेगा और बड़ा होगा।

### अभद्र भाषा का प्रयोग ठीक नहीं

इससे पहले चुनावी राज्य बिहार में राहुल गांधी की मतदाता अधिकार यात्रा के दौरान कुछ कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी दिवंगत मां के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किए जाने के बाद विवाद खड़ा हो गया। भाजपा ने इस कथित टिप्पणी को लेकर पटना के कोतवाली थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई और कांग्रेस सांसद से माफी मांगने की मांग की।

### ब्रह्मपुत्र विंग का समेत तमाम उद्घाटन

शाह ने शुक्रवार को असम के अपने दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन राजभवन के नवनिर्मित ब्रह्मपुत्र विंग का उद्घाटन किया। उन्होंने राजभवन परिसर से ही डेरगांव स्थित लचित बरफुकन पुलिस अकादमी में 45 करोड़ की लागत से स्थापित राष्ट्रीय साइबर फोरेंसिक प्रयोगशाला-उत्तर पूर्व का भी वर्चुअल उद्घाटन किया। शाह ने आईटीबीपी, एसएसबी और असम राइफल्स की विभिन्न विकास परियोजनाओं का वर्चुअल उद्घाटन और शिलान्यास किया, जिनमें आवास परिसर, बैरक और अस्पताल शामिल हैं।

**राजभवन के अंदर मंदिर में पूजा-अर्चना और गो पूजन**

इससे पहले वैदिक मंत्रोच्चार के बीच उन्होंने राजभवन के अंदर एक मंदिर में पूजा-अर्चना की, गौ पूजन किया और सिंदूर का पौधा लगाया। कार्यक्रम स्थल पर राज्यपाल लक्ष्मी प्रसाद आचार्य और मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने उनका स्वागत किया।

**पटना में तोड़-फोड़ पर बोले राहुल**

### सत्य और अहिंसा के आगे असत्य और हिंसा टिक ही नहीं सकते



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि सत्य और अहिंसा के आगे असत्य और हिंसा टिक ही नहीं सकते। मारो और तोड़ो, हम सत्य और संविधान की रक्षा करते रहेंगे। सत्यमेव जयते। उनकी यह टिप्पणी पटना में 'मतदाता अधिकार यात्रा' के दौरान प्रधानमंत्री के लिए कथित तौर पर अभद्र भाषा के विरोध में विरोध मार्च के दौरान भाजपा-कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के बीच हुई झड़प के बाद आई है।

### भाजपा बौखलाई, गुंडागर्दी कर रही



कांग्रेस महासचिव और संगठन प्रभारी केसी वेणुगोपाल ने भाजपा पर पार्टी के सदाकत आश्रम मुख्यालय पर हमला और तोड़फोड़ करने का आरोप लगाया। वेणुगोपाल ने कहा कि मतदाता अधिकार यात्रा की बढ़ती लोकप्रियता और उनके खिलाफ जनता की बढ़ती भावनाओं से बौखलाकर भाजपा ने एक बार फिर हमें डराने और धमकाने के लिए अपने गुंडों को छोड़ दिया है।

**गाली वाले मुद्दे पर कांग्रेस ने भाजपा को घेरा**

### भाजपा के एजेंट बोले होंगे, गुंडागर्दी नहीं चलेगी



**गोपालगंज।** दरभंगा में प्रधानमंत्री के खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में कांग्रेस ने भाजपा को घेरा है। पवन खेड़ा ने कहा कि किसने टिप्पणी की? इन्हीं के एजेंट घूमते रहते हैं और बदमाशी करते रहते हैं, गुंडागर्दी करते हैं।

**ओवैसी ने भी दी कांग्रेस को नसीहत**

### आलोचना करें, लेकिन मर्यादा न लांघें



इस मामले में एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि आप जितना चाहें विरोध करें, आलोचना करें, निंदा करें, लेकिन जब आप शालीनता की सीमा लांघते हैं, तो यह गलत है और ऐसा नहीं होना चाहिए।

### *उधर, रोहतास में राहुल का पुतला फूंकने को लेकर भिड़े दो पूर्व भाजपा विधायक*



बिहार के रोहतास में राहुल गांधी के पुतला फूंकने को लेकर भाजपा के दो पूर्व विधायक आमने-सामने हो गए। अंत में पूर्व विधायक जवाहर प्रसाद आधा जला हुआ पुतला लेकर भाग चले। इस दौरान जवाहर ने रामेश्वर चौरसिया को काफी खरी खोटी सुनाई। भाजपा के पूर्व विधायक रामेश्वर चौरसिया न्यू एरिया मोड़ पर राहुल गांधी का पुतला फूंक रहे थे। पुतले में आग लगी ही थी कि जवाहरपहुंच गए और पुतले को कांग्रेस कार्यालय के गेट पर फूंकने की बात करने लगे। अंत में जवाहर ने कांग्रेस कार्यालय पर जाकर पुतले को दहन किया।


**राहुल का नया दावा**

### *एक घर में 947 वोटर, चुनाव आयोग ने इस पर दिया 'रियलिटी चेक'*

राहुल ने फिर एक बार चुनाव आयोग की पारदर्शिता पर सवाल उठाते हुए दावा किया है कि गया जिले के निदानी गांव में (बूथ नं. 161, बाराचट्टी विधानसभा) एक ही घर नंबर (नंबर 6) पर पूरे 947 वोटर दर्ज हैं। इसके बाद गया जिला प्रशासन ने 4 वीडियो क्लिप जारी कर सच्चाई सामने रखी। प्रशासन ने कहा कई गांवों में मकानों को आधिकारिक घर नंबर आवंटित नहीं किए जाते। ऐसे में वोटर लिस्ट तैयार करने के लिए बीएलओ प्रतीकात्मक घर नंबर देता है।

**बिहार एसआईआर पर नोटिस जारी**

### 8 जिलों में मिले 3 लाख विदेशी! इसमें बांग्लादेशी, म्यांमार व अफगानी भी शामिल




नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने कहा है कि बिहार में एसआईआर के दौरान तीन लाख विदेशी नागरिकों की पहचान हुई है। दस्तावेजों की जांच के दौरान यह बात सामने आई, जिसके बाद इन लोगों को चुनाव आयोग ने नोटिस जारी किया है. बताया जा रहा है कि ये विदेशी नागरिक बांग्लादेश, नेपाल, म्यांमार और अफगानिस्तान से हैं। आयोग की तरफ से बताया गया है कि एक अगस्त से एक सितंबर तक चले डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन प्रोसेस के दौरान इन विदेशी लोगों की पहचान हुई है। बिहार के कुछ जिलों में यह लोग पाए गए हैं। इनमें किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, अररिया, सुपौल, ईस्ट चंपारण और वेस्ट चंपारण जैसे जिले शामिल हैं।

**बिटकॉइन घोटाला: 14 दोषी करार**

## सभी को एसीबी विशेष कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद



गुजरात में अहमदाबाद सिटी सेशंस कोर्ट की एसीबी विशेष अदालत ने 2018 बिटकॉइन घोटाले और अपहरण मामले में पूर्व भाजपा विधायक नलिन कोटडिया, अमरेली के पूर्व एसपी व आईपीएस अधिकारी जगदीश पटेल समेत 14 को उम्रकैद की सजा सुनाई। राजनीतिक और पुलिस व्यवस्था को हिला देने वाले इस घोटाले में सूरत के बिल्डर शैलेश भट्ट का अपहरण, 200 बिटकॉइन की जब्ती और 32 करोड़ की फिरौती की मांग शामिल थी। एसपी जगदीश पटेल के नेतृत्व में अमरेली के पुलिस अधिकारियों ने राजनीतिक हस्तियों और बिचौलियों संग भट्ट का गांधीनगर से अपहरण कर लिया। विशेष लोक अभियोजक अमित पटेल ने कहा, यह महज घोटाला नहीं था,भ्रष्टाचार का गठजोड़ था।

**मद्रास हाई कोर्ट का बड़ा फैसला**

## हिंदू विवाह धार्मिक कार्य नहीं मंदिर से राशि नहीं दी जाएगी

एजेंसी ▶▶ चेन्नई



मद्रास हाई कोर्ट ने कहा है कि हिंदू विवाह को धार्मिक उद्देश्य नहीं माना जा सकता। अदालत ने मंदिर फंड से शादी हॉल बनाने की सरकारी अनुमति को खारिज कर दिया। कोर्ट ने साफ कहा कि मंदिरों में आने वाले चढ़ावे और दान केवल धार्मिक और चैरिटेबल कामों में ही खर्च किए जा सकते हैं, न कि व्यावसायिक गतिविधियों में। जस्टिस एसएम सुब्रमण्यम और जस्टिस जी. अरुल मुरुगन की बेंच ने कहा कि हिंदू विवाह को भले ही संस्कार माना जाता हो, लेकिन इसमें कॉन्ट्रैक्ट के तत्व भी शामिल हैं। इसीलिए शादी को धार्मिक उद्देश्य नहीं माना जा सकता। मंदिर फंड का उपयोग सिर्फ धार्मिक और चैरिटेबल कार्यों तक सीमित है। विवाह हॉल का किराए पर उपयोग करना व्यावसायिक गतिविधि है।

**गृहमंत्री शाह के खिलाफ अपशब्द कहने पर मचा बवाल**

गृहमंत्री शाह का सिर कलम कर देना चाहिए

## मोइत्रा ने तो हद पार कर दी, अब उनको जेल में बंद करना चाहिए

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

बिहार के पटना में भाजपा और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के बीच जमकर झड़प हुई है। 'वोटर अधिकार यात्रा' में पीएम मोदी के लिए अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया गया है, वहीं तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने देश के गृहमंत्री अमित शाह के बारे में कुछ ऐसा बोला जिससे बवाल मचा है। मोइत्रा सोशल मीडिया से लेकर सियासी गलियारों में हॉट टॉपिक बनी हुई हैं और लोग उनकी जमकर आलोचना कर रहे हैं। 28 अगस्त को मोइत्रा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि 'केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का सिर कलम कर उनकी कटी हुई मुंडी मेज पर रखनी चाहिए।

**देश की सीमाओं की रक्षा करने वाला कोई नहीं**



मैं पूछ रही हूं कि अगर हमारे देश की सीमाओं की रक्षा करने वाला कोई नहीं है और लाखों-करोड़ों लोग भारत में घुस रहे हैं, अगर वे हमारी माताओं और बहनों पर बुरी नजर डाल रहे हैं, वे हमारी जमीन पर कब्जा कर रहे हैं, तो सबसे पहले अमित शाह का सिर काटना चाहिए और मेज पर रखना चाहिए।

### सोशल मीडिया पर उभरे विरोधी स्वर

मोइत्रा के इस बयान से सोशल मीडिया पर बवाल मच गया है, लोग जमकर उनकी आलोचना कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा ये इस तरह से बात कौन करता है तो एक ने लिखा कि 'इन्होंने हद पार कर दी है तो वहीं एक यूजर ने लिखा- इन्हें जेल में बंद करो।

**मराठा आरक्षण को लेकर जरांगे की फिर भूख हड़ताल शुरू**

# सरकार 10 फीसदी आरक्षण दे या गोली मरवा दे

एजेंसी ▶▶ मुंबई

**जालना जिले के अपने गांव से मार्च शुरू कर आजाद मैदान पहुंचे**


मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जरांगे( 43) की मुंबई में भूख हड़ताल शुरू हो गई है। जरांगे शुक्रवार सुबह मुंबई के आजाद मैदान पहुंचे, जहां मराठा आरक्षण की मांग को लेकर जरांगे और उनके समर्थक एक दिवसीय भूख हड़ताल की। सैकड़ों वाहनों के काफिले के साथ मनोज जरांगे ने बुधवार को जालना जिले के अपने गांव से मार्च शुरू किया था। शुक्रवार को मुंबई में समर्थकों ने उनका स्वागत किया। इसके पहले जालना पुलिस ने 40 शर्तें लगाने के बाद उन्हें मार्च जारी रखने की अनुमति दी थी, जिसमें उन्हें कानून-व्यवस्था बनाए रखने, वाहनों की आवाजाही में बाधा न डालने और आपत्तिजनक नारे लगाने से बचने का निर्देश भी था।



**मराठाओं को कुनबी के रूप में मान्यता दें**

जरांगे अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी के तहत मराठा समुदाय के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण की मांग कर रहे हैं। जरांगे ने कहा है कि उनके समर्थक शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन करेंगे और गणेश उत्सव में कोई बाधा नहीं डालेंगे। जरांगे की मांग है कि सभी मराठों को कुनबी के रूप में मान्यता दी जाए। कुनबी एक कृषक वर्ग से जुड़ी जाति है, जो ओबीसी श्रेणी में शामिल है।

**समाधान ढूंढने चर्चा कर रहा पैनल**



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि सरकार की कैबिनेट उपसमिति इस मुद्दे पर गंभीर चर्चा कर रही है और समाधान पूरी तरह संवैधानिक और कानूनी दायरे में ही निकाला जाएगा। इस पर सीएम फडणवीस ने कहा कि पुलिस इस पर सकारात्मक विचार करेगी। कैबिनेट उपसमिति को मराठा समाज से जुड़े मुद्दों पर बातचीत का अधिकार है।

**जरांगे से तुरंत बातचीत करे सरकार**

### वे आंदोलनकारी आतंकवादी नहीं



शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा कि सरकार को जरांगे से तुरंत बातचीत करनी चाहिए और उनके समुदाय को न्याय दिलाना चाहिए। जरांगे नेआजाद मैदान में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू की और समुदाय की मांगें पूरी होने तक वहां से न हटने का संकल्प लिया। ठाकरे ने कहा कि आंदोलनकारियों को न्याय मांगने के लिए मुंबई तक मार्च करने के लिए मजबूर होना पड़ा। सरकार को जरांगे से तुरंत बातचीत करनी चाहिए।

**उदयपुर की रहने वाली है महिला**

## 55 की उम्र में 17वें बच्चे को जन्म, प्रशासन में मचा हड़कंप

एजेंसी ▶▶ उदयपुर



दक्षिणी राजस्थान में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां उदयपुर जिले के झाड़ोल गांव की एक 55 साल की महिला ने 17वें बच्चे को जन्म दिया है। राजस्थान स्वास्थ्य विभाग ने जनसंख्या नियंत्रण से जुड़ी समस्याओं की जांच शुरू कर दी है।इस मामले ने स्वास्थ्य अधिकारियों के सामने, आदिवासी इलाकों में उच्च प्रजनन दर को नियंत्रित करने में चुनौतियों को उजागर किया है। झाड़ोल की रहने वाली रेखा कालबेलिया ने एक स्थानीय अस्पताल में 17वें बच्चे को जन्म दिया, जिससे उसके परिवार में अब 24 सदस्य हो गए। महिला का सबसे बड़ा बेटा 35 साल का है, जिसकी शादी हो चुकी है और उसके भी बच्चे हैं। ऐसे में महिला को पोते पोतियों ने बधाई दी। हालांकि परिवार अभी आर्थिक तंगी से जूझ रहा है और रहने का ठिकाना भी नहीं है। 11 बच्चे ही जिंदा बचे।



## उत्तराखंड में मौसम का कहर जारी

# रुद्रप्रयाग-चमोली-टिहरी में फटा बादल, बागेश्वर में 2 महिलाओं की मौत, कई लापता, व्यापक नुकसान

एजेंसी ▶▶ बागेश्वर

उत्तराखंड में अलग-अलग जगहों पर बादल फटने की घटनाएं सामने आई हैं। बागेश्वर जिले के पौंसारी गांव में शुक्रवार को बादल फटने से काफी नुकसान हुआ है। इस दौरान एक घर भूस्खलन की चपेट में आने से दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि तीन लोग अभी भी लापता है। गांव में राहत बचाव कार्य जारी है। दो महिलाओं के बरामद शव बसंती देवी और बछुली देवी के बताए जा रहे हैं। तीन पुरुष रमेश चंद्र जोशी, गिरीश चंद्र और पूरन चंद्र लापता हैं। वहीं गुरुवार रात को चमोली जिले के तहसील देवाल के मोपाटा में भी बादल फटा है। मोपाटा में रहने वाले तारा सिंह और उनकी पत्नी लापता बताए जा रहे हैं। जबकि विक्रम सिंह और उनकी पत्नी घायल हुए हैं। इनके गोशाला में 15 से 20 जानवर भी मलबे में दबने की सूचना है।

**पिथौरागढ़ चंपावत जिले और चमोली में स्कूल बंद**

**रुद्रप्रयाग जिले में बादल फटने के बाद एसडीआरएफ की टीम बचाव कार्य में जुटी**

### रुद्रप्रयाग में एक महिला की मौत, 20 लापता

टिहरी के भिलंगना ब्लॉक के गेंवाली गांव पर भी बादल फटा है। यहां किसी भी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है। रुद्रप्रयाग में बादल फटने से जखोली ब्लॉक के छेनागाड़, बांगर सहित कई जगहों पर अतिवृष्टि से व्यापक नुकसान हुआ है। कृषि भूमि, पेयजल लाइन, विद्युत लाइनों को नुकसान पहुंचा है। रुद्रप्रयाग जिले के टेंडवाल गांव में मलबे में दबने से एक महिला की मौत हो गई। जबकि 18 से 20 लोग यहां लापता बताए जा रहे हैं।



### राहत कार्यों में तेजी लाएं: सीएम धामी

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में आयोजित आपदा प्रबंधन की उच्चस्तरीय बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रभावित क्षेत्रों में सभी मूलभूत सुविधाएं शीघ्र उपलब्ध कराई जाएं। सड़क, विद्युत एवं पेयजल आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में उन्हें तत्काल सुचारू किया जाए। उन्होंने वर्चुअल माध्यम से रुद्रप्रयाग, चमोली और टिहरी के जिलाधिकारियों से बादल फटने की घटनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा राहत एवं बचाव कार्यों में और तेजी लाने के निर्देश दिए।



### नगरोटा ब्रिज नदी में समाया

जम्मू-कश्मीर के नगरोटा में तवी नदी पर बना ब्रिज पानी में समा गया। इस पुल के पार कई छोटे-छोटे गांव हैं और वहां पीहर देवता नामक धार्मिक स्थल है।

**कटड़ा में जारी है आफत की बारिश**

### वैष्णो देवी के चौथे दिन दर्शन बंद

जम्मू-कश्मीर में वैष्णो देवी यात्रा मार्ग पर हुए दर्दनाक भूस्खलन के चार दिन बाद भी हालात सामान्य नहीं हो पाए हैं। शुक्रवार को कटरा और त्रिकुटा की पहाड़ियों पर एक बार फिर मूसलाधार बारिश शुरू हो गई, जिसके चलते श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने यात्रा पर लगी रोक को अगले आदेश तक जारी रखने का फैसला किया है।



**30-31 अगस्त को रद्द की गई 47 ट्रेनें**

भारी बारिश और भूस्खलन के कारण सिर्फ यात्रा मार्ग ही नहीं, बल्कि जम्मू तक पहुंचने वाले रेल नेटवर्क पर भी बहुत बुरा असर पड़ा है। कठुआ और माधोपुर (पंजाब) के बीच एक पुल पर पटरियों के खिसकने के कारण, उत्तर रेलवे ने 30 और 31 अगस्त के लिए 47 ट्रेनों को पूरी तरह से रद्द करने का ऐलान किया है। इसके अलावा 2 ट्रेनों को आधे रास्ते में टर्मिनेट किया।

**होटल वालों का मुफ्त आवास का ऐलान**

*कटरा के स्थानीय होटल एसोसिएशन ने फंसे हुए सभी तीर्थयात्रियों के लिए मुफ्त आवास की घोषणा की है। एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश वजीर ने कहा कि हम उन परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया। हम उनके साथ हैं। यात्रा के निलंबन के कारण फंसे तीर्थयात्री कटरा के होटलों में मुफ्त आवास का लाभ उठा सकते हैं।*

## खबर संक्षेप

### थाईलैंड की पीएम शिनावात्रा बर्खास्त

**बैंकॉक।** कंबोडियाई नेता के साथ फोन पर समझौता करने के आरोप में थाईलैंड की सांविधानिक



अदालत ने पीएम पैतोंगतार्न शिनावात्रा को पद से बर्खास्त कर दिया है। शिनावात्रा पर नैतिकता संबंधी सांविधानिक नियमों के उल्लंघन का आरोप है। बता दें, इन आरोपों में थाईलैंड की सांविधानिक अदालत ने जुलाई में पद से निलंबित कर दिया था और उनकी जगह उप-पीएम फुमथम वेचायाचाई को पीएम पद की जिम्मेदारी सौंपी थी।

### पटेल आईएमएफ के कार्यवाहक निदेशक बने

**नई दिल्ली।** आरबीआई के पूर्व गवर्नर उर्जित पटेल को इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड (आईएमएफ) में



कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया गया है। वे अगले तीन साल तक इस पद पर रहेंगे। उर्जित पटेल 2016 में आरबीआई के 24वें गवर्नर बने थे, उन्होंने रघुराम राजन की जगह ली थी। लेकिन 2018 में निजी कारणों से उन्होंने इस्तीफा दे दिया था। पटेल को भारत की नई इन्फ्लेशन टारगेटिंग फ्रेमवर्क को बनाने वाला माना जाता है।

### पूर्व बैंकर गुप्ता सिंगापुर में सदस्य नियुक्त

**सिंगापुर।** भारतीय मूल के बैंकर पीयूष गुप्ता को सिंगापुर में 'काउंसिल ऑफ प्रेसिडेंशियल



एडवाइजर्स' का वैकल्पिक सदस्य नियुक्त किया गया है। राष्ट्रपति थर्मन षणमुगरत्नम ने प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग की सलाह पर यह नियुक्ति की। मेरठ में जन्मे और अब सिंगापुर के नागरिक 65 वर्षीय गुप्ता ने दिल्ली विश्वविद्यालय के सेंट स्टीफन कॉलेज से अर्थशास्त्र में स्नातक किया और आईआईएम, अहमदाबाद से प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्राप्त किया।

## जापान यात्रा के दौरान पीएम मोदी ने प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष के साथ की बैठक

**भारत और जापान के बीच मजबूत और दोस्ताना रिश्तों पर चर्चा की**

# तमाम क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर दिया जोर

*संसदीय आदान-प्रदान, मानव संसाधन विकास, अर्थव्यवस्था, एआई पर देंगे ध्यान*

एजेंसी ▶▶ टोक्यो

पीएम नरेंद्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर जापान में हैं। पीएम मोदी ने अपनी यात्रा के पहले दिन जापान के प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष नुकागा फुकुशिरो और जापानी सांसदों के एक समूह के साथ एक बैठक की। इस दौरान उनके बीच भारत और जापान के बीच मजबूत और मैत्रीपूर्ण संबंधों पर चर्चा हुई। पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि स्पीकर फुकुशिरो नुकागा और जापान के सांसदों के एक समूह के साथ मेरी एक शानदार बैठक हुई। हमने भारत और जापान के बीच मजबूत और दोस्ताना रिश्तों पर चर्चा की। इस दौरान संसदीय आदान-प्रदान, मानव संसाधन विकास, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य, मोबिलिटी पार्टनरशिप, एआई, विज्ञान और तकनीक जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग पर विशेष ध्यान दिया गया।

**'मोदी-मोदी', 'भारत माता की जय' के लगे नारे**

**पीएम ने प्रवासी भारतीयों से की मुलाकात**



जापान के प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष नुकागा फुकुशिरो और जापानी सांसदों के एक समूह के साथ एक बैठक की।

### पीएम ने सभी का हाल-चाल जाना



*पीएम नरेंद्र मोदी ने जापान की राजधानी टोक्यो के इंपीरियल होटल में भारतीय मूल के नागरिकों से मुलाकात की। लोगों में पीएम मोदी से मिलने की खुशी और उत्साह साफ दिख रही थी। इस दौरान लोगों ने 'मोदी-मोदी', 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के नारे लगाए। पीएम के आगमन के बाद पूरा होटल मोदी-मोदी के नारों से गूंज उठा। सभी लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर पीएम के सम्मान में नारे लगाए। एनआरआई जिस राज्य से वास्ता रखते हैं, उस राज्य की भाषा में पीएम मोदी का अभिवादन करते हुए दिखे। इस बीच लोगों ने उत्साह में आकर 'हर-हर मोदी, घर-घर मोदी' जैसे नारे भी लगाए। पीएम ने भी सभी का अभिवादन स्वीकार किया और उनका हाल-चाल भी जाना।*

**बौद्ध धर्म का प्रतीक**

### दारुमा मंदिर के पुजारी ने भेंट की 'दारुमा' गुड़िया



*पीएम नरेंद्र मोदी ने दारुमा-जी मंदिर के मुख्य पुजारी रेव सीशी हिरोसे से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पीएम मोदी को एक 'दारुमा' गुड़िया भेंट की। दारुमा गुड़िया जापान का एक खास सांस्कृतिक प्रतीक और यादगार चिन्ह है, जो बौद्ध धर्म के जेन संप्रदाय के संस्थापक बोधिधर्म (दारुमा दैशी) पर आधारित है। यह गुड़िया दृढ़ता और सौभाग्य का प्रतीक मानी जाती है। इसका उपयोग लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें प्राप्त करने के लिए किया जाता है। 'दारुमा' गुड़िया भारत के कांचीपुरम से आए बौद्ध भिक्षु बोधिधर्म पर आधारित है। ऐसा माना जाता है कि बोधिधर्म ने नौ साल तक लगातार दीवार की ओर मुख करके ध्यान किया था, जिसमें उनके हाथ-पैर सिकुड़े हुए थे। यही कारण है कि दारुमा गुड़िया का आकार गोल और बिना हाथ-पैर तथा आंखों वाला है।*

## ट्रंप के सलाहकार नवारो के बिगड़े बोल

# भारत पर टैरिफ लगाकर हम रूस की लाइफलाइन काट रहे

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो अपनी बयानबाजी से बाज नहीं आ रहे हैं और लगातार भारत पर हमला बोलते हुए 50 प्रतिशत टैरिफ को जायज ठहरा रहे हैं। पपीटर नवारो ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि राष्ट्रपति ट्रंप का भारत से आने वाले सामान पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने का फैसला लागू हो गया है। यह रूसी राष्ट्रपति पुतिन की वॉर मशीन की लाइफलाइन काटने जैसा है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी उपभोक्ता ऊंची टैरिफ दरों के बावजूद भारतीय सामान खरीद रहे हैं। वहीं भारत उसी डॉलर का इस्तेमाल कर रूस से कच्चा तेल खरीद रहा है। भारत पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि 'भारतीय रिफाइनरीज, अपने रूसी सहयोगियों के साथ मिलकर कच्चे तेल को रिफाइन करके फिर से ब्लैक मार्किट में बेचकर तगड़ा मुनाफा कमा रही हैं। इससे रूस की जेब में नकदी आ रही है, जो यूक्रेन युद्ध में रूस को वित्तपोषित कर रही है।



### तेल आयात 30 प्रतिशत हुआ

नवारो ने लिखा कि यूक्रेन युद्ध से पहले भारत, रूस से एक प्रतिशत से भी कम कच्चे तेल का आयात करता था, आज वह आयात बढ़कर 30 प्रतिशत से ज्यादा हो गया है, जो करीब 15 लाख बैरल प्रतिदिन है। भारत की बड़ी तेल कंपनियों ने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को रिफाइनिंग हब में बदल दिया है, जो रूस के लिए तेल से पैसा कमाने का जरिया बन गई हैं। भारतीय रिफाइनरी रूस से सस्ता तेल खरीद कर उसे यूरोप, अफ्रीका और एशियाई देशों को निर्यात कर रही हैं और निष्पक्षता के नाम पर प्रतिबंधों से भी बच रही हैं। भारत रूस के कच्चे तेल को रिफाइन करके हर दिन 10 लाख बैरल रिफाइन पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात करता है।

### रूस ने ड्रोन से यूक्रेन का जहाज डुबोया

रूस के रक्षा मंत्रालय ने यूक्रेनी नौसेना के टोही जहाज सिम्फरोपोल को समुद्री ड्रोन हमले में डूबा दिया है। सिम्फरोपोल जहाज रेडियो, रडार और ऑप्टिकल टोही के लिए डिजाइन किया गया एक मध्यम आकार का लगुना श्रेणी का जहाज था। सिम्फरोपोल को 2019 में लॉन्च किया गया था और यह यूक्रेन का 2014 के बाद सबसे बड़ा नौसेना जहाज था। रूस के रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार, 28 अगस्त को घोषणा की कि उसने यूक्रेनी नौसेना के टोही जहाज सिम्फरोपोल को समुद्री ड्रोन (नेवल ड्रोन) के एक हमले में उड़ा दिया गया है, यह जहाज अब समुंद्र के पानी के अंदर डूब गया है।

## इजराइल का दावा

# गाजा सिटी 'खतरनाक युद्ध क्षेत्र' मानवीय सहायता पर लगाई रोक

एजेंसी ▶▶ गाजा सिटी

इजराइल की सेना ने शुक्रवार को गाजा सिटी को 'खतरनाक युद्ध क्षेत्र' बताते हुए कहा कि वह शहर में मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए दी गई दोपहर तक की छूट को भी हटा रही है। यह शहर उन जगहों में से एक है जहां इज़राइल ने पिछले महीने सुबह 10 बजे से रात आठ बजे तक भोजन और सहायता सामग्री पहुंचाने के लिए लड़ाई रोक दी थी। गाजा सिटी, दीर अल-बलाह और मुवासी में 'रणनीतिक रोक' लागू रही। इन तीन जगहों पर लाखों विस्थापित लोग शरण लिए हुए हैं।



यह बदलाव ऐसे समय आया है जब इजराइल अपनी कार्रवाई का दायरा बढ़ाने की तैयारी कर रहा है और गाजा सिटी पर कब्जा करने के लिए हजारों सैनिकों को तैनात कर रहा है। इजराइल की सेना ने यह नहीं बताया कि उसने दिन में युद्ध शुरू करने की योजना के बारे में निवासियों या सहायता समूहों को सूचित किया है या नहीं। इजराइल ने पहले भी कहा है कि गाजा सिटी हमास का गढ़ है।

## अफगानिस्तान का बड़ा आरोप

# पूर्वी प्रांतों पर हवाई हमलों के लिए पाकिस्तान ही जिम्मेदार

एजेंसी ▶▶ काबुल

अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने पड़ोसी देश पाकिस्तान पर दो पूर्वी प्रांतों में हवाई हमले करने का आरोप लगाया है जिसमें कम से कम तीन लोग मारे गए, सात अन्य घायल हो गए और मकानों को नुकसान पहुंचा। प्रत्यक्षदर्शियों ने इन हमलों में लोगों की मौत की जानकारी दी है। काबुल में विदेश मंत्रालय ने बुधवार देर रात नांगरहार और खोस्त प्रांतों में हुए हमलों की निंदा की और इसे पाकिस्तान की ओर से एक 'उकसाने वाली कार्रवाई' बताया। मंत्रालय ने गुरुवार को काबुल में पाकिस्तानी राजदूत को तलब किया। अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने भी हमलों की निंदा की। तालिबान के मुख्य प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद ने 'एक्स' पर लिखा कि इस तरह की बर्बर और क्रूर कार्रवाइयों से किसी भी पक्ष को फ़ायदा नहीं होता, बल्कि ये दोनों मुस्लिम देशों के बीच दूरियां बढ़ाती हैं और नफरत को बढ़ावा देती हैं। इन गैर-जिम्मेदाराना गतिविधियों के गंभीर परिणाम होंगे।



## पोलैंड में एफ-16 विमान क्रैश, पायलट की मौत



**वारसॉ।** पोलैंड में होने वाले रादोम एयरशो से पहले वायुसेना का एक एफ-16 फाइटर जेट रिहर्सल के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें पायलट की मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ, जब फाइटर जेट एक मुश्किल हवाई करतब का अभ्यास कर रहा था। हादसे से रनवे को भी भारी नुकसान पहुंचा है। हादसे के बाद रादोम एयरशो रद्द कर दिया गया है।

**केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल बोले**

# 2025 में भारत का 'निर्यात' पिछले साल से अधिक रहेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि इस वर्ष भारत का निर्यात पिछले वर्ष की तुलना में अधिक रहेगा, जो घरेलू उद्योग की बढ़ती प्रतिस्पर्धात्मकता और मजबूती को दर्शाता है। साथ ही सरकार नए अवसरों को खोलने के लिए दुनिया भर के साझेदार देशों से संपर्क कर रही है। 'भारत बिल्डकॉन 2026' कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विकसित देशों के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) होने से भारत का नेटवर्क बढ़ रहा है।

भारत ने अभी तक ऑस्ट्रेलिया, यूएई, स्विट्जरलैंड, नॉर्वे, लिकटेंस्टीन, आइसलैंड और यूके के साथ एफटीए किया है और यूरोपीय यूनियन (ईयू) के साथ इस पर चर्चा चल रही है। इन एग्रीमेंट्स से भारतीय कंपनियों के लिए निर्माण, स्टील और उससे जुड़े सेक्टर में मौके खुल रहे हैं।

### व्यापार विस्तार के लिए तैयार कई देश



मंत्री गोयल ने कहा कि कई विकसित देश भारत के साथ व्यापार संबंधों का विस्तार करने के इच्छुक हैं। सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि उद्योग जगत को कुछ देशों की एकतरफा कार्रवाइयों से उत्पन्न अनावश्यक तनाव या कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

### इस्पात निर्यात बढ़ाए भारत

गोयल ने कहा कि भारत सालाना 15 मिलियन टन इस्पात का निर्यात कर सकता है, जिससे उच्च गुणवत्ता वाले, प्रतिस्पर्धी मूल्य वाले उत्पादों के साथ उसका निर्यात क्षेत्र मजबूत हो सकता है। देश 'विकसित भारत 2047' की ओर अग्रसर है। इस कारण 'भारत बिल्डकॉन 2026' देश की ताकत, इनोवेशन, मजबूती और प्रतिस्पर्धात्मकता को प्रदर्शित करेगा।

## अगले चार दशक में मंगल ग्रह पर उतरेगा इसरो

# इंसानों को बसाएगा, 3डी प्रिंटेड घर, कई योजनाएं शामिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने आने वाले 40 वर्षों के लिए बेहद महत्वाकांक्षी खाका तैयार किया है।

इस रोडमैप में मंगल ग्रह पर 3डी प्रिंटेड घर बनाना, इंसानों को मंगल पर उतारना, चांद पर खनन करना और वहां इंसानी ठिकाना बनाना जैसी बड़ी योजनाएं शामिल हैं। यह रोडमैप पूरे देशभर में किए गए विचार-विमर्श के बाद तैयार किया गया है और हाल ही में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के मौके पर इसे अंतिम रूप दिया गया।




### चांद पर ठिकाना और खनन की योजना

इसरो के रोडमैप के मुताबिक, भारत का लक्ष्य है कि वर्ष 2047 तक चांद पर एक क्रू स्टेशन यानी इंसानों के रहने और काम करने लायक ठिकाना बनाया जाए। यहां खनिज और संसाधनों की खुदाई होगी। चांद की सतह पर चलने वाले मानवयुक्त वाहन काम करेंगे। चांद पर ही ईंधन भंडारण केंद्र बनाए जाएंगे, ताकि दूर ग्रहों की यात्राओं और चांद पर लंबे समय तक रुकने के लिए मदद मिल सके।

### मंगल ग्रह पर नजर

इसरो की योजना है कि अगले चार दशकों में मंगल पर इंसानों को भेजा जाए और वहां 3डी प्रिंटेड घरों में इंसानों का ठिकाना बनाया जाए। यह काम चरणबद्ध तरीके से होगा। पहले मंगल पर उतरने की तैयारी होगी, उसके बाद लंबी अवधि तक ठहरने योग्य बुनियादी ढांचा बनाया जाएगा।

### नया रॉकेट बनाने की तैयारी कर रहा इसरो

*अभी तक इसरो का सबसे ताकतवर रॉकेट जीएसएलवी मार्क-थ्री है, जो 4 टन तक का पेलोड भू-स्थिर कक्षा (जीटीओ) में और करीब 8 टन तक का पेलोड निचली पृथ्वी की कक्षा (एलईओ) में ले जा सकता है। लेकिन भविष्य के लिए इसरो बहुत बड़ी छलांग की तैयारी कर रहा है। इसरो की तरफ से चंद्र मॉड्यूल प्रक्षेपण यान (एलएमएलवी) नाम का नया रॉकेट बनाया जा रहा है। यह 119 मीटर ऊंचा होगा (करीब 40 मंजिला इमारत जितना)। इसमें इतनी क्षमता होगी कि यह 80 टन तक का पेलोड निचली पृथ्वी की कक्षा में और 27 टन तक का पेलोड चांद की कक्षा में ले जा सकेगा। यह रॉकेट 2035 तक तैयार होने की उम्मीद है और इसी से भारत पहली बार वर्ष 2040 तक इंसानों को चांद पर भेजेगा।*

### तिलवारा पुलिस को मिली सफलता, चांदी के मुकुट, पादुका, छत्र व हार बरामद

# पुजारी का भेष धरकर मंदिरों से करते थे चोरी, तीन गिरफ्तार

हरिभूमि, जबलपुर।

धार्मिक आस्था के केंद्र बने मंदिर भी अब चोरों के निशाने पर आ रहे हैं। शहपुरा और तिलवारा इलाके के मंदिरों से चांदी के मुकुट, पादुका, छत्र और हार चोरी करने वाले दो शातिर बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही चोरी का सामान खरीदने वाले एक आरोपी को भी दबोच लिया गया। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी का सारा सामान और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त कर ली है।

## पुजारी का वेश बनाकर करते थे रैकी

गिरफ्तार आरोपियों में 40 वर्षीय छत्रपाल सिंह ठाकुर और 30 वर्षीय चुन्नु लाल दाहिया शामिल हैं, जो गंगानगर के लाल बिल्डिंग इलाके में किराये के मकान में रहते थे। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे मंदिरों में पुजारी का भेष धारण कर पहले रैकी करते और फिर मौका देखकर चोरी को अंजाम देते थे। चोरी का माल वह 48 वर्षीय विजय सोनी निवासी पान उमरिया, कटनी को बेचते थे। पुलिस ने विजय को भी गिरफ्तार कर लिया है।






## शहपुरा थाना परिसर समेत दो बने निशाना

22 अगस्त को तिलवारा थाना क्षेत्र स्थित त्रिशूल भेद आई तुलजा भवानी मंदिर से चांदी का मुकुट और चरण पादुका चोरी हुई थी, जिसकी कीमत लगभग 55 हजार रुपये थी। वहीं 23 अगस्त को शहपुरा थाना परिसर में बने जगदंबा मंदिर से चांदी का छत्र, मुकुट और हार चोरी कर ले जाए गए। दोनों मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोरों पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की थी।

## पुलिस की सक्रियता से सफलता

पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर चलाए जा रहे अपराधियों की धरपकड़ अभियान में यह बड़ी सफलता मानी जा रही है। इस कार्रवाई में एएसपी पल्लवी शुक्ला, सीएसपी आशीष जैन के मार्गदर्शन और टीआई ब्रजेश मिश्रा के नेतृत्व में एसआई अभिषेक कैथवास, प्रधान आरक्षक सतीश शुक्ला, जयशंकर चौहान एवं आरक्षक राजेश गुप्ता की सराहनीय भूमिका रही।

## सीसीटीवी और मुखबिर से खुला राज

तिलवारा टीआई बृजेश मिश्रा की अगुवाई में गठित पुलिस टीम ने घटनास्थलों के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबिरों को लगाया। मुखबिर से मिली पुख्ता सूचना पर लाल बिल्डिंग गंगानगर में दबिश दी गई, जहां से दोनों मुख्य आरोपी पकड़े गए। उनकी निशानदेही पर चोरी का सामान और मोटरसाइकिल एमपी 20 एमके 4333 जब्त की गई।

### 190 वाहन चालकों पर कार्रवाई, 83 हजार का जुर्माना वसूला

# फ्लाई ओवर पर रील्स बनाना पड़ा भारी



हरिभूमि, जबलपुर। प्रदेश के सबसे बड़े और अत्याधुनिक मदनमहल–दमोहनाका फ्लाईओवर के उद्घाटन के बाद बड़ी संख्या में लोगों द्वारा फ्लाईओवर पर सेल्फी लेने और सोशल मीडिया हेतु रील्स बनाने की गतिविधियां सामने आईं। कई मामलों में यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए यह कृत्य किए गए, जिससे न केवल उनकी अपनी सुरक्षा खतरे में पड़ी बल्कि अन्य वाहन चालकों को भी असुविधा हुई।

इस पर संज्ञान लेते हुए पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय के निर्देश पर एएसपी यातायात अंजना तिवारी के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस ने फ्लाईओवर पर विशेष निगरानी अभियान चलाया। नियमित पेट्रोलिंग और सीसीटीवी कैमरों की मदद से नियम तोड़ने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई।

## कार्रवाई के साथ दी सख्त हिदायत

पुलिस ने कुल 190 वाहन चालकों/मालिकों पर चालानी कार्रवाई की गई जिनसे 83 हजार समन शुल्क राशि वसूल की गई। इतना ही नहीं कई लोगों को मौके पर चेतावनी देकर जागरूक भी किया गया। वहीं मदन महल टीआई संगीता सिंह की अगुवाई में देर शाम पुलिस टीम ने पैदल मार्च किया गया।

## पुलिस की सख्त अपील

यातायात पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि फ्लाईओवर का उपयोग केवल यातायात और आवागमन के लिए करें। किसी भी प्रकार की सोशल मीडिया गतिविधि (वीडियो शूटिंग, रील्स, सेल्फी) करना सख्त वर्जित है। यातायात नियमों का पालन कर स्वयं और दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

### पुलिस ने फ्लैग मार्च निकालकर दिया संदेश, नागरिक निश्चिंत रहें, असामाजिक तत्व बख्शे नहीं जाएंगे

# गणेश उत्सव व ईद मिलादुन्नबी पर सख्त पहरा

हरिभूमि, जबलपुर।

संस्कारधानी में गणेश उत्सव और ईद मिलादुन्नवी पर्व शांति और सौहार्द्र के माहौल में सम्पन्न हों, इसके लिए पुलिस प्रशासन ने मोर्चा संभाल लिया है। पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर शुक्रवार को संवेदनशील क्षेत्रों और जुलूस मार्गों पर फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व एएसपी सिटी/क्राइम जितेन्द्र सिंह ने किया। इस दौरान सीएसपी गोहलपुर मधुर पटेरिया, टीआई गोहलपुर रीतेश पाण्डेय, टीआई हनुमानताल धीरज राज, टीआई घमापुर प्रतीक्षा मार्को, टीआई कोतवाली मानस द्विवेदी, टीआई लार्डगंज नवल सिंह आर्य अपने-अपने बल के साथ मौजूद रहे।

## इन इलाकों से गुजरा फ्लैग मार्च

फ्लैग मार्च थाना हनुमानताल से प्रारंभ होकर भानतलैया, कसाई मंडी, बहौराबाग, चारखंभा, गोहलपुर तिराहा, मछली मार्केट, बड़ा फुहारा, लार्डगंज थाने के सामने से होता हुआ अंजुमन इस्लामिया स्कूल के पास समाप्त हुआ।



**पर्व शांति से मनाए, सुरक्षा पुख्ता रहेगी- कप्तान**

पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय ने शहरवासियों को पर्वों की शुभकामनाएं देते हुए कहा फ्लैग मार्च का उद्देश्य नागरिकों में सुरक्षा की भावना पैदा करना है। जबलपुर पुलिस पूरी तरह सतर्क है। कोई भी असामाजिक तत्व अगर माहौल बिगाड़ने का प्रयास करेगा तो उसके विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई होगी। नागरिक निश्चिंत रहें, पुलिस हर वक्त उनकी सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

### पूर्व मंत्री ने किया कन्या छात्रावास का निरीक्षण, कलेक्टर से की व्यवस्थाओं की मांग

# साफ-सफाई, सुरक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं में दिखी भारी लापरवाही

हरिभूमि, जबलपुर।

गौर कटियाघाट स्थित आदिवासी कन्या छात्रावास में करीब 100 बच्चियां कक्षा पहली से बारहवीं तक अध्ययनरत हैं। शुक्रवार पूर्व मंत्री कौशल्या गोटिया ने सहयोगियों के साथ छात्रावास का निरीक्षण किया जिसमें गंभीर लापरवाहियां सामने आईं। निरीक्षण के दौरान कई बच्चियां वायरल बुखार से पीड़ित पाई गईं, जिनका इलाज छात्रावास से बाहर कराया जा रहा था। जांच में सामने आया कि छात्रावास में साफ-सफाई नहीं है, किचन और बाथरूम से बदबू आ रही थी, नालियों में सड़ा खाना पड़ा था और बिस्तरों से सीलन व दुर्गंध फैल रही थी। गोटिया ने कहा कि यही बच्चियों के बीमार होने का मुख्य कारण है। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारियों का समय-समय पर निरीक्षण नहीं होना, सुरक्षा व्यवस्था की कमी, और छात्रावास में पुरुष कर्मचारियों की मौजूदगी गंभीर खतरा है। एकांत व कमजोर सुरक्षा के चलते किसी बड़ी घटना की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता। गोटिया ने कलेक्टर से मांग की है कि छात्रावासों में स्थानीय स्तर पर ही स्वास्थ्य जांच और दवाइयों का वितरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, सभी कन्या छात्रावासों की व्यवस्था सुधारने के लिए तत्काल कदम उठाए जाए। इस मौके पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेश सोनकर, समाजसेवी गोपाल हुंका सहित कई सहयोगी मौजूद रहे।



# कहा- क्रीमी लेयर पर सभी दल साधे है चुप्पी, सब तरफ हो रही सिर्फ वोटों की राजनीति

**ब्राह्मण महासभा ने कहा 27% आरक्षण पर सहमति अलोकतांत्रिक**

हरिभूमि, जबलपुर। मध्य प्रदेश प्रगतिशील ब्राह्मण महासभा ने सरकार और प्रमुख विपक्ष द्वारा 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण पर सहमति को लोकतंत्र और संविधान पर सीधा प्रहार बताया है। महासभा के सह-संयोजक एडवोकेट असीम त्रिवेदी ने कहा कि यह फैसला संवैधानिक मानकों पर नहीं, बल्कि वोटों की अंकगणित पर आधारित है। जब मामला सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है, तब संवैधानिक समाधान की प्रतीक्षा करनी चाहिए थी। महासभा ने विप्र समाज के विधायकों पर भी कटाक्ष किया कि चुनाव में वे ब्राह्मण होने का हवाला देकर वोट मांगते हैं, लेकिन समाजहित के मुद्दों पर मौन साध लेते हैं। वक्तव्य में सबसे बड़ी चिंता क्रीमी लेयर की अनदेखी पर जताई गई। त्रिवेदी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने इंदिरा साहनी मामले में स्पष्ट निर्देश दिए थे कि समय-समय पर आयोग बनाकर आरक्षण की समीक्षा हो और क्रीमी लेयर की छंटनी की जाए, ताकि वास्तविक जरूरतमंदों तक लाभ पहुंचे। लेकिन सरकार और दल इस मुद्दे पर पूरी तरह उदासीन हैं। महासभा ने मांग की कि जातीय जनगणना में परिवार के सरकारी नौकरी में होने का कॉलम जोड़ा जाए, ताकि सही पहचान के बाद क्रीमी लेयर को अलग किया जा सके। वक्तव्य में चेतावनी दी गई कि संविधान से ऊपर राजनीतिक समीकरण थोपना लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए खतरनाक है।

### सीजीएम सम्पदा सराफ ने किया सीटीआई का निरीक्षण, कर्मचारियों के कौशल विकास हेतु दिए दिशा निर्देश

# आधुनिक तकनीकों को जोड़े जाने पर दिया जोर

हरिभूमि, जबलपुर।

मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड की मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) श्रीमती सम्पदा सराफ ने शुक्रवार को नया गांव स्थित केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान (सीटीआई) का निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य प्रशिक्षण गतिविधियों की गुणवत्ता, व्यवस्थाओं तथा संस्थान में उपलब्ध संसाधनों की समीक्षा करना था।

## प्रशिक्षण कार्यप्रणाली की सराहना

निरीक्षण के दौरान सीजीएम श्रीमती सराफ ने प्रशिक्षण कार्यक्रमों की रूपरेखा, प्रशिक्षणार्थियों की सहभागिता और उपलब्ध संसाधनों का गहन अवलोकन किया। उन्होंने प्रशिक्षण कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि सीटीआई कंपनी के मानव संसाधन विकास का प्रमुख केंद्र है और यह कर्मचारियों की दक्षता बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रहा है।



## बढ़ाई जाए सत्रों की संख्या

सीजीएम श्रीमती सराफ ने निर्देश दिए कि कर्मचारियों को समय अनुसार व्यावसायिक और तकनीकी प्रशिक्षण सत्रों की संख्या बढ़ाई जाए, ताकि वे नई चुनौतियों का सामना बेहतर तरीके से कर सकें। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण पद्धति को और उन्नत बनाया जाए। इसके तहत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), मशीन लर्निंग, केस स्टडी आधारित शिक्षण पद्धतियां और डिजिटल लर्निंग टूल्स को प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए।

## बदलते समय के साथ नवाचार लाना जरूरी

सीजीएम श्रीमती सराफ ने कहा कि बदलते समय के साथ कंपनी को अपनी कार्यप्रणाली में नवाचार लाना जरूरी है और इसके लिए कर्मचारियों को नवीनतम तकनीकी एवं प्रबंधकीय दक्षताओं से लैस करना सबसे अहम है। यह निरीक्षण न केवल प्रशिक्षण संस्थान की कार्यशैली को नई दिशा देने वाला है, बल्कि कंपनी के मानव संसाधन को और अधिक सक्षम व प्रतिस्पर्धी बनाने की दिशा में भी एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

### बलवा ड्रिल में परखी गई पुलिस की तैयारी, पुलिस कप्तान ने खुद थामा मोर्चा

# टीयर गैस का धुआं, पानी की बौछार के बाद मची भगदड़

हरिभूमि, जबलपुर।

सुबह का वक्त पुलिस लाईन्स का परेड ग्राउंड। अचानक मैदान में कोहराम मच गया हजारों की भीड़ की तरह हल्ला करते नकली दंगाई इधर-उधर दौड़ पड़े। लाठियां हवा में लहराईं, शोर गूंजा और हालात बेकाबू नजर आए। तभी गड़गड़ाहट के साथ वाटर कैनन चला। पानी की तेज धार ने भीड़ को तितर-बितर कर दिया। कुछ ही पलों में टीयर गैस का धुआं फैला और मैदान सन्नाटे में बदल गया। यह कोई असली दंगा नहीं था, बल्कि पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय की मौजूदगी में आयोजित बलवा ड्रिल थी।





## जमीनी हालात का सजीव प्रदर्शन

त्योहारों से पहले आयोजित इस ड्रिल में 108 पुलिस अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। नकली दंगाइयों को काबू में करने के लिए लाठी-डंडा पार्टी, आंसू गैस पार्टी और वाटर कैनन दस्ते ने जमीनी हालात का सजीव प्रदर्शन किया। एंबुलेंस भी मौके पर दौड़ी और घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया जैसे किसी वास्तविक हिंसक घटना में होता है।

## हर परिस्थिति से निपटने रहे तैयार

ड्रिल के बाद कप्तान उपाध्याय ने जवानों को क्रमवार कार्रवाई की बारीकियां समझाईं। भीड़ नियंत्रण, आंसू गैस का इस्तेमाल, वाटर कैनन से खदेड़ना और अंत में लाठी चार्ज। उन्होंने साफ कहा त्यौहार शांति से बीतें, यह हमारी जिम्मेदारी है। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पुलिस पूरी तरह तैयार है।

## जनरल परेड का निरीक्षण कर किया पुरस्कृत

ड्रिल से पहले कप्तान उपाध्याय ने पुलिस लाईन में आयोजित जनरल परेड का निरीक्षण किया। वर्दी और अनुशासन की कसौटी पर खरे उतरने वाले अधिकारियों को उन्होंने मौके पर पुरस्कृत भी किया। इस दौरान एएसपी अंजना तिवारी, एएसपी जितेन्द्र सिंह, एएसपी सूर्यकांत शर्मा, एएसपी पल्लवी शुक्ला, रक्षित निरीक्षक जय प्रकाश आर्य उपस्थित रहे।

# सड़कों में गढ्डे हैं तो बैसाखी लेकर चलो

**एमआईसी सदस्य की टिप्पणी से सदन में हंगामा**

जबलपुर।

नगर निगम की साधारण सभा की बैठक के दूसरे दिन शुक्रवार को हंगामे ने जोर पकड़ लिया। नव-निर्मित फ्लाईओवर और उसके नीचे की सड़कों पर चल रहे कामकाज की गुणवत्ता को लेकर विपक्ष और सत्ता पक्ष आमने-सामने आ गए। बैठक के दौरान कांग्रेस पार्षद मुकीमा अंसारी ने अपने क्षेत्र की सड़कों की बदहाली का मुद्दा उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि फ्लाईओवर तो बना दिया गया, लेकिन फ्लाईओवहर तक ले जाने वाली सड़के बदहाल हैं. नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस पर एमआईसी सदस्य दामोदर सोनी ने जवाब देते हुए कहा— "अगर सड़कें चलने लायक नहीं हैं तो बैसाखी लेकर चलो।"

सोनी की इस टिप्पणी पर कांग्रेस पार्षद भड़क उठे और उन्होंने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। विपक्ष ने इस बयान को आम जनता का अपमान बताते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। देखते ही देखते साधारण सभा का माहौल गरमा गया और बैठक 1 घंटे के लिए ठप हो गई। जिसके बाद बैठक दोपारा शुरु हुई, दामोदर सोनी ने माफी मांगी और बैठक में अन्य विषयों पर चर्चा शुरु हुई।बैठक में पेंशनर्स को महंगाई राहत देने, भूखंडों के आवंटन निरस्तीकरण, लीज नवीनीकरण, महापुरुषों के नाम पर मार्गों का नामकरण आदि विषयों पर चर्चा हुई जिसके बाद बैठक अनिश्चितकाल के लिये स्थगित कर दी गई।

## बैसाखी विवाद से गरमाया माहौल

बैठक में 'बैसाखी लेकर चलो' वाले बयान ने विशेष रूप से बवाल खड़ा कर दिया। कांग्रेस ने इसे असंवेदनशील और नागरिकों की पीड़ा का मजाक बताते हुए विरोध किया। कई बार हंगामे के बीच सदन को शांत कराने की कोशिश की गई, लेकिन विपक्ष लगातार हंगामा करता रहा।

ब्रह्मचारी चैतन्यानन्द जी बोले आद्य शंकराचार्य के अपूर्ण कार्यों को पूर्ण करने अवतरित हुए थे गुरुदेव

# शंकराचार्य स्वरूपानन्द सरस्वती महाराज का 101वां प्राकट्योत्सव मनाया





हरिभूमि, जबलपुर।

सिविक सेंटर, मढ़ाताल स्थित बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ में भाद्रपद शुक्ल तृतीया (तीजा) के अवसर पर मंगलवार को ब्रह्मलीन जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानन्द सरस्वती जी महाराज का 101वां प्राकट्योत्सव महामहोत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीहरिहरेश्वर महादेव के महारुद्राभिषेक से हुई। इसके बाद गणेश पूजन, सहस्त्रार्चन और गुरु पादुका पूजन संपन्न हुआ। ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानन्द जी महाराज के करकमलों से महाआरती की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ प्राप्त किया।

## सनातन संस्कृति के ध्वजवाहक थे गुरुदेव

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्रह्मचारी चैतन्यानन्द जी महाराज ने कहा कि ब्रह्मलीन स्वामी स्वरूपानन्द सरस्वती जी आद्य शंकराचार्य द्वारा प्रवर्तित वैदिक सनातन संस्कृति के ध्वजवाहक थे। वे जीवन भर राष्ट्र और धर्मरक्षण की अनंत ऊर्जा से प्रेरित होकर कार्यरत रहे। उन्होंने कहा महाराजश्री भगवान शिव के सर्वज्ञ अवतार और आद्य शंकराचार्य के अवतार थे, जो उनके अपूर्ण कार्यों को पूर्ण करने अवतरित हुए थे। गुरुदेव 100 वर्ष की आयु में भी सक्रिय रहकर वैदिक संस्कृति और राष्ट्रधर्म का निर्वहन करते रहे और कोटि-कोटि जनों के लिए प्रेरणास्त्रोत बने।


## श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

पादुका पूजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इनमें भारत सिंह यादव, मनीष पाण्डेय, संजय मिश्रा, ठाकुर रामजियन सिंह, मधु यादव, मनोज खरे, वंदना खरे, तुलसी अवस्थी, पीयूष दुबे, वैभव दुबे, अंकित दीक्षित, पुष्पेन्द्र सिंह परिहार, सुनील गुप्ता, गौरव चौबे, चन्द्रशेखर पटेल, मनोज सेन सहित अनेक भक्त शामिल हुए।




# डीएनएलयू में संविधान के 75 वर्ष पर हुआ व्याख्यान

जबलपुर। धर्मशास्त्र राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (DNLU) जबलपुर में 29 अगस्त 2025 को "संविधान के 75 वर्ष" विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति संजय करोल, म.प्र. हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा, न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल और वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ आर. गुप्ता सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। मुख्य भाषण में न्यायमूर्ति करोल ने युवाओं से संवैधानिक मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। न्यायमूर्ति सचदेवा ने कानूनी सहायता और जनहित में युवाओं की भागीदारी पर बल दिया। कुलपति प्रो. (डॉ.) मनोज कुमार सिन्हा ने स्वागत भाषण दिया, और सहायक प्रोफेसर शशांक पाठक ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में सीसीएलजी ब्लॉग का उद्घाटन डॉ. श्रुति नंदवाना की अध्यक्षता में हुआ। संचालन सहायक प्रोफेसर स्वाति सिंह परमार ने किया।



तकनीकी प्रदर्शनी में आकर्षण का केंद्र बनी ट्रांसमिशन कंपनी की प्रस्तुति

# जेनको एमडी ने सराहा एमपी ट्रांसको का स्टॉल

हरिभूमि, जबलपुर।

भोपाल के रविंद्र भवन में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह के अवसर पर ऊर्जा विभाग की विभिन्न कंपनियों द्वारा तकनीकी प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी में मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) का स्टॉल विशेष रूप से चर्चा का विषय बना। प्रदर्शनी का अवलोकन करने पहुंचे मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी (जेनको) के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह और निदेशक तकनीकी मिलिंद भान्दक्कर ने ट्रांसको द्वारा प्रस्तुत किए गए मॉडलों और डिस्प्ले की गई जानकारियों को ध्यान से देखा। मौके पर एमपी ट्रांसको के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने दोनों अधिकारियों को कंपनी की अत्याधुनिक तकनीकों, स्मार्ट ग्रिड और उच्च क्षमता वाले उपकरणों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ट्रांसको लगातार अपने नेटवर्क को सुरक्षित और कुशल बनाने के लिए नई तकनीकों का उपयोग कर रहा है। जेनको एमडी मनजीत सिंह ने स्टॉल की प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि ट्रांसको द्वारा अपनाई गई तकनीकें ऊर्जा क्षेत्र की बढ़ती चुनौतियों का सामना करने में मददगार साबित होगा।

# सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा वित्तीय समावेशन शिविर आयोजित




**बरेला।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा 29 अगस्त 2025 को ग्राम देवरी (पटापार), बरेला में वित्तीय समावेशन शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर **RBI** एवं **DFS** द्वारा चलाए जा रहे वित्तीय समावेशन अभियान (1 जुलाई से 30 सितंबर 2025) के अंतर्गत आयोजित किया गया। शिविर के मुख्य अतिथि जय शंकर प्रसाद (उप महाप्रबंधक, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई) थे। इस अवसर पर अविनाश कुमार (क्षेत्रीय प्रमुख, जबलपुर), श्री अपूर्व गुप्ता (डीडीएम, नाबार्ड), एवं श्री नीलकमल झारिया (सरपंच, बम्हनी बरेला) मंचासीन रहे। कार्यक्रम में विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा वित्तीय जागरूकता का संदेश दिया गया। विशेष उपलब्धि के रूप में 2.5 करोड़ के ऋण स्वीकृत कर लाभार्थियों को चेक वितरित किए गए। शिविर में 250 से अधिक ग्रामीणों की भागीदारी रही। कार्यक्रम का संचालन सचिन गार्गे ने किया एवं आभार दिवाकर ठाकुर (एलडीएम, जबलपुर) ने व्यक्त किया।

# खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, वरन् है चरित्र निर्माण का माध्यम भी



**सिहोरा।** शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल पी.जी. कॉलेज में महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन क्रीड़ा अधिकारी डॉ.रचना विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ.मनोज श्रीवास्तव द्वारा मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। डॉ. श्रीवास्तव ने मेजर ध्यानचंद को याद करते हुए कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, चरित्र निर्माण का माध्यम भी है। खेल हमें सिखाते हैं कि हार-जीत से परे भी एक दुनिया है—जहां टीम-भावना, निरंतर अभ्यास और आत्मसंयम से व्यक्ति का चरित्र बनता है। उद्घाटन सत्र के पश्चात छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया जिनमें कबड्डी, वॉलीबॉल और शतरंज के अलावा पिट्ठू जैसे देसी खेल भी शामिल थे। छात्राओं की कबड्डी प्रतियोगिता में टीम 'रानी दुर्गावती' ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं छात्रों की प्रतियोगिता में टीम 'दबंग' ने अपना परचम लहराया। शतरंज में कार्तिक सोनी विजेता रहे। वॉलीबॉल में टीम 'बाहुबली' और पिट्ठू में टीम 'धुरंधर' ने बाजी मारी। संचालन कपिल चक्रवर्ती ने किया।

# गोंड समाज महासभा ने सौंपा ज्ञापन



**सिहोरा।** गोंड समाज महासभा के तत्वाधान में भोपाल का नाम परिवर्तन न करने के संबंध में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री के नाम पर अनुविभागीय अधिकारी सिहोरा को ज्ञापन सौंपा गया। साथ ही दूसरा ज्ञापन गोंडवाना कालीन धरोहरों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु सौंपा गया। तथा इसकी प्रतिलिपि नगर पालिका परिषद अध्यक्ष,मुख्य नगर पालिका अधिकारी को भी दी गई है। इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष नवनीत सिंह, रज्जन सिंह धुर्वे, कुंवर नीलेश प्रताप सिंह, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष - अर्चना धुर्वे, शिवम ठाकुर, अमर सिंह कुलस्ते, गजेंद्र धुर्वे, हिमाचल सिंह, इंदु सिंह, शेष राम धुर्वे, प्रमोद पटेल, वीरेंद्र पटेल, ज्योति सिंह, मीनाक्षी मरावी, डॉ संतोष कोरचे, रेखा मरावी, मोहन सिंह, प्रतीक्षा ठाकुर, आदित्य सिंह ठाकुर आदि उपस्थित थे।

# संगोष्ठी में किसानों को बताया लाभदायक कृषि उत्पादन



**सिहोरा।** तहसील अंतर्गत केवलारी ग्राम में शिव शक्ति एग्रीटेक लिमिटेड के कृषि अधिकारियों द्वारा किसान संगोष्ठी व सम्मेलन का आयोजन किया गया आयोजित बैठक मे किसानो के साथ कृषि संबंधित विषयों पर चर्चा की गई जिसमें किसानो को मृदा स्वास्थ्य व जैविक कृषि प्रौद्योगिकी जैसे महत्वपूर्ण तथ्य , कृषि उपज, मृदा पीएच,मृदा पीएच संतुलन फसल मे लगने वाले कीट- रोग व रोग नियंत्रण आदि विषयों पर जागरुकता व सुझाव दिया गया। कृषि अधिकारी अतुल मिश्रा ,जुगल किशोर ठाकुर,लवकुश कुशवाहा,अंकित अनिकेत शामिल रहे।

# पति, सास, ससुर एवं देवर के खिलाफ प्रताड़ना का मामला दर्ज

**जबलपुर।** भेड़ाघाट थाना अतंर्गत ग्राम कूड़न में एक नवविवाहिता ने अपने ससुराल पक्ष के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कराया है। भेड़ाघाट पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कूड़न निवासी 24 वर्षीय श्रीमति साक्षी मिश्रा का विवाह 20 फरवरी 2025 को ग्राम बमुरहा हिनोता निवासी आदर्श मिश्रा के साथ हुआ है। शादी में उसके माता पिता ने लगभग 12 लाख रूपये खर्च किये थे तथा टीका के समय उसके पति को सोने की अंगूठी चेन तथा 2 लाख 51 हजार रूपये नगद दिये थे तथा शादी में गृहस्थी का सामान दिया था शादी के लगभग एक माह बाद से ही सास माधुरी मिश्रा, ससुर श्याम मिश्रा, देवर सिद्धांत मिश्रा एवं पति आदर्श मिश्रा विवाह में कम दहेज मिलने का कहकर शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ति करने लगे, दहेज में 5 लाख रूपये तथा स्विफ्ट कार की मांग करने लगे। गत 7 अगस्त को ससुराल वालों ने उसके साथ मारपीट कर गाली गलौच कर जेवर एवं पास में रखे हुए पैसे रख लिये और 5 लाख रुपए और नगद एवं स्विफ्ट कार की मांग करते हुए उसे घर से भगा दिया। उसके माता पिता ने एवं समाज के लोगों ने ससुराल वालों से अनुरोध भी किया परन्तु ससुराल वालों ने उनकी भी बात नहीं मानी। पुलिस ने आरोपी ससुराल पक्ष के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 85 बीएनएस तथा 3, 4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

रंगभूमि ओपन स्कूल स्टेट बैडमिंटन टूर्नामेंट का आगाज

# जबलपुर में खिलाड़ियों का दिखा जोश पहले ही दिन सामने आए रोमांचक नतीजे

हरिभूमि, जबलपुर।

पंडित रविशंकर शुक्ला स्टेडियम, राइट टाउन में मंगलवार को 1st रंगभूमि ओपन स्कूल स्टेट बैडमिंटन टूर्नामेंट 2025 का रंगारंग शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता 28 अगस्त से 1 सितम्बर तक खेले जाने वाली है। आयोजन जबलपुर डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन एसोसिएशन, एले स्पोर्ट्स मैनेजमेंट और रंगभूमि के संयुक्त तत्वावधान में हो रहा है। इस टूर्नामेंट में मध्यप्रदेश सहित कई जिलों से आए बालक और बालिका खिलाड़ी अंडर-9, 11, 13, 15, 17 और 19 आयु वर्ग में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। वहीं डबल्स एवं मिक्स डबल्स मुकाबले अंडर-15, 17 और 19 वर्गों में खेले जा रहे हैं।




## आने वाले दिनों में और बढ़ेगा रोमांच

टूर्नामेंट में सैकड़ों खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। आयोजकों के अनुसार आने वाले दिनों में और भी ज्यादा रोमांचक एवं कड़े मुकाबले देखने को मिलेंगे, जिनमें कई दिग्गज जूनियर खिलाड़ी एक-दूसरे से भिड़ेंगे।

## पहले दिन दिखा युवा खिलाड़ियों का दम

पहले दिन खेले गए मुकाबलों में कई खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर जीत दर्ज की। अंडर-9 बालक वर्ग में हिमांशु गौड़ और अवीर जीवानी विजयी रहे। अंडर-13 बालक वर्ग में श्रीयम द्विवेदी, संस्कृत सिंह परिहार और भूमिक कुमरे ने कड़े संघर्ष में जीत दर्ज की। अंडर-13 बालिका वर्ग में आहाना श्री और वैष्णवी गौर ने आसानी से बाजी मारी। अंडर-15 वर्ग में आदित्य शर्मा, सगलवीर सिंह, आर्यन दुबे, आहाना श्री, श्रृष्टि सोहाने और रीट मुलचंदानी विजेता बने। अंडर-17 बालक वर्ग में चिन्मय उडेनिया ने रोमांचक मुकाबले में शौर्य दास को हराया। अंडर-19 वर्ग में अक्षत मौर्य, कबीर बाजपेयी, वंश राजपूत, रीट मुलचंदानी और आकर्शा जोशी ने शानदार फॉर्म दिखाया।

# खेत में लगे केबल वायर चोरी करते हुए आरोपी पकड़ाया

**जबलपुर।** मझौली थाना अतंर्गत सामुदायिक भवन के पास कांकरदेही स्थित एक खेत में लगे केबल वायर चुराते हुए एक आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले किया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। मझौली पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कांकरदेही निवासी 40 वर्षीय किसान अभिराज सिंह राजपूत गत रात लगभग 9.30 बजे सिहारो रोड पेट्रोल पंप के पास खड़ा था तभी उसे फोन पर सूचना मिली की सामुदायिक भवन कांकरदेही के बगल में एक मोटर सायकल के पास एक अन्य लड़का और दूसरा लड़का बगल के खेत मे समर्सियल मोटर की वायर काट रहा है। सूचना पाकर अभिराज मोहल्लें के परमू भूमिया, आकाश यादव, महेश भूमिया, दिप्पू भूमिया के साथ सामुदायिक भवन के पास पहुंचा, जहां मोटर सायकल वाला लड़का मौके से भाग गया और वायर काट रहे लड़के को पकड़ने की कोशिश की तो वह पत्थर फेंकने लगा और दीवाल से केबल वायर लेकर कूदा, जिसके पैर में चोटे आ गई। अभिराज ने मोहल्ले के लोगों की मदद से आरोपी पंचमपुरा कटंगी निवासी 26 वर्षीय मोह.सिकंदर को पकड़ा और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 303(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## *दुकान की खिड़की से घुसे चोर : 1 लाख नगदी, डेढ़ लाख का सोना, ले भागे*

**जबलपुर।** घमापुर थाना अंतर्गत सिद्धबाबा वार्ड स्थित एक किराना दुकान के ऊपर की खिड़की से घुसे अज्ञात चोर दुकान में रखे 1 लाख रुपए, सोने का कड़ा और 30 मोबाइल चोरी कर ले गए। घमापुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार सिद्धबाबा वार्ड घमापुर निवासी 52 वर्षीय धर्मेंद्र चक्रवर्ती गत दिवस तीज का त्यौहार मनाने के लिए अपनी ससुराल मनेरी मंडला अपनी पत्नी के साथ गया था दूसरे दिन शाम लगभग 3 बजे घर आया और शाम 4 बजे सिद्धबाबा वार्ड स्थित किराना दुकान पहुंचा तो उसके होश उड़ गए, दुकान के ऊपर की खिड़की से अज्ञात चोर दुकान के अंदर आए और पेटी में रखे वीसी में मिले 1 लाख रूपये, सवा तोले का सोने का कड़ा, तथा ग्राहकों द्वारा गिरवी रखे 30 मोबाइल अज्ञात चोर चोरी कर ले गए।

# सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**जबलपुर।** बरेला थाना अतंर्गत तलैया कोसमघाट मोड पर सड़क दुर्घटना में घायल एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। बरेला पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुरानी बाजार बरेला निवासी 25 वर्षीय चंचल शेखर पांडे उर्फ अंकित पांडे अपनी बाईक क्रमांक एमपी 20 आर 4696 से अपने घर बरेला से अपनी डियूटी पर श्रीराम पेट्रोल पंप के पास जा रहा था, तभी तलैया कोसमघाट मोड़ पर उसका एक्सीडेंट हो गया और उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।



**श्री सीताराम सोनी-** साठिया कुआं ब्यौहार जी का बाड़ा निवासी विवेचना रंगमंडल के वरिष्ठ रंगकर्मी व रेल्वे से सेवानिवृत्त सीताराम सोनी का 73 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे अनुषा व अक्षत के पिताजी थे। अंतिम यात्रा 30 अगस्त को निवास स्थान से दोपहर 1.00 बजे घमापुर स्थित करियापाथर मोक्षधाम के लिए प्रस्थान करेगी।

**श्रीमती शशि अग्रवाल-** आदर्श नगर भार्गव कम्पाउंड नर्मदा रोड निवासी श्री राजीव अग्रवाल की धर्मपत्नी श्रीमती शशि अग्रवाल (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती चंद्रवती-** कैलाशपुरी गुप्तेश्वर निवासी श्री जगन्नाथ की धर्मपत्नी श्रीमती चंद्रवती (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री राम सिया गुप्ता-** नर्मदा नगर गौरीघाट रोड निवासी श्री राम सिया गुप्ता (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री किशोरी चौधरी-** बड़ी मदार टेकरी ठक्कर ग्राम निवासी श्री किशोरी चौधरी (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री गोविंद प्रसाद श्रीवास्तव-** व्हीकल बिलपुरा रोड निवासी श्री गोविंद प्रसाद श्रीवास्तव (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जगदीश रजक-** बस्ती नं. 1 गोहलपुर निवासी श्री जगदीश रजक (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सदानंद श्रीवास-** एल 8, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी कांचघर निवासी श्री सदानंद श्रीवास (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री तुलसी राम पटेल-** खलासी लाइन छोटी ओमती निवासी श्री तुलसी राम पटेल (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शशि नामदेव-** दीक्षितपुरा कोतवाली वार्ड निवासी श्री जीवन नामदेव की धर्मपत्नी श्रीमती शशि नामदेव (50) का विगत दिवस निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रामकरण साकेत-** छुई खदान मड़ैया श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री रामकरण साकेत (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सावित्री सरावगी-** गली नं. 8, जीवीएम रेसीडेंसी विजयनगर निवासी श्री सुरेश चंद्र सरावगी की धर्मपत्नी श्रीमती सावित्री सरावगी




(77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सिवतिया बाई-** प्रेमसागर पुलिस चौकी के पास निवासी श्री रामलाल की धर्मपत्नी श्रीमती सिवतिया बाई (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री भागीरथ-** केंटोमेंट अस्पताल क्वाटर्स केंट निवासी श्री भागीरथ (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मुकेश कुमार बेन-** राधाकृष्णन वार्ड मरही माता मंदिर के पास निवासी श्री मुकेश कुमार बेन (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती गीता गोस्वामी-** विजय नगर निवासी श्री चंद्रपुरी गोस्वामी की धर्मपत्नी श्रीमती गीता गोस्वामी (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री छोटे रैकवार-** चांदमारी पंचशील स्कूल के पास निवासी श्री छोटे रैकवार (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री जवाहर लाल बेगड़-** राइट टाउन आस्था मेडिकल के पास निवासी श्री जवाहर लाल बेगड़ (89) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब मात्र 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 8x8 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303308294, 9407362100

## चिंतन

# भारतीय अर्थव्यवस्था ने 'डेड' कहने वालों को दिया जवाब

दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ रही भारतीय अर्थव्यवस्था ने डेड कहने वालों को एक बार फिर जोरदार तमाचा लगाया है। सभी अनुमानों को पछाड़ते हुए भारत की जीडीपी 7.8% बढ़ी है। वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-जून तिमाही में भारत की सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 7.8 फीसदी रही। यह पिछली पांच तिमाहियों में सबसे ज्यारदा है। अर्थशास्त्रियों के एक ईटी पोल ने पहली तिमाही में जीडीपी ग्रोथ रेट 6.3 प्रतिशत से 7 के बीच रहने का अनुमान लगाया था। भारतीय रिजर्व बैंक ने 6.5% का अनुमान लगाया था, लेकिन तेज बढ़ती अर्थव्यवस्था ने सभी अनुमानों को झटका दे दिया। असल में केंद्र सरकार के पूंजीगत व्यय में 52 फीसदी की बढ़ोतरी हुई, जिससे विकास को बढ़ावा मिला। जीएसटी को तर्कसंगत बनाने, आरबीआई की ओर से ब्याज दरों में कटौती और अनुकूल मानसून से आने वाली तिमाहियों में खपत को समर्थन मिलने का अनुमान लगाया जा रहा है। तय है कि अगले कुछ महीनों में अर्थव्यवस्था को और भी तेज रफ्तार मिलेगी। यह उनके लिए सबसे बड़ा झटका होगा जो भारतीय अर्थव्यवस्था को डेड बता रहे थे। यह कथन सिर्फ ट्रंप की अज्ञानता की निशानी भर था। भारत डेड इकॉनमी तो कहीं से नहीं है बल्कि वह वर्तमान में वैश्विक अर्थव्यवस्था में रफ्तार का इंजन है। यह विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसका आकार लगभग 4 ट्रिलियन है। जल्द ही यह जर्मनी को पीछे छोड़ कर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाला है। वर्तमान में सबसे तेजी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था है और बीते 10 वर्षों से लगातार इसकी गति बढ़ रही है। वर्ष 2015-25 के बीच भारत की औसत जीडीपी वृद्धि दर 6%-6.5% रही है। जबकि इस बीच भारत ने कोविड महामारी, रूस-यूक्रेन युद्ध और दूसरे वैश्विक संकट झेले। भारत के मुकाबले चीन इस दौरान 6% या उससे नीचे की ही रफ्तार से बढ़ा है। भारत वर्तमान में वैश्विक जीडीपी वृद्धि में 17 प्रतिशत का योगदान दे रहा है। यह आगे चलकर इसके 20 होने का अनुमान है। भारत इसी के चलते वैश्विक ग्रोथ का इंजन बना हुआ है। उसकी अर्थव्यवस्था का आकार 2015-25 में 105 फीसदी बढ़ा है, जो पूरी दुनिया को हैरान करने वाला है। जिस भारत को डोनाल्ड ट्रंप डेड इकॉनमी बता रहे हैं, वह वर्तमान में विश्व का दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। भारत की आबादी 140 करोड़ से ज्यादा है। यह अभी और बढ़ेगी। वर्तमान में भारत का मध्यम वर्ग लगभग 60 करोड़ है। यह मध्यम वर्ग 2047 तक 100 करोड़ पहुंचने के आसार हैं। यही मध्यम वर्ग वर्ष 2030-2031 तक लगभग 2.7 ट्रिलियन डॉलर की खपत करेगा। ऐसे में विश्व की कम्पनियों का धंधा भी चीन के अलावा भारत के ही भरोसे होगा। इतना बड़ा मध्यम वर्ग उसे और कहीं नहीं मिलेगा। भारत सिर्फ बड़ा बाजार ही नहीं है बल्कि बहुत ऐसी ऐसी चीजों की फैक्ट्री भी है, जिन पर विश्व निर्भर है। भारत विश्व में जेनेरिक दवाइयों का सबसे बड़ा सप्लायर है। अमेरिका भी वर्तमान में भारत निर्मित जेनेरिक दवाओं पर निर्भर है। भारत का फार्मा एक्सपोर्ट वर्ष 2030 तक 5.5 लाख करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। इसके अलावा भारत भले ही कच्चे तेल का बड़ा उत्पादक ना हो लेकिन वह तेल की रिफाइनरी के मामले में बहुत आगे है। भारत विश्व का चौथा सबसे बड़ा तेल रिफाइन करने वाला देश है। इसके अलावा गाड़ियां, स्मार्टफोन, इलेक्ट्रॉनिक समेत बाकी कई वस्तुओं का भारत बड़ा सप्लायर है। इतना सब होने के बाद भी कोई इसे डेड इकॉनमी कहे तो इसे पागलपन के अलावा और कुछ नहीं कहा जा सकता।



पर्यावरण
डॉ. आशीष वशिष्ठ

# मानवीय अत्याचारों से प्रकृति का रौद्र रूप

वनों की कटाई, प्रदूषण और औद्योगीकरण, प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन प्रकृति की सेहत को लगातार नुकसान पहुंचा रहा है। नतीजतन जलवायु परिवर्तन, बाढ़ और समुद्र के स्तर में वृद्धि जैसे गंभीर दृश्य सामने आ रहे हैं। प्रकृति अपना रौद्र रूप इन पर्यावरणीय क्षतियों और प्राकृतिक आपदाओं के रूप में दिखाती है, जो मानव निर्मित हैं। विडंबना यह है कि प्रकृति के सख्त संदेशों की भी हम लगातार अनदेखी कर रहे हैं। यह मानव निर्मित आपदाएं दर्शाती हैं कि प्रकृति का दोहन करने पर उसके परिणाम कितने विनाशकारी हो सकते हैं। दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था प्राकृतिक आपदाओं के प्रकोप से होने वाली जन-धन की हानि को बर्दाश्त नहीं कर सकती है।

वनों की कटाई, प्रदूषण और औद्योगीकरण, प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन प्रकृति की सेहत को लगातार नुकसान पहुंचा रहा है। नतीजतन जलवायु परिवर्तन, बाढ़ और समुद्र के स्तर में वृद्धि जैसे गंभीर दृश्य सामने आ रहे हैं। प्रकृति अपना रौद्र रूप इन पर्यावरणीय क्षतियों और प्राकृतिक आपदाओं के रूप में दिखाती है, जो मानव निर्मित हैं। विडंबना यह है कि प्रकृति के सख्त संदेशों की भी हम लगातार अनदेखी कर रहे हैं। देवभूमि उत्तराखण्ड के धराली में प्रकृति ने जो रौद्र रूप दिखाया, वो देश दुनिया ने देखा है। ताजा संदर्भ जम्मू में वैष्णो देवी मार्ग पर भूस्खलन से 40 से ज्यादा श्रद्धालुओं की मौत दुखद घटना है। जम्मू संभाग में 2014 के बाद फिर ऐसी जल तबाही देखने को मिली है। चारों ओर भारी क्षति हुई है। जम्मू संभाग की सभी प्रमुख नदियां खतरे के निशान के ऊपर बह रही हैं। प्रभावित क्षेत्रों में सैकड़ों लोगों ने सुरक्षित स्थानों पर शरण ली है।

प्रकृति बार-बार संकेत दे रही है और हम बारंबार गलती को सुधारने की बजाय प्रकृति से छेड़छाड़ और उसके दोहन में लगे हुए हैं। उत्तरकाशी के जिस धराली गांव में बादल फटने और फिर तीव्र वेग के जल-प्रलय की आपदा आई है, ऐसी आपदाएं 1864, 2013 और 2014 में भी आ चुकी हैं। आखिर पहाड़ इतने खौफनाक और खतरनाक क्यों होते जा रहे हैं? क्या पहाड़ में आवास दूभर हो गया है? लगातार भूस्खलन और बाढ़ की घटनाएं क्यों बढ़ती जा रही हैं? क्या हिमालय पर्वत के हिस्से भी दरकने और बड़े-बड़े पत्थरों के रूप में गिरने लगे हैं? इन घटनाओं और आपदाओं में बारिश और बादल फटने की घटनाएं 'कुदरत का कहर' मानी जा सकती हैं। इसके अलावा घर, दुकान, मंदिर, इमारतें, होटल आदि का जमींदोज होना, नतीजतन मौत के आंकड़े बढ़ते रहने की आपदाएं 'मानव-निर्मित' हैं। विकास के नाम पर पहाड़ खोदे जा रहे हैं। पहाड़ों को चीरकर सुरंगें बनाई जा रही हैं। रेल की पटरी बिछाई जा रही है। नदी-नालों के किनारे अथवा उन्हीं के भीतर होटल, रिजॉर्ट की बहुमंजिला इमारतें खड़ी की जा रही हैं। उत्तराखंड में ही जिस 50 हजार वर्ग हेक्टेयर में जंगलात थे, अब वहां पक्की इमारतें बन गई हैं। उत्तरकाशी के प्रलय में धराली गांव ही बह कर मिट्टी-मलबा हो गया। इस वर्ष बांधों से आया अतिरेक पानी रावी, ब्यास व सतलुज को विकराल बना गया, जिससे पंजाब के करीब एक दर्जन जिले जलमग्न हो गए हैं। हजारों एकड़ फसलें बर्बाद हो गई हैं। पुल बहने व सड़कें तबाह होने से जन-जीवन पंगु बनकर रह गया है। पहाड़ों के लोग हैरत में हैं कि अचानक बादल फटने की घटनाओं में ये अप्रत्याशित वृद्धि कैसे हुई है। क्या कुदरत नाराज है? क्या ये गहराते ग्लोबल वार्मिंग संकट की देन है? वास्तव में, हमारे नीति-नियंता पहाड़ों के पारिस्थितिकीय तंत्र की संवेदनशीलता को महसूस नहीं करते। भूल जाते हैं कि पहाड़ों का विकास मैदानी मॉडल पर नहीं किया जा सकता। साथ ही राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के अधिकारियों की आधी-अधूरी तैयारियां भी संकट बढ़ाने वाली साबित हुई हैं। सर्वोच्च न्यायालय में दायर एक हलफनामे में, हिमाचल सरकार ने स्वीकार किया है कि पारिस्थितिक असंतुलन से निपटने के मौजूदा उपायों में कमियां रही हैं। विडंबना यह



है कि प्राकृतिक आपदाओं को कम करने की तंत्र में कोई तात्कालिकता नजर नहीं आती। फिर इन आपदाओं का खामियाजा वे लोग उठाते हैं, जिनका इस स्थिति को पैदा करने में कोई रोल नहीं होता। उत्तराखंड के धराली प्रलय से पहले भूस्खलन का औसत 250 था, जो 2023 तक 1600 से अधिक हो गया। पहाड़ इतनी मात्रा में क्यों टूटने लगे हैं? इस सवाल का जवाब न तो केंद्र और न ही राज्य सरकार ने दिया है। कुछ उच्चाधिकार प्राप्त समितियां जरूर बनाई जाती रही हैं, लेकिन वे विशेषज्ञों और वैज्ञानिकों के सुझावों को नकारती रही हैं। वैज्ञानिकों के सवाल हैं कि पहाड़ों में 'फोरलेन सडक़' बनाना क्यों जरूरी है? दो लेन की सड़कें पर्याप्त और सहज हैं। ऐसे निर्माण दिखावटी विकास तो हैं, लेकिन विनाश और मौत के अंधे कुएं भी तैयार कर रहे हैं। केदारनाथ प्रलय के बाद रडार लगाने की बात सामने आई थी, ताकि बादल फटने और जल-प्रलय के पूर्व संकेत मिल सकें। उनका क्या हुआ? उत्तरकाशी प्रलय के कुछ भी संकेत क्यों नहीं मिल सके। मात्र 34 सेकंड में बहुत कुछ मलबा हो गया। हिमालयी क्षेत्र के लिए 'ग्लोबल वार्मिंग' और 'जलवायु परिवर्तन' भी खतरनाक स्थितियां हैं। उनसे एक अलग स्तर पर लड़ने की जरूरत है। आपदा के लिहाज से धराली 'टाइम बम' पर बैठा माना जाता रहा है, लेकिन इसे कहीं और शिफ्ट नहीं किया गया। वरिष्ठ भूगर्भ वैज्ञानिक प्रो. एसपी सती का कहना है कि धराली ट्रांस हिमालय (4000 मीटर से ऊपर) में मौजूद मेन सेंट्रल थ्रस्ट है। यह एक दरार होती है, जो मुख्य हिमालय को ट्रांस हिमालय से जोड़ती है। यह भूकंप का अति संवेदनशील क्षेत्र भी है। इस खतरे को समझना होगा। हिमाचल सरकार की पहल सराहनीय है, जिसमें संकट को बढ़ाने वाली खामियों की पहचान करने हेतु अधिकारियों, विषय विशेषज्ञों और सामुदायिक प्रतिनिधियों का एक कोर ग्रुप बनाने में उत्सुकता दिखायी गई है। वहीं जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने जोखिमों को कम करने के उपायों पर विचार-विमर्श करने हेतु विशेषज्ञों से परामर्श का आह्वान किया है। स्वतंत्रता दिवस के संबोधन में भी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आपदाओं के बाद बचाव, राहत व पुनर्वास में राज्य सरकारों तथा केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों के समन्वय की प्रशंसा की थी। हालिया आपदाओं के मद्देनजर ऐसा तालमेल अपरिहार्य है जिससे आपदाओं से लोगों की आजीविका और बुनियादी ढांचे का नुकसान कम से कम किया जा सके। प्राकृतिक आपदाओं की आवृत्ति वनों की कटाई, अनियमित विकास तथा जलवायु परिवर्तन के कारकों की वजह से तेज हुई है। वास्तव में मौजूदा स्थितियों में जो कुछ करने की जरूरत है, वो किसी भी तरह कोई रॉकेट साइंस नहीं है। इस संकट के मुकाबले के लिए वैज्ञानिक व प्रशासनिक व्यवस्था की गहरी समझ रखने वाले विशेषज्ञों को शामिल करने की जरूरत है। सरकारों को राजनीतिक और व्यावसायिक हितों को दरकिनार करते हुए, पर्यावरण संवर्धन के लिए काम करना चाहिए।

प्राकृतिक आपदाओं की पूर्व चेतावनी प्रणाली में सुधार करना समय की जरूरत है। निस्संदेह, खतरे के जरा से भी संकेत मिलने पर प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में तनिक भी देरी नहीं की जानी चाहिए। प्रकृति अपने रौद्र रूप में मानव को प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व बनाए रखने और पर्यावरण के विनाश से रोकने के लिए प्रेरित करती है। यह मानव निर्मित आपदाएं दर्शाती हैं कि प्रकृति का दोहन करने पर उसके परिणाम कितने विनाशकारी हो सकते हैं। निस्संदेह, दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था प्राकृतिक आपदाओं के प्रकोप से होने वाली जन-धन की हानि को बर्दाश्त नहीं कर सकती है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## डिजिटल लाइब्रेरी

संदीप भूषण




# युवाओं को डिजिटल संसाधनों के माध्यम से जोड़ने की पहल

फिक्शन और फंतासी की दुनिया में आज धूमकेतु की तरह चमक रही अमेरिकी लेखिका सारा जेनेट मास की प्रसिद्ध कृतियों में 2012 में आईं 'थ्रोन ऑफ ग्लास' सीरीज की किताबें हैं। इसमें वे एक जगह पुस्तकालयों की चर्चा करती हैं। वे कहती हैं कि पुस्तकालय विचारों से भरे रहे हैं, शायद सभी हथियारों में सबसे खतरनाक और शक्तिशाली। यहां हथियार शब्द का इस्तेमाल उन्होंने विचार या मानवीय बुद्धिमत्ता के लिए किया है। सारा के शब्दों को सामने रखते हुए डिजिटल दौर में पुस्तकालयों की जरूरत और भूमिका पर बात करें तो कई रोचक और सराहनीय तथ्य सामने आते हैं। आज सबसे बड़ी चुनौती विचार और ज्ञान को पुराने पड़े पीले पन्नों से उठाकर डिजिटलाइज करने की है। अच्छा लगता है यह जानकर कि यह विवेक आज बिहार जैसे प्रदेश में दिखलाई पड़ रहा है, जहां के समाज और सरकार को लेकर एक खास तरह के पूर्वाग्रह से हम ग्रसित रहे हैं। बिहार सरकार ने इसी दिशा में 'मुख्यमंत्री डिजिटल लाइब्रेरी योजना' के नाम से एक बड़ा और दूरदर्शी प्रयास किया है। यह योजना बच्चों और युवाओं को डिजिटल संसाधनों के माध्यम से जोड़ने की एक महत्वाकांक्षी पहल है, जो बिहार के हर कोने में शिक्षा के नए साधन उपलब्ध करा रही है। बिहार के दूरदराज के इलाकों में पढ़ाई के संसाधन सीमित रहे हैं, इस कमी के कारण कई युवाओं के सपने उड़ान भरने से पहले ही दम तोड़ देते हैं। पर यह स्थिति अब बदल रही है। खासतौर पर जब से डिजिटल लाइब्रेरी की नींव पड़ी है, तब से यह कहीं अधिक सुलभ, समेकित और समकालीन शिक्षा का स्रोत बन गई है। अब हर विधानसभा क्षेत्र, पंचायत और कॉलेज में ऐसे केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं जहां विद्यार्थी ऑनलाइन कोर्स, ई-बुक्स और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए जरूरी सामग्री पा सकते हैं। बिहार सरकार ने इसके लिए 94 करोड़ 50 लाख रुपये स्वीकृत कर इस योजना को एक सशक्त राशि के साथ लॉन्च किया है जिसे देखकर शिक्षा के प्रति उनकी गंभीर प्रतिबद्धता झलकती है। तकनीक के सहारे यह योजना युवा पीढ़ी को सिर्फ पढ़ाई तक सीमित नहीं रखती, बल्कि उन्हें करियर की बेहतर संभावनाओं के लिए तैयार भी करती है। प्रत्येक डिजिटल लाइब्रेरी केंद्र में कम से कम दस कंप्यूटर के साथ हाई-स्पीड इंटरनेट और पर्याप्त बैठने की जगह होगी। ऐसे केंद्रों की उपस्थिति से छात्र न केवल अपने स्कूल या कॉलेज के कोर्स ऑनलाइन पढ़ सकेंगे, बल्कि जीईई, नीट, क्लैट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी प्रभावी ढंग से कर सकेंगे। साथ ही रोजगार संबंधी ऑनलाइन कोर्स, सरकारी व निजी रोजगार पोर्टल की जानकारी भी मिलेगी, जो युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण सहारा है। डिजिटल लाइब्रेरी केंद्रों में आधुनिक सुविधा का पूरा इंतजाम है। बिजली, पानी, प्रिंटर, स्कैनर, समाचार पत्र और तकनीकी सहायता से लैस ये केंद्र विद्यार्थियों को एक पूर्ण वातावरण उपलब्ध कराते हैं। पटना में जहां एक मॉडल लाइब्रेरी केंद्र में 60 कंप्यूटर होंगे, वहीं अन्य क्षेत्रीय केंद्रों में भी 50 कंप्यूटर की उत्कृष्ट व्यवस्था की गई है। अपनी जगह न होने पर पंचायत स्थानीय भवन को 1 रुपये के सालाना किराए पर लेकर लाइब्रेरी चला सकती है। इस तरह यह पहल जितनी आर्थिक रूप से सशक्त है, उतनी ही व्यावहारिक और सभी के लिए उपलब्ध है। गांव-गांव तक शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए "जीविका दीदी" मॉडल को अपनाया गया है। 7,953 से अधिक नए डिजिटल लाइब्रेरी केंद्र खोलकर सरकारी प्रयासों ने युवाओं को हाथ थामने का प्रस्ताव रखा है। स्थानीय महिलाओं और समूहों को लाइब्रेरी संचालन में अवसर दिया जाना समाज के लिए भी संरचनात्मक बदलाव लाएगा। जिस तकनीकी क्रांति की बात हम आज करते हैं, इस योजना ने उसे गांव-गांव तक पहुंचाकर शिक्षा के क्षेत्र में बड़े बदलाव की शुरुआत की है। युवा पीढ़ी आज की बदलती दुनिया के लिए जरूरी डिजिटल कौशल सीखने के लिए इस योजना का बड़ा फायदा लेगी। कंप्यूटर की मूल बातें सीखना, ऑनलाइन जानकारी जुटाना, जॉब पोर्टल पर आवेदन करना और डिजिटल माध्यम से करियर की योजना बनाना अब वास्तविकता का हिस्सा बन गए हैं। ऐसे अवसर युवाओं को आत्मनिर्भर बनाकर न केवल उनके व्यक्तिगत विकास में सहायता करेंगे, बल्कि राज्य की प्रगति में भी योगदान देंगे। बिहार की यह डिजिटल क्रांति इस बात का प्रमाण है कि ज्ञान और तकनीक का सही संयोजन नौजवानों को केवल बेहतर आज नहीं देता, बल्कि भविष्य की चुनौतियों के लिए बेहतर तैयारी भी कराता है। इस योजना के माध्यम से बिहार का हर युवा डिजिटल युग में अपनी अलग पहचान बना सकेगा और देश की प्रगति में अपने योगदान से इतिहास रचेगा।

(लेखक आर्थिक मामलों के जानकार व वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# सुख की चाह के लिए तप की साधना जरूरी



संकलित
**दर्शन**

तप संकल्प की प्राप्ति का एकमात्र उपाय है। जिसे सत्य संकल्प द्वारा सुख की चाह है, उसे तप की साधना अवश्य करनी चाहिए। संकल्प के दृढ़ एवं सत्य न होने का सबसे बड़ा कारण तप की कमी होता है। जो व्यक्ति अपने स्थूल और सूक्ष्म शरीर के द्वारा तप नहीं करता, वह अपने संकल्पों को कभी प्राप्त नहीं कर सकता। तप से हमें अपने मन और तन, दोनों को पक्का बनाना होता है। जैसे मिट्टी का कच्चा घड़ा पानी डालने पर गल जाता है। वह अग्नि में बिना तपे कभी जल नहीं ला सकता। इसी प्रकार जब तक मनुष्य अपने जीवन को तप द्वारा पक्का नहीं बनाता, तब तक वह कभी भी अपने संकल्पों की सिद्धि को धारण नहीं कर सकता। तप से जीवन की समस्त अशुद्धियां दूर होती हैं। अशुद्धियों के दूर होने से शरीर और इंद्रियों को विशेष सिद्धि मिलती। तभी कहा जाता है कि तप से सभी कुछ साध्य है। वेदों में भी तप की महिमा और आवश्यकता का अनेक स्थानों पर वर्णन किया गया है। कल्याण की कामना करने वाले ऋषिगण भी प्रथम तप और दीक्षा का ही अनुष्ठान करते हैं। श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय स्कंध में श्री भगवान ब्रह्मजी से कहते हैं कि 'मैं इस दृश्यमान अखिल प्रपंच को तप द्वारा रचता हूं और पुनः तप द्वारा ही ग्रसित कर लेता हूं। मैं तप द्वारा ही इस विश्व का भरण-पोषण करता हूं और मेरा अत्यंत तेजस्वी पराक्रम तप ही है। तप द्वारा वह तेज और वह शक्ति प्राप्त की जा सकती है, जो किसी भी संकल्प की प्रतिपूर्ति का आधार बनती है।'

# एकाग्रता के बिना मंत्र जप नहीं हो सकता



संकलित
**प्रेरणा**

एक दिन सरयू नदी के किनारे पर गोस्वामी तुलसीदास प्रवचन दे रहे थे। वे अक्सर यहां प्रवचन देते थे। इस दौरान तुलसीदास जी लोगों की समस्याओं का समाधान भी करते थे। एक दिन तुलसीदास जी आंखें बंद करके जप कर रहे थे। एक व्यक्ति ने पूछा कि आप आंखें बंद कर किसे याद कर रहे हैं? तुलसीदास जी बोले कि मेरे राम को। उस व्यक्ति ने फिर पूछा कि तो क्या ये जरूरी है कि भगवान के नाम का जप किया जाए? तुलसीदास जी ने कहा कि हां, ये तो बहुत जरूरी है। नाम जप करने से मन काबू में रहता है। जिन लोगों का मन काबू रहता है, वे शांत रहते हैं। उस व्यक्ति ने फिर पूछा कि जब मैं नाम जप करने बैठता हूं तो मन नहीं लगता है, मुझे क्या करना चाहिए? तुलसीदास जी बोले कि कई लोगों की ये समस्या है, जप में मन नहीं लगता। इस कारण लोग भक्ति करना ही छोड़ देते हैं। एक बात हमेशा ध्यान रखें, मन लगे या न लगे, हमें जप करते रहना चाहिए। हमारा मन एक भूमि की तरह है। भूमि में बीज बोने पर उससे पौधा जरूर उगता है, बीज उल्टा गिरे या सीधा, पौधा तो उगता ही है। ठीक इसी तरह हमें भी मन में भक्ति का बीज बोते रहना चाहिए। जप के लिए सबसे जरूरी है एकाग्रता। सभी को एकाग्रता की जरूरत है। अशांत मन एकाग्र नहीं हो सकता है। जप करते रहेंगे तो मन शांत रहेगा, एकाग्रता बनी रहेगी। जप करने से देर से ही सही, लेकिन इसका सकारात्मक फल जरूर मिलता है।

## सटाका




## आज की पाती

### अब अमेरिका को धूल चटाए

राष्ट्रपिता गांधी जी ने केवल सत्य, अहिंसा और प्यार को आधार बना कर स्वदेशी के अस्त्र से अंग्रेजों को धूल चटा कर निकाल बाहर किया और भारत को स्वतंत्र करवाया। आज जब भारत वैश्विक षड्यंत्रों का शिकार है और अमरीका की आततायी नीति भारत को जख्म दे रही है, ऐसे में भारत केवल स्वदेशी की ढाल से अपनी और जनता की रक्षा कर सकता है। अमरीका, पाकिस्तान जैसे आतंकी राष्ट्र को यूएन में उच्च पद देकर तथा आर्थिक मदद दिलवा कर भारत और चीन दोनों को नुकसान पहुंचाना चाहता है। चीन का एक गुर्गा हथिया कर भारत व पाकिस्तान को अलग कर शोषण करना चाहता है। रूस की शक्ति क्षीण कर यूक्रेन के संसाधनों को हड़पना उसका लक्ष्य है। - विवेक जोशी, बिलासपुर

## ट्रेंड

### भारत-जापान सहयोग



जापान के पूर्व प्रधानमंत्री और जापान-भारत संघ के अध्यक्ष योशीहिदे सुगा के साथ मेरी बैठक हुई। हमने भारत-जापान सहयोग में प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, व्यापार, निवेश और अन्य क्षेत्रों में घनिष्ठ सहयोग बनाने के तरीकों पर चर्चा की।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### श्रद्धांजलि अर्पित




महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद को उनकी जयंती पर स्मरण और श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, उन सभी खिलाड़ियों को नमन है जिन्होंने राष्ट्र को गौरवान्वित करने के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया।
-धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री

### परियोजनाओं का लोकार्पण



'आंवला नगरी' प्रतापगढ़ में आज 570 करोड़ की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास कर जनपद की समृद्धि यात्रा को और गति प्रदान की। लोक-कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को चेक एवं प्रमाण-पत्र के साथ ही विद्यार्थियों को लैपटॉप भी वितरित किए।
-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### अभद्र भाषा का प्रयोग



दरभंगा में वोटर अधिकार यात्रा के दौरान कांग्रेस और राजद के मंच से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी स्व. माता जी के विरूद्ध जिस प्रकार की अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया है, वह अत्यंत अशोभनीय है और मैं इसकी निंदा करता हूं।
-नीतीश कुमार, सीएम, बिहार

## करंट अफेयर


# गाजा में महिलाएं और बच्चे भुखमरी का शिकार हो रहे



संयुक्त राष्ट्र खाद्य एजेंसी की प्रमुख ने कहा कि इस सप्ताह गाजा की उनकी यात्रा के दौरान यह ''बहुत स्पष्ट'' था कि फलस्तीनी क्षेत्र में पर्याप्त भोजन नहीं है तथा उन्होंने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से और अधिक सहायता की तत्काल जरूरत पर चर्चा की। संयुक्त राष्ट्र खाद्य एजेंसी ने पिछले सप्ताह कहा था कि गाजा पट्टी का सबसे बड़ा शहर अकाल की चपेट में है और यदि युद्धविराम नहीं हुआ या मानवीय सहायता पर प्रतिबंध समाप्त नहीं किए गए तो यह पूरे क्षेत्र में फैल सकता है। विश्व खाद्य कार्यक्रम की कार्यकारी निदेशक सिंडी मैकेन ने बताया कि गाजा में भुखमरी जारी है। उन्होंने कहा, ''मैंने गाजा में भुखमरी से जूझ रही माताओं और बच्चों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की और पूरी स्थिति खुद देखी।'' उन्होंने कहा कि नेतन्याहू '' इस बात से बहुत चिंतित थे कि लोगों को पर्याप्त भोजन नहीं मिल रहा है।'' इससे पहले उन्होंने गाजा में अकाल की बात से इनकार किया था और कहा था कि भुखमरी के दावे हमास का दुष्प्रचार अभियान है। मैकेन ने कहा, ''हम इस बात पर सहमत हुए कि हमें और अधिक मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए अपने प्रयासों को दोगुना करना होगा। हमारे काफिलों के लिए सुरक्षा और वहां तक पहुंचना जरूरी है।''

## ऑफ बीट

# शराब छोड़ने पर जिगर के साथ क्या होता है



वास्तव में, क्या लीवर वापस बढ़ सकता है? लीवर मानव शरीर का सबसे बड़ा आंतरिक अंग है। शराब जैसे विषाक्त पदार्थों का असर कम करने सहित सैकड़ों शारीरिक प्रक्रियाओं के लिए इसकी आवश्यकता होती है। चूंकि यह पी गई शराब के संपर्क में आने वाला पहला अंग है, इसलिए यह आश्चर्य की बात नहीं है कि यह शराब के प्रभावों के प्रति सबसे अधिक संवेदनशील है। हालाँकि, लंबे समय तक भारी शराब के सेवन से मस्तिष्क और हृदय सहित अन्य अंग भी क्षतिग्रस्त हो सकते हैं। यह लीवर में वसा जमा होने (फैटी लीवर) से लेकर निशान बनने (सिरोसिस) तक होने वाली बीमारी का एक पहलू है और यह आमतौर पर क्षति के अंतिम चरण तक कोई लक्षण पैदा नहीं करता है। सबसे पहले शराब लिवर को फैटी बनाती है। इस वसा के कारण लीवर में सूजन हो जाती है। जवाब में, यह निशान ऊतक का निर्माण करके खुद को ठीक करने की कोशिश करता है। यदि इसे अनियंत्रित जारी रखा जाता है, तो पूरा लीवर घावों का एक जाल बन सकता है और बीच में ''अच्छे'' हिस्सों के छोटे-छोटे द्वीप बन सकते हैं, जिसे सिरोसिस कहा जाता है। सिरोसिस के अंतिम चरण में, जब लीवर ख़राब हो जाता है, तो लोगों को पीलिया हो सकता है, सूजन आ सकती है और नींद की कमी और भ्रमित हो सकते हैं।

**हमारा पता**
**हरिभूमि कार्यालय**
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# ग्वालियर के दो दिवसीय 'रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव' ने दी पर्यटन को नई दिशा

## 'टाइमलेस ग्वालियर: इकोज ऑफ कल्चर, स्पिरिट ऑफ लेगेसी' थीम पर है केंद्रित

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

ग्वालियर-चंबल एवं सागर क्षेत्र की पर्यटन क्षमताओं को पहचानते हुए प्रदेश में पर्यटन निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ग्वालियर में 29 अगस्त से दो दिवसीय रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव शुरु हुआ। 'टाइमलेस ग्वालियर: इकोज ऑफ कल्चर, स्पिरिट ऑफ लेगेसी' थीम पर केंद्रित कॉन्क्लेव पर्यटन निवेश, सांस्कृतिक धरोहर, अनुभवात्मक पर्यटन और क्षेत्रीय विकास को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि ग्वालियर की दो दिवसीय 'रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव' पर्यटन को नई दिशा देगी। उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा 11 से 13 अक्टूबर तक भोपाल में मध्य प्रदेश ट्रैवल मार्ट का आयोजन किया जाएगा।

**निवेशक, पर्यटन व्यवसायी, टूर ऑपरेटर्स, होटल इंडस्ट्री के हितधारक होंगे शामिल**

**11 से 13 अक्टूबर तक भोपाल में मध्य प्रदेश ट्रैवल मार्ट का किया जाएगा**



### नई परियोजनाओं का हुआ शुभारंभ

कॉन्क्लेव में नई परियोजनाओं की शुरुआत भी होगी। इनमें हस्तशिल्पों की मार्केटिंग में संस्था डेलबर्टो महत्वपूर्ण साझेदारी होगी। इस साझेदारी से हस्तशिल्प प्रेमी एक विशेष ई-कॉमर्स प्लेटफ़ॉर्म के जरिए सीधे हमारे कारीगरों से जुड़कर उनके द्वारा तैयार किए गए उत्कृष्ट और प्रामाणिक उत्पाद घर बैठे ही खरीद सकेंगे। इंडिगो और आगा खां फाउंडेशन के सहयोग से सीएसआर के अंतर्गत ग्वालियर किले में संरक्षण, लैंडस्केपिंग और इल्युमिनेशन कार्यों का शिलान्यास होगा। स्वदेश दर्शन 2.0 के अंतर्गत ग्वालियर के फूल बाग में अनुभवात्मक पर्यटन परियोजनाओं का शिलान्यास हुआ। साथ ही मान सिंह तोमर म्यूजिक यूनिवर्सिटी में विकास कार्यों का शिलान्यास किया गया।

### पर्यटन को गति देने के लिए हुए कई अहम करार

कॉन्क्लेव में पर्यटन विकास को गति देने के लिए कई अहम करार होंगे। होटल, रिसोर्ट, वेलनेस और ईको-टूरिज्म क्षेत्र के निवेशकों को लेटर ऑफ अवॉर्ड प्रदान किए गए। पारंपरिक संगीतज्ञों, लोक कलाकारों और पर्यटक ग्रामों के कलाकारों की क्षमता निर्माण के लिए ग्वालियर की मान सिंह तोमर यूनिवर्सिटी के साथ एमओयू हुआ। इन्फ्लुएंसर मार्केटिंग और प्रचार-प्रसार के लिए याप डिजिटल, क्रायोन्स एडवरटाइजिंग, जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेस लिमिटेड, कॉन्सेप्ट कम्युनिकेशन्स के साथ अनुबंध हुए। इन समझौतों से न केवल निवेशकों का भरोसा बढ़ेगा, बल्कि स्थानीय समुदाय और कलाकार भी प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होंगे।

### सांस्कृतिक संध्या में दिखा मध्य प्रदेश का गौरव

रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव के प्रथम दिवस सांस्कृतिक संध्या में मध्यप्रदेश का गौरव देखने को मिला। इस दौरान कलाकारों द्वारा लोककला की प्रस्तुति दी गई। इसी प्रकार मैहर बैंड ने समां बांधा। इस कॉन्क्लेव में विशेष पर्यटन प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया, जिसमें मध्यप्रदेश के विविध पर्यटन स्थलों, पर्यटन इकाइयों, होस्पिटैलिटी ब्रांड्स, होमस्टे, रिसॉर्ट्स, हैंडलूम, हैंडिक्राफ्ट, साहसिक गतिविधियों और सांस्कृतिक धरोहरों को समर्पित स्टॉल लगाए गए। यह प्रदर्शनी निवेशकों, ट्रैवल एजेंट्स, टूर ऑपरेटर्स, स्थानीय उद्यमियों और आगंतुकों को एक मंच पर लाकर पर्यटन क्षेत्र में संभावनाओं को प्रत्यक्ष रूप से प्रस्तुत करने का अवसर दे रहीं है।

### टूरिज्म कॉन्क्लेव में होंगे दो महत्वपूर्ण सत्र

*रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव में दो महत्वपूर्ण सत्र होंगे। 'टूरिज्म ऐज अ कल्चरल ब्रिज-ब्रांडिंग ग्वालियर एंड हार्टलैंड ऑफ एमपी' विषय पर पैनल डिस्कशन होगा, जिसमें ग्वालियर की सांस्कृतिक धरोहर, शास्त्रीय संगीत और स्थापत्य कला को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने की रणनीतियों पर विचार होगा। दूसरा पैनल डिस्कशन 'ग्वालियर एंड चंबल राइजिंग-इनबाउंड अपील थ्रू हेरिटेज, लग्जरी एंड एक्सपीरियंस' विषय पर केंद्रित होगा, जिसमें विरासत, लग्जरी स्टे, डेस्टिनेशन वेडिंग और अनुभवात्मक पर्यटन जैसे नए आयामों पर संवाद होगा। कॉन्क्लेव में ट्रैवल ऑपरेटर्स, होटल व्यवसायियों और पर्यटन क्षेत्र से जुड़े हितधारकों के बीच द्विपक्षीय संवाद और पर्यटन क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा होगी।*

### इंफ्लुएंसर्स मीट होगी, जानेंगे समृद्ध विरासत

*कॉन्क्लेव में इंफ्लुएंसर्स मीट भी होगी। इसमें ग्वालियर–चंबल क्षेत्र के इंफ्लुएंसर्स शामिल होंगे और उन्हें अभिनेता फैसल मलिक के साथ रूबरू होने का अवसर मिलेगा। इसी तरह ग्वालियर किले पर 30 एवं 31 अगस्त को सुबह 6:30 बजे से योग सत्र का आयोजन किया जाएगा। चयनित अतिथियों एवं प्रतिनिधियों के लिए फैमिलियराइजेशन टूर का आयोजन किया जाएगा, जिसका उद्देश्य ग्वालियर एवं आसपास के पर्यटन स्थलों की संभावनाओं से प्रतिभागियों को प्रत्यक्ष रूप से परिचित कराना है। इस विशेष भ्रमण के माध्यम से प्रतिनिधियों को क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता, सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक महत्व आदि का अनुभव कराया जाएगा, जिससे वे निवेश, प्रचार-प्रसार और पर्यटन विकास की दृष्टि से गहराई से जुड़ सकें।*

---

## खबर संक्षेप

### पीएम स्वनिधि योजना का पुनर्गठन सराहनीय : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पीएम स्वनिधि योजना का पुनर्गठन कर ऋण अवधि 31 मार्च, 2030 तक बढ़ाने के निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना में ऋण अवधि को 31 दिसम्बर 2024 से आगे बढ़ाकर 31 मार्च, 2030 करने का निर्णय सराहनीय है।

### वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी मनोज द्विवेदी की पुत्रवधू का निधन

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी एवं पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया भोपाल



चैप्टर के अध्यक्ष मनोज द्विवेदी की पुत्रवधू एवं यश द्विवेदी की धर्मपत्नी श्रीमती आकृति द्विवेदी का बीमारी के दौरान गुरुवार 28 अगस्त को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 29 अगस्त को दोपहर निज निवास 127, गुड शेफर्ड कॉलोनी, कोलार रोड, भोपाल से भदभदा विश्राम घाट पहुंची, जहां अंतिम संस्कार किया गया। गौरतलब है कि श्रीमती आकृति द्विवेदी दूरसंचार विभाग में कार्यरत थी। वह अपने पीछे एक बिटिया सहित भरा-पूरा परिवार को छोड़ गईं।

---

### राशि स्वीकृत पर चीफ इंजीनियर नहीं होने से काम अटकने का आरोप

# 50 साल पुराना जीएमसी का हॉस्टल बदहाल टपक रही छत, टूट रहे पिलर, मरम्मत की दरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लगातार हो रही बारिश से एक तरफ जहां लोगों को हाल बेहाल हो रहे हैं वहीं गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) के हॉस्टल भी बदहाल हो रहे हैं। यहां की छतें टपक रही हैं तो पिलर में दरारें पड़ रही हैं। हॉस्टल की दीवारों और छतों से प्लास्टर तक गिर रहा है। इससे भी ज्यादा चिंता की बात है कि कॉलेज के 500 से ज्यादा मेडिकल छात्र यहां रहने को मजबूर हैं। मालूम हो कि जीएमसी के हॉस्टल 50 साल से ज्यादा पुराने हैं। हॉस्टल के सात ब्लॉक में से एफ ब्लॉक (गर्ल्स हॉस्टल) नया बन चुका है।

इन छात्रों का आरोप है कि वे कई बार संस्थान को पत्र लिख चुके हैं लेकिन रिनोवेशन नहीं हो रहा। छात्रों की स्थिति को देखते हुए अब कॉलेज प्रबंधन से रेनोवेशन के लिए 3.5 करोड़ रुपए की मांग की। बताया जा रहा है कि बीते सप्ताह राशि स्वीकृत भी हो गई, लेकिन इसी बीच चीफ इंजीनियर रिटायर हो गए और प्रोजेक्ट ठप पड़ गया।



### नए चीफ इंजीनियर की नियुक्ति की प्रक्रिया

*जानकारी के मुताबिक जब तक चीफ इंजीनियर की नियुक्ति नहीं होती रिनोवेशन का काम शुरू नहीं हो सकता। अब तक नए चीफ इंजीनियर की नियुक्ति की प्रक्रिया भी शुरू नहीं हुई। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं तक नई नियुक्ति में दो से तीन महीने का समय लगेगा। ऐसे में छात्रों को बारिश के महीने में इन परिस्थितियों में ही रहना होगा।*

### हॉस्टल की प्रमुख समस्याएं

- *साफ-सफाई का अभाव, गंदे कमरे और शौचालय*
- *दरकी दीवारें, सीलन, लीकेज और खराब फर्नीचर*
- *जर्जर ढांचा, 50 साल से भी पुराना स्ट्रक्चर*
- *बिजली की खराब वायरिंग, हादसे का खतरा*
- *मच्छर व गंदगी से डेंगू-मलेरिया का डर*
- *सुरक्षा व्यवस्था कमजोर, बाहरी लोगों की आवाजाही*

### 50 साल पुराना हॉस्टल अब रहने लायक नहीं

जीएमसी हॉस्टल 50 साल पुराने और बेहद जर्जर हो चुके हैं। यहां रहना मुश्किल है, लेकिन विकल्प न होने से छात्र मजबूर हैं। लगातार शिकायतों के बावजूद समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। पीजी सीटें बढ़ने के बाद नए हॉस्टल की भी सख्त जरूरत है। जीएमसी का छात्रावास अब रहने लायक नहीं बचा है। कभी हादसा हो सकता है।

डॉ. कुलदीप गुप्ता, अध्यक्ष, जूडा

### बारिश के बाद शुरू होगा कार्य

कॉलेज प्रबंधन की ओर से कोई देरी नहीं हुई है। जैसे ही चीफ इंजीनियर की नियुक्ति होगी, रेनोवेशन प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। हालांकि बरसात को देखते हुए अब काम बारिश के बाद ही शुरू करने की योजना है, ताकि काम के बीच कोई व्यवधान न आए।

डॉ. कविता एन. सिंह, डीन, जीएमसी

---

### चंद्रशेखर, नारायण और बेगवानी के बीच टक्कर

# अध्यक्ष पद के लिए पांच दावेदार चुनावी मैदान में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल की प्रतिष्ठित और धार्मिक त्यौहार की गतिविधियों में अग्रणी संस्था श्री हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष पद के लिए चुनावी बिगुल बज चुका है। एक सितंबर को होने वाले इस बहुप्रतीक्षित चुनाव को लेकर इस बार अध्यक्ष पद के लिए पांच दावेदार मैदान में हैं, जिनमें चंद्रशेखर तिवारी, कैलाश बेगवानी और नारायण कुशवाह के नाम भी चर्चा में हैं। जहां एक ओर चंद्रशेखर तिवारी को शहर के विभिन्न सामाजिक वर्गों से जनसमर्थन मिलता दिखाई दे रहा है, वहीं दूसरी ओर कैलाश बेगवानी और नारायण कुशवाह मतदाताओं तक पहुंच रहे है।

### श्री हिंदू उत्सव समिति का चुनाव एक सितम्बर को

समिति के अध्यक्ष पद के लिए पहली बार चंद्रशेखर तिवारी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। समिति के चुनाव को लेकर शहरभर में उत्सुकता बनी हुई है। डोर टू डोर जनसंपर्क: प्रत्याशी डोर-टू-डोर जनसंपर्क, सोशल मीडिया कैंपेन और स्थानीय कार्यक्रमों में भागीदारी के जरिए मतदाताओं को लुभाने की कोशिश कर रहे हैं। मुख्य चुनाव अधिकारी डॉ. पीसी कोठारी और टीम की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाए रखने की तैयारियां भी अंतिम चरण में हैं।

## बीएमएचआरसी: प्रशासनिक व वित्तीय प्रबंधन पर शुरू हुई प्रशिक्षण कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देश के विभिन्न शासकीय अस्पतालों एवं संस्थानों में स्थापित वायरल रिसर्च एवं डायग्नोस्टिक लेबोरेटरीज और इंटर-डिसिप्लिनरी रिसर्च डायग्नोस्टिक लेबोरेटरीज में कार्यरत वैज्ञानिकों और अधिकारियों के लिए प्रशासनिक एवं वित्तीय मामलों की समझ बढ़ाने के उद्देश्य से बीएमएचआरसी में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला की शुरूआत हुई। बीएमएचआरसी की प्रभारी निदेशक डॉ. मनीषा श्रीवास्तव ने कार्यशाला का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि ऐसी कार्यशालाएं प्रयोगशालाओं में कार्यरत वैज्ञानिकों और अधिकारियों के लिए बेहद उपयोगी साबित होंगी। प्रशासनिक और वित्तीय नियमों की स्पष्ट समझ अनुसंधान प्रोजेक्ट्स के सुचारु संचालन के लिए आवश्यक है। कार्यशाला में प्रतिभागियों को प्रोजेक्ट्स के लिए आवश्यक सामग्रियों की खरीद, वित्तीय नियमों और प्रक्रियाओं की जानकारी दी जाएगी।

---

# मुख्यमंत्री ने राजपत्रित अधिकारी संघ की स्मारिका का किया विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ के प्रांताध्यक्ष इंजी. डीके यादव के कार्यकाल के 10 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर संघ के दस वर्ष के कार्यकाल की एक स्मारिका का प्रकाशन किया है। गुरूवार को मुख्यमंत्री निवास पर स्मारिका का विमोचन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किया गया।

स्मारिका के विमोचन अवसर पर प्रांताध्यक्ष इंजी. डीके यादव, महामंत्री डॉ. संतोष गांधी, सचिव व्ही. आरएस चौहान, सचिव संतोष ऊईके, पूर्व संभागीय अध्यक्ष अजीत कुमार कुजूर की उपस्थिति में किया गया। दस वर्षों के कार्यकाल को समर्पित इस स्मारिका के प्रकाशन के अवसर पर डीके यादव ने संघ ने सभी पदाधिकारियों और सहयोगियों के प्रति आभार प्रकट किया हैं, जिनके अथक प्रयासों और सक्रिय सहयोग से यह स्मारिका साकार हो पाई है। उन्होंने कहा कि यह स्मारिका मप्र के सभी राजपत्रित अधिकारियों के लिए एक उपयोगी और प्रेरणादायक दस्तावेज साबित होगी।



### स्मारिका में दस वर्षों का लेखा-जोखा

यह स्मारिका विगत दस वर्षों की संघ की गतिविधियों, जैसे नियमित साप्ताहिक और वार्षिक बैठकें, संभागीय और जिला सम्मेलन, राष्ट्रीय त्योहारों 15 अगस्त और 26 जनवरी पर झंडा वंदन, होली और दीपावली मिलन समारोह, सेवानिवृत्त पदाधिकारियों की विदाई और विभिन्न सामाजिक व शासकीय आयोजनों का जीवंत दस्तावेज है। इसके अतिरिक्त, इसमें शासकीय व्यवस्था, सामाजिक और शासकीय कानूनों पर आधारित लेखों के साथ-साथ शासन के महत्वपूर्ण आदेशों और परिपत्रों को भी संकलित किया गया है। इन आयोजनों की संजीव झलक फोटो गैलरी के माध्यम से प्रस्तुत की गई है।

---

### मोबाइल खरीदने वालों पर भी कार्रवाई

# मोबाइल चोर पकड़ाया, पुलिस ने किया बड़ा खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

जिले में पुलिस ने मोबाइल चोरी के मामले में बड़ा खुलासा करते हुए एक चोर के अलावा चोरी का मोबाइल खरीदने वाले दो दुकान संचालकों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में पुलिस ने 19 मोबाइल फोन के अलावा नगदी रकम बरामद की है। मामला घरघोड़ा थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार 18-19 अगस्त की रात कुडुमकेला मेन रोड स्थित बेहरा मोबाइल दुकान में चोर ने मोबाइल चोरी किए थे। दुकान संचालक ओमप्रकाश बेहरा की रिपोर्ट पर थाना घरघोड़ा में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच में आरोपी दीपक झरिया (19) को पकड़ा, जिसने चोरी स्वीकार



कर बताया कि उसने मोबाइलों को रायगढ़ के मोबाइल दुकानों में बेचा है। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की रकम में से 11 हजार रुपये नकद तथा 17 पुराने मोबाइल बरामद किए। वहीं, चोरी के मोबाइल खरीदने वाले दो दुकान संचालक अंकुश अग्रवाल (30) और यश बंसल (29) से भी चोरी के मोबाइल जब्त किए गए। अंकुश अग्रवाल से एक मोबाइल (कीमत 10,999 रुपये) और यश बंसल से एक मोबाइल (कीमत 16,999 रुपये) बरामद हुआ।

---

### मासूम बच्चे की करंट लगने से मौत

**गौरेला पेंड्रा मरवाही।** मरवाही थाना क्षेत्र के करगीकला में एक 6 साल का बच्चा खेतों को मवेशियों से बचाने के लिए लगाए गए झटका करंट की चपेट में आने से बुरी तरह झुलस गया और उसकी मौत हो गई।

**■ मवेशियों से बचाने खेत के चारों ओर लगाए थे तार**

फिलहाल मरवाही पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घटना मरवाही थाना क्षेत्र के करगीकला ग्राम पंचायत की है जहां पर रहने वाले दिहाड़ी मजदूर ईट लेस सिंह का 6 साल का बच्चा गीत सिंह घर के पास खेल रहा था। उसी समय खेलते खेलते घर के पास स्थित एक खेत के पास निकल गया। जहां पर खेत मालिक ने खेतों में लगी फसलों को मवेशियों से बचाने के लिए खेत के चारों ओर झटका तार (विद्युत करन्ट) लगा रखा था। बच्चा उसकी चपेट में आ गया।

---

### आठ लोगों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई

# प्रार्थना सभा की आड़ में धर्मांतरण का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

एक बार फिर धर्मांतरण का गंभीर मामला सामने आया है। इस बार भी प्रार्थना सभा की आड़ में धर्मांतरण का प्रयास किया जा रहा था। हिंदू संगठनों की दबिश और हंगामे के बाद पुलिस ने मामले में आठ लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मामला मस्तूरी थाना क्षेत्र के पेंड्री का है।

**■ हिन्दू संगठनों ने किया पुरजोर विरोध**

जहां से हिन्दू संगठनों को सूचना मिली कि क्षेत्र के एक बंद पड़े पोल्ट्री फॉर्म में प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया है। प्रार्थना सभा की आड़ में धर्मांतरण का खेल खेला जा रहा है। पुलिस को सूचना




देते हुए हिन्दू संगठन ने मौके पर दबिश दी। यहां 15- 20 लोग प्रार्थना सभा में मौजूद मिले। पास्टर संजीव सूर्यवंशी सहित अन्य प्रार्थना सभा के जरिए चंगाई और धर्मांतरण का प्रयास कर रहे थे। मौके से दूसरे धर्म की किताब, डायरी भी जब्त की गई। पुलिस ने मामले में संजीव सूर्यवंशी सहित 8 लोगों के खिलाफ अलग-अलग धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। आरोपियों को हिरासत लेकर पूछताछ की जा रही है।

---

### ऑपरेशन मानसून के तहत चलाया जा रहा है अभियान

# पुलिस को मिली सफलता मिला हथियारों का जखीरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बस्तर

छत्तीसगढ़ के बस्तर में नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे 'ऑपरेशन मानसून' में नारायणपुर पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। सर्चिंग के दौरान अबूझमाड़ के कसोद की पहाड़ियों में नक्सलियों से जवानों की मुठभेड़ हुई है।

मौके से माओवादी संगठन के हथियारों का जखीरा बरामद हुआ है। भारी मात्रा में नक्सलियों के हथियार बरामद हुए हैं। मौके से माओवादियों द्वारा बनाए गए एडवांस हथियार, मोटर स्टैंड, लाइट मशीन गन, एके-47, टिर्ची असॉल्ट राइफल, भारी मात्रा में भरमार बंदूकें, इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव




डिवाइस और अंडर बैरल ग्रेनेड लांचर बरामद किए गए। यह ऑपरेशन भारी बारिश और उफनती नदियों के बीच पांच दिनों तक चला, जिसमें जवानों ने कठिन परिस्थितियों में साहस और समन्वय का परिचय दिया। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने बताया कि यह ऑपरेशन खुफिया जानकारी के आधार पर शुरू किया गया था। नक्सलियों के इस हथियार डंप की बरामदगी से माओवादी संगठन को बड़ा झटका लगा है। कार्रवाई को 'मारह बचाओ अभियान' और ऑपरेशन मानसून का हिस्सा बताते हुए उन्होंने कहा कि नक्सलवाद के खात्मे के लिए ऐसी कार्रवाइयां जारी रहेंगी।

---

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में वन्यजीवों के पुर्नवास के लिए हुआ एमओयू

# उज्जैन में होगी चिड़ियाघर-सह-सफारी केंद्र की स्थापना

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की उपस्थिति में गुरूवार को मध्यप्रदेश टाइगर फाउंडेशन समिति और ग्रीन्स जूलॉजिकल रेस्क्यू एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर समिति के बीच एमओयू हुआ। चिड़ियाघरों, रेस्क्यू सेंटर्स और सफारी में रखे गए वन्यजीवों के पुर्नवास, संरक्षण, पशु स्वास्थ्य और कल्याण में सहयोग करना इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य है, इस दिशा में संयुक्त प्रयास किए जाएंगे।

उज्जैन में प्रस्तावित चिड़ियाघर-सह-सफारी केंद्र की स्थापना के लिए तकनीकी सहायता सहित वन कर्मियों, पशु चिकित्सकों और हाथी महावतों के लिए विशेष क्षमता-निर्माण और कौशल उन्नयन के कार्यक्रम संचालित होंगे। साथ ही पशु चिकित्सा अस्पताल और नैदानिक प्रयोगशालाओं सहित उन्नत वन्यजीव स्वास्थ्य और बचाव बुनियादी ढांचे का सहयोगात्मक विकास भी किया जाएगा।



### यह अधिकारी रहे उपस्थित

मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में हुए एमओयू हस्ताक्षर और आदान-प्रदान अवसर पर अपर मुख्य सचिव वन अशोक बर्णवाल, प्रधान मुख्य वन संरक्षक वीएन अम्बाड़े, ग्रीन्स जूलॉजिकल रेस्क्यू एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर के डॉ बृज किशोर गुप्ता, अनुपम जैन और संदीप दीक्षित उपस्थित रहे।

### डिजिटल चिड़ियाघर प्रबंधन सूचना प्रणाली का होगा विकास

मुख्यमंत्री डॉ यादव की उपस्थिति में हुए इस एमओयू के अंतर्गत प्रदेश के चिड़ियाघर संस्थानों के लिए एकीकृत डिजिटल चिड़ियाघर प्रबंधन सूचना प्रणाली का डिजाइन और विकास किया जाएगा। संरक्षण योजना और साक्ष्य-आधारित वन्यजीव प्रबंधन के लिए, विशेष रूप से चिड़ियाघर के बाघों की आबादी के आणविक आनुवंशिक विश्लेषण के लिए ग्रीन्स जूलॉजिकल रेस्क्यू एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर की उन्नत प्रयोगशाला की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। वन्यजीवों को प्रभावित करने वाली बीमारियों की रोकथाम, निदान और उपचार के लिए भी संयुक्त अनुसंधान आरंभ होंगे। यह एमओयू दो साल की अवधि के लिए लागू रहेगा। समझौते के अनुक्रम में ग्रीन्स सेंटर तकनीकी प्रोटोकॉल, पशु चिकित्सा पद्धतियों और पशु कल्याण मानकों की समीक्षा कर, इस संबंध में सलाह राज्य शासन के वन विभाग को दे सकेगा।

## शहर आकर्षक विद्युत साज-सज्जा से जगमगाया

# सजे-धजे पंडालों में भव्य गणेश प्रतिमाओं की हुई स्थापना




**जबलपुर।** 11 दिवसीय गणेश उत्सव पर्व शहर में धूम धाम से मनाया जा रहा है। आकर्षक साज सज्जा के बीच प्रतिमाओं की स्थापना का क्रम जारी है। मालवीय चौक में भव्य गणेश जी की स्थापना की गई है। उपनगरी क्षेत्र गढा, गोरखपुर, सदर, आधारताल में भी गणेश उत्सव की धूम शुरु हो गई। साज सज्जा को अंतिम रुप दिया जा रहा है। पर्व का आज चौथा दिन है। कल से सड़को पर गजानन के दर्शनार्थ के लिए लोगों का निकलना प्रारंभ हो जाएगा और आखिरी के तीन दिन देर रात तक सडकों पर घूमते नजर आएंगे। किसी भी तरह से मेहनत करके समिति के कार्यकर्ता एक से बढ़कर एक सजावट और झांकियां बनाने में लगे हैं। अनेक स्थानों पर गणेश प्रतिमाओं की स्थापना भी कर दी गई है। वहीं कई पंडालों में स्टेज को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सुबह-शाम गणेश पंडालों में ''जय गणेश, जय गणेश देवा'' की गूंज सुनाई देने लगी है। हर तरफ गणेश उत्सव की तैयारियां चरमोत्कर्ष पर है। अगले दो-चार दिनों में जब साज-सज्जा के साथ-साथ गणेश प्रतिमाओं की स्थापना का काम पूरा होगा तब गजानन के दर्शनार्थ सड़कों पर भीड़ प्रारंभ हो जाएगी। शहर में श्री साईं गणेश उत्सव समिति छोटी महाकौशल स्कूल, महाराष्ट्र मंडल, महाराष्ट्र स्कूल, त्रिमूर्ति कला मंदिर साठियां कुआं, में विशाल और आकर्षक गणेश प्रतिमाओं की स्थापना कर दी गई है। अंकुर युवा संस्था कोतवाली के अलावा उपनगरीय क्षेत्र सदर, गोरखपुर में अभी गणेश पंडालों में भी भव्य और आकर्षक प्रतिमाओं की स्थापना की गई। सडको को रंग बिरंगी रोशनी से सजाया गया है।

## संतान सप्तमी का पर्व आज

जबलपुर। संतान की उम्र में वृद्धि की कामना को लेकर मनाये जाने वाले संतान सप्तमी का पर्व आज पूरी श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जायेगा। महिलाएं आज संतान सप्तमी का व्रत रखेंगी। घर-घर में संतान सप्तमी की पूजा होंगी। माताएं अपने पुत्रों के दीर्घायु होने की कामना कर व्रत रखेंगी और मालपुआ के साथ पूजा अर्चना कर भगवान शंकर और माता पार्वती की प्रार्थना करेगी। ज्योतिषाचार्य पी.एल.गौतमाचार्य ने बताया कि भाद्रपद की शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को यह पर्व मनाया जाता है, इस पर्व में भगवान शंकर तथा माता पार्वती की पूजा का विधान है। महिलाएं इस व्रत को उत्तम संतान प्राप्ति की कामना और संतान की लंबी आयु की कामना को लेकर रखती हैं। सुबह से स्नान ध्यान कर महिलाएं व्रत रहती हैं। चांदी की अंगूठी या चूड़ी में हर साल थोड़ी थोड़ी सी चांदी की वृद्धि कराकर उसे दूध में धोकर संतान के नाम से धारण करती हैं और पूजा अर्चना कर भगवान से अपनी संतान की उन्नति की कामना करती हैं।



### विद्युत मुख्यालय के निर्विघ्न निर्माण के लिए की गई थी स्थापना

## आस्था और श्रद्धा का केंद्र बना विद्युत मंडल का श्रीगणेश मंदिर

**जबलपुर।** जब नागपुर से विद्युत मण्डल का मुख्यालय जबलपुर स्थानांतरित किया गया तब रामपुर में मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल का निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ। उस समय एक ठेकेदार गणेश प्रसाद दीक्षति जीने पहाड़ी के ऊपर एक गणेश मूर्ति की स्थापना इस उद्देश्य से की कि निर्माण कार्य सफलतापूर्वक पूरे हो जाएं। मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल के निर्माण कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण होने के उपरांत तत्कालीन चेयरमेन श्रीनाथ मेहता आईसीएस ने 1960 में मंदिर का स्वरूप देने के लिए शिलान्यास किया।कालांतर में यह गणेश मंदिर जबलपुर के मराठी समाज में एक सिद्ध मंदिर के रूप में प्रसिद्ध हुआ। गणेशोत्सव में पूरा मराठी समाज इस मंदिर में दर्शन करने के लिए आने लगा और बाद में जबलपुर के समस्त लोग यहां आने लगे।1990 के दशक में विद्युत मण्डल के तत्कालीन सदस्य सिविल वीके ब्राम्हणकर ने गणेश मंदिर का विस्तार कार्य करवाया गया। इससे मंदिर को व्यापक स्वरूप मिला। इस विस्तार कार्य में मंदिर तक जाने के लिए पक्की सीढ़ियां और एक सभागार बनवाया गया।विद्युत मण्डल के तत्कालीन चेयरमेन पीएल नेने के कार्यकाल में गणेश मंदिर प्रबंधन समिति का गठन किया गया। गणेश मंदिर प्रबंधन समिति के पदेन अध्यक्ष विद्युत मण्डल के अध्यक्ष रहते थे और अब यह जिम्मेदारी पावर मैनेजमेंट कंपनी के प्रबंध संचालक संभालते हैं। समिति के पदेन सचिव अधीक्षण अभियंता सिविल और पदेन कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी क्षेत्रीय लेखाधिकारी जबलपुर सर्कलि के पास रहती है।



## हॉकी के जादूगर ध्यानचंद की जयंती खेल दिवस के रूप में मनाई गई

**जबलपुर।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में आज मशाल परिसर में हॉकी के जादूगर ध्यानचंद की 120 जयंती खेल दिवस के रूप में मनाई गई। परिषद के मशाल परिसर में स्थापित मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा के समक्ष सुबह से खिलाड़ियों की भीड़ ध्यानचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के लिए जुटी रही। केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के द्वारा पिछले वर्ष मशाल परिसर में मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा को स्थापित किया गया है। यह मध्यप्रदेश में हॉकी के जादूगर की स्थापित होने वाली प्रथम प्रतिमा है।केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव राजीव गुप्ता ने शुक्रवार की सुबह आयोजित कार्यक्रम में हॉकी के जादूगर की प्रतिमा को माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। महासचिव राजीव गुप्ता ने मेजर ध्यानचंद के जादूई खेल का जिक्र करते हुए नवोदित खिलाड़ियों से आह्वान किया कि वे अपने खेल जीवन में हॉकी के जादूगर के खेल व खेल भावना का अनुशरण करें।इस अवसर पर केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के सचिव खेल महेश चन्द्र बलोधी, सचिव कार्यालय आलोक श्रीवास्तव, सचिव कला व संस्कृति दीपक निगम, हितेश परमार, अनिल शर्मा, महेन्द्र सोनी, व्हॉलीबाल प्रतीक शर्मा, नीरज दुबे, प्रतीक कुन्टे, अशोक चौहान, संजय सिंह, राकेश स्वामी, रजनी धारने, सुनील सिंह, संजय केने, शिल्पा तामणे, सुनील यादव, सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी व बच्चे उपस्थित थे।

## एमपी ट्रांसको के गप्पू सिंह पुरूस्कृत



**जबलपुर।** चिलचिलाती भीषण गर्मी में 400 के.व्ही. लाइनों के 50 डिग्री सेंटीग्रेड से अधिक तापमान के क्षतिग्रस्त टॉवरों की मरम्मत कर पुर्नस्थापना में विशेष योगदान देने वाले एम.पी. ट्रांसको इटारसी के वरिष्ठ लाइन कार्मिक गप्पू सिंह को मुख्यालय जबलपुर में आयोजित एक समारोह में एम.पी. ट्रांसको के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने सम्मानित कर पुरूस्कृत किया। उल्लेखनीय है ग्रीष्म ऋतु में मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन (एम.पी. ट्रांसको) की 400 के.व्ही. भोपाल-इटारसी एवं 400 के.व्ही. बीना- भोपाल लाइन के अनेक टावर क्षतिगस्त हो गये थे। राजधानी भोपाल से जुड़ी इस अति महत्वपूर्ण लाइन के टावरों के कम से कम समय में पुर्नस्थापना कार्य को गप्पू सिंह ने एम.पी. ट्रांसकों की विभिन्न टीमों के कार्मिकों से समन्वय बनाकर न्यूनतम संभव समय में कर दिखाया।

## कांचघर दशहरा चल समारोह समिति की आवश्यक बैठक आज

**जबलपुर।** प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष की कांचघर दशहरा चल समारोह 2025 अपनी आलौकिक भव्यता, उत्साह और परंपरा के साथ मनाया जाएगा। इस हेतु दिनांक 30.8.2025 को दिन शनिवार रात्रि 9 बजे राम मंदिर प्रांगण जीसीएफ स्टेट जबलपुर में एक आवश्यक बैठक रखी गई है, इस बैठक का मुख्य उद्देश्य दशहरा चल समारोह की भव्यता पर चर्चा एवं दशहरा चल समारोह-2025 के अध्यक्ष पद का चुनाव एवं गठन किया जाएगा। कांचघर के उपनगरीय क्षेत्र के समस्त राजनीतिक, सामाजिक संगठन, दुर्गा उत्सव समिति के प्रतिनिधिगण, व्यापारी बंधुओं, सभी समाज के पदाधिकारी की उपस्थिति की अपील आयोजक सरमन रजक, संरक्षक मुरलीधर राव, डॉ. रमाकांत रावत, जी.एस. ठाकुर, एडवोकेट सुधीर शर्मा एवं पूर्व अध्यक्ष मुन्ना ठाकुर, संजय साहू, अतुल गुप्ता ने की है।

### टिकाऊ खेती पर 8 दिवसीय अंतर्राज्यीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल समापन

## व्यवसायिक तकनीकी, पशुपालन और समन्वित कृषि प्रणाली अपनाने पर जोर




**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय (जनेकृविवि), जबलपुर के मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन शास्त्र विभाग और आसा, भोपाल के संयुक्त तत्वाधान में टिकाऊ खेती विषय पर आयोजित अंतर्राज्यीय 8 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तृतीय बैच का भव्य समापन कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की उपस्थिति में हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए डॉ. मिश्रा ने व्यवसायिक तकनीकी, पशुपालन और समन्वित कृषि प्रणाली को कृषि के सतत विकास के लिए आवश्यक बताया। उन्होंने किसानों की आय दोगुनी करने के लिए इन तकनीकों को अपनाने की बात कही।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. जी.के. कौतु (निदेशक, अनुसंधान सेवाएं) ने स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप तकनीक के चयन पर बल दिया, जिससे मृदा और जीवों के स्वास्थ्य को स्थायी रूप से बनाए रखा जा सके। विशिष्ट अतिथि डॉ. के.के. त्रिवेदी (मुख्य आयोजक, आसा, भोपाल) ने प्रशिक्षण के फील्ड परिणामों की सराहना करते हुए कहा कि विज्ञान आधारित तकनीकों के कारण कार्यप्रणाली में सकारात्मक परिवर्तन देखा गया है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन शोध छात्रा संज्ञा प्यासी द्वारा किया गया, वहीं आभार प्रदर्शन डॉ. बी.एस. द्विवेदी (सह-समन्वयक, वैज्ञानिक) ने किया। समापन समारोह में डॉ. एच.के. राय, डॉ. अमित उपाध्याय, डॉ. राकेश साहू, डॉ. अभिषेक शर्मा, डॉ. फूलचंद अमूले, डॉ. किरण पटेल, डॉ. शैलू यादव, सहित अनेक अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## स्कूल में धूमधाम से मनाया जन्माष्टमी उत्सव

**जबलपुर।** यश नर्सरी हायर सेकेंडरी स्कूल में भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व नन्हे-मुन्ने किंडरगार्टन छात्रों के साथ बड़े हर्षोल्लास और भव्यता से मनाया गया। विद्यालय का पूरा वातावरण भक्ति और उल्लास से गूंज उठा। इस अवसर पर किंडरगार्टन के बच्चों ने रंग-बिरंगे परिधानों में बाल गोपाल, राधा-कृष्ण और गोपियों की मनमोहक झलकियां प्रस्तुत कीं। बच्चों की प्यारी वेशभूषा और उनकी मासूम अदाओं ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों ने श्रीकृष्ण के जीवन प्रसंगों पर आधारित नृत्य-नाटिका, भजन और झांकियाँ प्रस्तुत कीं। माखन-चोरी, दही-हांडी और मटकी-फोड़ जैसी गतिविधियों ने कार्यक्रम में उत्साह और ऊर्जा भर दी। विद्यालय प्रांगण में गूंजते "हरे कृष्ण, हरे मुरारी" और "जय कन्हैया लाल की" के जयकारों ने सभी को भक्तिमय माहौल में सराबोर कर दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रेया तिवारी, अतुल श्रीवास्तव, अरुणा कनोजिया, अल्का विश्वकर्मा, रमा कच्छवाहा, पूजा श्रीवास, वैशाली श्रीवास एवं पूजा विजपुरिया का विशेष सहयोग रहा।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर विशेष व्याख्यान का आयोजन



**जबलपुर।** राष्ट्रीय खेल दिवस जो हर वर्ष 29 अगस्त को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, इस अवसर पर संत अलॉयसियस महाविद्यालय एवं 2 एमपी गर्ल्स बाटलियन के तत्वावधान में एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के एथलीट ट्रेनर डॉ. प्रशंनजीत चट्टर्जी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होनें खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है, बल्कि मानसिक संतुलन और समग्र व्यक्तित्व विकास के लिए भी अनिवार्य है। इस अवसर पर 2 एम.पी. गर्ल्स बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल दिनेश जायसवाल ने शुभकामनाएँ प्रेषित की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. फा. जे. बेन एन्टोन रोज़ ने छात्राओं को संबोधित किया एवं उन्होंने जीवन के सभी क्षेत्रों-विशेषकर खेल और सेना में नारी शक्ति की भूमिका और योगदान पर जोर दिया। एनसीसी ऑफिसर मेजर डॉ. सोनल राय ने राष्ट्रीय खेल दिवस की महत्ता पर अपने विचार साझा किए। महाविद्यालय के खेल अधिकारी हरीश दुबे एवं सुश्री रोहिला पिल्ले का योगदान रहा। साथ ही प्राचार्य द्वारा पलक चंसोरिया, महक जायसवाल एवं खुशी बेन को प्रथम साउथ एशियन ड्यू बॉल चैम्पियनशिप में प्रथम स्थान अर्जित करने पर शुभकामनाएँ दी।

## भगवान श्री सुप्तेश्वर गणेश मंदिर में पर्व पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**जबलपुर।** भगवान श्री सुप्तेश्वर गणेश मंदिर में श्री गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर प्रातःकाल से अभिषेक पूजन, वस्त्र अर्पण, माल्यार्पण, अथर्व शीर्ष पाठ, आरती, प्रसाद कार्यक्रम सानंद सम्पन्न हुये। रात्रि 7.15 बजे महाआरती एवं प्रसाद, भजन संध्या का कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से आनंद पूर्वक सम्पन्न हुआ। महामण्डलेश्वर डॉ. स्वामी राधे चैतन्य एवं पूज्य स्वामी अनूप देव महाराज द्वारा भगवान श्री गणेश जी की मंगल महाआरती की गई एवं उनके आशीर्वचन हुये।दिनांक 29-8-25 को प्रातः 10.00 बजे से भगवान श्री सुप्तेश्वर गणेश जी की पूजन, अथर्व शीर्ष पाठ, अभिषेक, आरती, प्रसाद,वस्त्र अर्पण एकता परिसर मंडल द्वारा, माला अर्पण, सायं 7.15 बजे महाआरती का आयोजन श्री सुप्तेश्वर विकास समिति द्वारा बड़ी श्रद्धा एवं भक्ति से किया गया। महाआरती के उपरान्त प्रसाद वितरण किया गया। प्रसाद यजमान पीके दुबे एवं रजनी अहलुवालिया द्वारा वितरण किया गया।

## मृतक छात्र के परिवार को नौकरी व मुआवजा दिया जाए



**जबलपुर।** विगत दिनों पूर्व शासकीय सीनियर आदिवासी बालक छात्रावास हरदुली कला में छात्र राजाराम धुर्वे की हुई मौत के मामले को लेकर अनुसूचित जाति, जनजाति छात्र संघ ने 29 अगस्त को कलेक्टर में संभागीय आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर मृतक छात्र के परिवार को नौकरी देने, दोषी कर्मचारियों को बर्खास्त करने तथा पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की है। साथ ही कार्यवाही नहीं करने पर तीव्र आंदोलन की चेतावनी दी है। ज्ञापन के दौरान संगठन के संस्थापक शुभम चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष सोनेलाल उरैती, महेश अहिरवार, सुरेन्द्र धुर्वे, भूपेन्द्र मरावी, भारती मेहरा, संगीता, शालिनी, मनीषा, प्रीति, त्रिवेणी, श्रवण, निकिता, शुभम ठाकुर, राजेश मरावी, मिथलेश परस्ते, शिवराज मार्को, विशाल मरावी सहित सैकड़ों छात्र उपस्थित रहे।

## बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने कार और मॉर्गेज लोन की दरों में की कटौती

**जबलपुर।** बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने त्योहारी सीज़न की शुरुआत पर कार लोन और मॉर्गेज लोन पर ब्याज दरें घटा दी हैं। अब कार लोन की दरें 8.15% प्रतिवर्ष से शुरू होंगी (पहले 8.40%) और मॉर्गेज लोन की दरें 9.85% से घटाकर 9.15% कर दी गई हैं।यह लाभ नई कार खरीदने वालों और अपनी संपत्ति की एवज में ऋण लेने वालों के लिए है। बैंक ने यह कदम ग्राहकों को सस्ता ऋण देकर उनकी खरीदारी को आसान बनाने के लिए उठाया है।

## मुक्ति पर्व देश की स्वतंत्रता के साथ आत्मिक जागृति का भी पावन पर्व

### भक्ति में आजादी की मुक्ति : निरंकारी राजपिता रमित जी



**जबलपुर।** सम्पूर्ण भारत वर्ष ने 79वां गौरवशाली वर्ष का उत्सव मनाया, इसी उपलक्ष्य में संत निरंकारी मिशन ने मुक्ति पर्व को आत्मिक स्वतंत्रता के रूप में श्रद्धा और समर्पण से भव्यतापूर्वक आयोजित किया। मुक्ति पर्व समागम का आयोजन निरंकारी राजपिता की पावन अध्यक्षता में दिल्ली स्थित ग्राउंड नं-08 में बुरारी रोड पर किया गया, जिसमें दिल्ली और एन.सी.आर. के क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालुओं और भक्तो ने सम्मिलित होकर सद्गुरु के आदेशानुसार उन महान विभूतियों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए जिन्होंने मुक्ति मार्ग को प्रशस्त करने हेतु अपना सम्पूर्ण जीवन ही मानवता की सेवा में अर्पित कर दिया। इसके अतिरिक्त विश्व भर में मिशन की सभी शाखाओं में भी मुक्ति पर्व के अवसर पर विशेष सत्संग का आयोजन कर इन दिव्य संतों को नमन किया। संत निरंकारी मण्डल की शाखा गोलबाजार सत्संग भवन में भी नागोद से आई बहिन मेघा गुनानी के सानिध्य में सैकड़ों श्रद्धालुओं और भक्तों की उपस्थिति में मुक्ति पर्व का आयोजन किया गया। भक्तों ने शहंशाह बाबा अवतार सिंह, जगत माता बुधवंती, राजमाता कुलवंत कौर, माता सविंदर, भाई साहब प्रधान लाभ सिंह एवं अन्य अनेकानेक समर्पित भक्तों को हृदय से स्मरण कर उनके जीवन से प्रेरणा प्राप्त की। मुक्ति पर्व की मूल भावना यह है, कि जैसे भौतिक स्वतंत्रता हमें राष्ट्र की उन्नति का मार्ग देती है, वैसे ही आत्मिक स्वतंत्रता यानी जनम-मरण के चक्र से मुक्ति मानव जीवन की परम उपलब्धि है। यह मुक्ति केवल ब्रम्हज्ञान की दिव्य ज्योति से संभव है, जो आत्मा को परमात्मा से जोड़ती है तथा जीवन के वास्तविक उद्देश्य का बोध कराती है।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, तहसील अधारताल, जिला जबलपुर**
रा.प्र.क्र./416/अ-6/2025-2026
अधारताल, दिनांक 26/8/25
**आम इश्तहार**
एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम / नजूल ब्लॉक नं. मो. शाहजाद तहसील अधारताल जिला जबलपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक-पिता/पति मो. सलीम जाति- निवासी 315/1565 बेरियातले, मोतीनाला जि. जबलपुर के द्वारा ग्राम / ब्लॉक नं.- बंदोबस्त नं.- प.ह.नं.- नजूल प्लाट नं.- में स्थित भूमि खसरा नंबर 178/1/2 रकवा क्रमशः 320 वर्ग में से रकवा- वर्गफुट / हेक्टेयर भूमि के खाताधारक की मृत्यु दिनांक- होने के उपरांत उनके विधिक वारसान द्वारा फौती के माध्यम से नामांतरण हेतु मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति, खसरा नकल सहित आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किये जाने से प्रकरण विचाराधीन है।
तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति हो तो लिखित में आपत्ति मय दस्तावेज पेशी दिनांक तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।
यह इस्तहार न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक - 26/08/25
पेशी दिनांक - 09/09/25 नायब तहसीलदार
मुद्रा तहसील अधारताल जबलपुर

**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा.प्र.क्रं/657/अ-6/2025-26
**आम इश्तहार**
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक ग्रेस भारत/ स्व. प्रभात भारत निवासी-2755, मिशन कम्पाउंड नेपियर टाउन जबलपुर ने नजूल ब्लाक नं.-04 प्लाट नं.-15/37 निर्मित रकवा/ रकवा 1659.636 व.फु./ अवि. हिस्सा- व.फु./ हे. विक्रय पत्र/ हक त्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक/ दिनांक- मृत्यु दिनांक-17/03/2006, 13/10/2022, 09/10/2017 को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र- खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।
प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं.-04 प्लाट नं. -15/37 निर्मित रकवा/ रकवा-1659.636 व.फु./ अवि. हिस्सा- व.फु.हे. / ग्राम -सिविल स्टेशन प.ह.नं.- खसरा नं.- रकवा- 1659.636 व.फु./ हे. ई. भारत S/o भारत, प्रभात भारत S/o स्व. श्री ई. भारत नि.-2755 मिशन कम्पाउण्ड नेपियर टाउन के नाम दर्ज है।
अत: किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 08/09/2025 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
इश्तहार आज दिनांक 21/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक-21/08/2025
पेशी दिनांक-08/09/2025 तहसीलदार
मुद्रा रांझी, जबलपुर

## सुरक्षा एवं समानता सुनिश्चित करने में पूर्व तट रेलवे है मील का पत्थर

# रेलवे के खोरधारोड मंडल ने पीओएसएच अधिनियम पर आयोजित किया जागरूकता और संवेदीकरण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज, खोरठा रोड।



सुरक्षित, सम्मानजनक और समावेशी कार्यस्थल को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, पूर्व तट रेलवे के खोरधारोड मंडल ने पलासा में यौन उत्पीड़न रोकथाम (पीओएसएच) अधिनियम, 2013 पर एक व्यापक जागरूकता और संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 के प्रावधानों की समझ और अनुपालन को बढ़ावा देना तथा कार्यस्थल पर किसी भी प्रकार के उत्पीड़न के प्रति मंडल की शून्य-सहिष्णुता नीति को सुदृढ़ करना था।

इस सत्र में तपस्विनी महानंदिया, सहायक कार्मिक अधिकारी सह विशाखा आंतरिक समिति की कार्यकारी सदस्य एवं खोरधारोड मंडल के शी बॉक्स की नोडल अधिकारी ने विस्तृत और व्यावहारिक व्याख्यान दिया, जिसमें उन्होंने महिला कर्मचारियों के लिए एक सुरक्षित और सहायक वातावरण बनाने के महत्व पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में पलासा में तैनात फ्रंटलाइन स्टाफ और अन्य कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी देखी गई, जो एक सम्मानजनक और उत्पीड़न मुक्त कार्यस्थल सुनिश्चित करने के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह पहल,कर्मचारी अधिकारों को बनाए रखने, लैंगिक संवेदनशीलता को प्रोत्साहित करने तथा कार्यस्थल पर सुरक्षा एवं समानता सुनिश्चित करने में उदाहरण प्रस्तुत करने के लिए पूर्व तट रेलवे के व्यापक प्रयासों में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

### पीओएसएच अधिनियम के इन प्रावधानों पर हुइ विस्तृत चर्चा

आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) और स्थानीय शिकायत समिति (एलसीसी) का गठन और उसकी भूमिका, यौन उत्पीड़न की घटनाओं को रोकने, वर्जन करने और निवारण करने में नियोक्ताओं की जिम्मेदारियां, कर्मचारियों के लिए उपलब्ध कानूनी ढांचा और निवारण तंत्र।



# संजना सांघी बनीं संयुक्त राष्ट्र SDG यंग लीडर्स चयन पैनल की जज

**मंबई।** अभिनेत्री और यूएनडीपी इंडिया युथ चैंपियन संजना सांघी को संयुक्त राष्ट्र युथ ऑफिस द्वारा यंग लीडर्स फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स (SDG) के पाँचवें कोहोर्ट के लिए डिस्टिंग्विश्ड जज पैनल में शामिल किया गया है। यह पैनल 17 असाधारण युवाओं का चयन करता है, जो सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं।इस प्रतिष्ठित जज पैनल में मलाला यूसुफजई, कोडी सिम्पसन, लिली सिंह और दिया मिर्ज़ा जैसे वैश्विक नेता शामिल हैं। संजना ने इसे अपनी अब तक की सबसे बड़ी अंतरराष्ट्रीय मान्यताओं में से एक बताया है। बाल अधिकार, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक बदलाव के लिए उनकी सक्रिय भागीदारी ने उन्हें इस वैश्विक मंच तक पहुँचाया है। इससे पहले, उन्होंने UN जनरल असेंबली के समिट ऑफ द फ्यूचर में मुख्य वक्ता के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। उनकी यह नियुक्ति युवा नेतृत्व और सामाजिक नवाचार को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है।

## अमेरिका की एकतरफा कार्रवाई के कारण उत्पन्न हुई स्थिति

# सरकार निर्यात को बढ़ावा देने के लिए जल्द ही कई कदम उठाएगी: गोयल

- सरकार उद्योगों को तनाव व कठिनाइयों का सामना नहीं करने देना चाहती
- उच्च शुल्क से कपड़ा, चमड़ा, जूते और झींगा क्षेत्र पर असर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि सरकार देश के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए घरेलू एवं वैश्विक पहुंच बढ़ाने को लेकर जल्द ही कई कदम उठाएगी। उन्होंने निर्यातकों को व्यापार के मोर्चे पर किसी देश की एकतरफा कार्रवाई के कारण उत्पन्न मौजूदा वैश्विक अनिश्चितताओं से निपटने के लिए हरसंभव मदद का आश्वासन भी दिया। अमेरिका ने 27 अगस्त से भारतीय सामानों पर 50 प्रतिशत का भारी शुल्क लगा दिया है। इस उच्च शुल्क से कपड़ा, चमड़ा, जूते और झींगा जैसे कुछ श्रम-प्रधान क्षेत्रों के निर्यात पर असर पड़ने की आशंका है।

### उद्योग जगत से प्रभावित क्षेत्रों का पता लगाने का आग्रह

गोयल ने उद्योग जगत के एक कार्यक्रम में कहा, "सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि आप सभी को किसी एकतरफा कार्रवाई से उत्पन्न वर्तमान स्थिति को संभालने में किसी भी तनाव या कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। उन्होंने उद्योग जगत से उन क्षेत्रों का पता लगाने का भी आग्रह किया जो इन शुल्क से प्रभावित हो सकते हैं और जिन्हें वैकल्पिक बाजारों की आवश्यकता है।

### वैश्विक अनिश्चितताओं से निपटने हरसंभव मदद का आश्वासन

#### जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाया जा रहा

*केंद्र ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों को युक्तिसंगत बनाने पर गठित मंत्रिसमूह (जीओएम) के समक्ष पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो-स्तरीय जीएसटी संरचना के साथ-साथ कुछ चुनिंदा वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की विशेष दर का प्रस्ताव रखा है। गोयल ने कहा कि सरकार निर्यात में विविधता लाने के लिए भारतीय दूतावासों सहित सभी संबंधित पक्षों के साथ परामर्श कर रही है।*

#### घरेलू खपत को बढ़ावा देने पर जोर



*मंत्री ने कहा, " हम वाणिज्य मंत्रालय में, अपने दूतावासों के माध्यम से दुनिया के अन्य हिस्सों तक पहुंच रहे हैं ताकि उन अन्य अवसरों की तलाश की जा सके जिनका हम लाभ उठा सकते हैं। हम घरेलू खपत को बढ़ावा देने पर भी विचार कर रहे हैं.. उन्होंने कहा, " आप जल्द ही अगले सप्ताह जीएसटी परिषद की बैठक देखेंगे... ताकि इन बदलावों का प्रभाव आप सभी को बहुत जल्दी महसूस हो सके और इससे पूरे घरेलू विनिर्माण क्षेत्र में मांग को तेजी से बढ़ावा मिल सके।"*

*__वैश्विक बाजार में भारत का निर्यात हिस्सा कम__ वित्त वर्ष 2024-25 में भारत का वस्तु एवं सेवा निर्यात 825 अरब अमेरिकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। उन्होंने कहा कि वैश्विक बाजार में भारत का निर्यात हिस्सा कम है, इसलिए हमें व्यापार के मोर्चे पर वैश्विक अनिश्चितताओं के बारे में बहुत अधिक चिंता करने की आवश्यकता नहीं है।*

**सरकार प्रत्येक क्षेत्र को सहायता देने कदम उठाएगी** : गोयल ने कहा, " मैं आप सभी को आश्वस्त कर सकता हूं कि आने वाले दिनों में सरकार प्रत्येक क्षेत्र को सहायता देने के लिए विभिन्न कदम उठाएगी। इससे घरेलू पहुंच का विस्तार होगा तथा विश्वभर के अन्य बाजारों में पूरक अवसरों की तलाश होगी जिससे हमारी वैश्विक पहुंच बढ़ेगी।

#### हमारा निर्यात पिछले साल से अधिक रहेगा


गोयल ने कहा, " हम नए बाजारों का रुख करेंगे... मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि इस साल हमारा निर्यात पिछले साल से अधिक रहेगा।" मंत्री ने कहा कि देश ने अतीत में कोविड-19 वैश्विक महामारी और परमाणु प्रतिबंधों जैसे संकटों का सफलतापूर्वक सामना किया है। निर्माण क्षेत्र के लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में लगभग 10 लाख मकानों की मांग है।

#### हम अच्छे व्यापार समझौते के लिए तैयार

गोयल ने कहा कि अगर कोई देश भारत के साथ अच्छा व्यापार समझौता करना चाहता है तो "हम उसके लिए हमेशा तैयार हैं।" उन्होंने कहा कि लेकिन अगर कोई हमारे साथ भेदभाव करने की कोशिश करता है तो... मुझे लगता है कि भारत की 140 करोड़ की आबादी में आत्मविश्वास और आत्मसम्मान है। इसे ध्यान में रखते हुए हम कभी झुकेंगे नहीं, न ही कभी कमजोर होंगे, हम साथ मिलकर आगे बढ़ते रहेंगे...।"

# सोना 2,100 रुपए उछलकर नए शिखर पर, चांदी फिसली

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



- सोना उछलकर 1,03,670 रुपए प्रति दस ग्राम
- चांदी 1,000 रुपए लुढ़ककर 1,19,000 रुपए किलो

स्टॉकिस्टों की लिवाली जारी रहने और रुपये के विनिमय दर में गिरावट के कारण शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 2,100 रुपये उछलकर 1,03,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। बृहस्पतिवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,01,570 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी।

लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी जारी रखते हुए 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत शुक्रवार को 2,100 रुपये उछलकर 1,03,100 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। एक दिन पहले यह 1,01,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।इससे पहले, 99.9 और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोना आठ अगस्त को क्रमशः 1,03,420 रुपये और 1,03,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर थे। उस समय सोने की कीमतों में 800 रुपये प्रति 10 ग्राम की वृद्धि हुई थी। इससे पहले सात अगस्त को सोने की कीमत में 3,600 रुपये प्रति 10 ग्राम की भारी वृद्धि दर्ज की गई थी। कमजोर रुपये और विदेशी बाजारों में सकारात्मक रुख के चलते घरेलू बाजारों में सोने की कीमतों में तेज बढ़ोतरी देखी गई और यह नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया।"

### चांदी अपने उच्च स्तर से टूटी

कीमती धातु की कीमतों में 3,300 रुपये यानी 3.29 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस बीच, चांदी की कीमत अपने सर्वकालिक उच्च स्तर से 1,000 रुपये टूटकर 1,19,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गई।

### चांदी को औद्योगिक मांग बेहतर बना रही

ब्रोकरेज कंपनी ट्रेडजिनी के मुख्य परिचालन अधिकारी त्रिवेश डी ने कहा, "चांदी की औद्योगिक मांग इसे और भी बेहतर बनाती है, लेकिन अनिश्चितता के खिलाफ सोना अभी भी एक अच्छा बचाव है। पिछले पांच वर्षों में, दोनों धातुओं ने हर साल नए रिकॉर्ड बनाए हैं, जो अस्थिर बाजारों में उनकी भूमिका को रेखांकित करता है।"

## अमेरिका की जीडीपी वृद्धि दर जून तिमाही में 3.3%




**वाशिंगटन।** अमेरिका की अर्थव्यवस्था में जून तिमाही में तेजी आई है। दूसरे अग्रिम अनुमान में आर्थिक वृद्धि दर अप्रैल-जून तिमाही में सालाना आधार पर 3.3 प्रतिशत रही। 2025 की जनवरी-मार्च तिमाही में जीडीपी में 0.5 प्रतिशत की गिरावट रहने के बाद जून तिमाही में 3.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी है। विभाग ने शुरू में आर्थिक वृद्धि दर तीन प्रतिशत रहने का अनुमान जताया था। मार्च तिमाही में जीडीपी में आई गिरावट तीन साल में अमेरिकी अर्थव्यवस्था की पहली गिरावट थी। मुख्यतः आयात में वृद्धि के कारण ऐसा हुआ।

## आवश्यकता

आवश्यकता है- नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 9202613238, 9229187457 (रायपुर/03/सितम्बर/25)

आवश्यकता है- सफाई कर्मचारी नियुक्ति: चंदखुरी रायपुर कुत्तों के अस्पताल में स्वीपर का झाडू लगाना, बर्तन, कपड़े धोने का काम है वेतन रू. 10,000/- खाने रहने की सुविधा. नशेड़ी संपर्क न करें- मो. 7225888800 (रायपुर /01/सितम्बर/25)

आवश्यकता है- आकर्षक ऑफर, पैन पेंसिल कंपनी में घर बैठे काम करके शिक्षित, बेरोजगार,लड़के - लड़कियां, महिलाऐ - पुरुष पैकिंग (24500 से 62500) महीना कमाऐ, फन्ड + बोनस- 9654778825 (रायपुर /29/अगस्त//25)

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## टैबलेट बाजार में 32.3 प्रतिशत की गिरावट

**नई दिल्ली।** देश में टैबलेट पीसी की बिक्री में साल 2025 की पहली छमाही में 32.3 प्रतिशत की बड़ी गिरावट आई है। इस दौरान देश में सिर्फ 21.5 लाख टैबलेट ही बिके। रिपोर्ट में बताया कि इस गिरावट की सबसे बड़ी वजह सरकार द्वारा चलाए जा रहे कुछ योजनाओं में कटौती है, जिनके तहत पहले बड़ी मात्रा में टैबलेट खरीदे जाते थे। रिपोर्ट के अनुसार, भले ही बाजार में गिरावट आई हो, लेकिन सैमसंग ने अब भी सबसे ज्यादा बिक्री की और 41.3 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ पहले नंबर पर रहा।

## राशिफल

**मेष** रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन** तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर

**कर्क** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**सिंह** कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**कन्या** परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक** भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

**धनु** कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ** तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

**मीन** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में

# एलआईसी ने सरकार को दिया 7324 करोड़ रुपए का लाभांश

- एलआईसी का परिसंपत्ति आधार 31 मार्च, 2025 तक 56 .23 लाख करोड़ रुपये था

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 7,324.34 करोड़ रुपये का लाभांश चेक दिया है। सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि एलआईसी ने 26 अगस्त, 2025 को हुई अपनी वार्षिक आम बैठक में लाभांश को मंजूरी दी थी। एलआईसी के सीईओ और प्रबंध निदेशक आर दोरईस्वामी ने वित्तीय सेवा विभाग के सचिव एम नागराजू और संयुक्त सचिव प्रशांत कुमार गोयल तथा बीमा कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में वित्त मंत्री को लाभांश चेक प्रदान किया। एलआईसी का परिसंपत्ति आधार 31 मार्च, 2025 तक 56.23 लाख करोड़ रुपये था। कंपनी जीवन बीमा बाजार में अग्रणी बनी हुई है।




# विदेशी मुद्रा भंडार में 4.38 अरब डॉलर की गिरावट

**मुंबई।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 22 अगस्त को समाप्त सप्ताह में 4.38 अरब डॉलर घटकर 690.72 अरब डॉलर रहा। आरबीआई ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 1.49 अरब डॉलर बढ़कर 695.11 अरब डॉलर पर था। विदेशी मुद्रा आस्तियां 3.65 अरब डॉलर घटकर 582.25 अरब डॉलर रहीं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 66.5 करोड़ डॉलर घटकर 85 अरब डॉलर रहा।

**हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें**
**मों. 9340637789**

## शब्द पहेली - 5973



**बाएँ से दाए-**
1.छुट्टी,रजा-4
3.वध,आघात-4
5.दशानन-3
7.अनमोल,अनूठा-3
8.अनाथ,बेसहारा-3
10.खजूर-3
11.रहम करना-2,3
14.गहराई नापना-2,3
17.लगातार,सतत-5
20.संतुष्ट होना-2,3
23.बीच में,दौरान-3
24.खुश,आनंदित-3
25.शिक्षा-3
26.शोक-3
27.जांचना,परखना-4
28.धार्मिक विधि का आयोजन करने वाला-4

**ऊपर से नीचे**
2.मयखाना,मधुशाला-5
3.प्रेमकहानी-5
4.चापलूसी-4
6.नटना,वचन तोड़ना-4
7.फिजूल,व्यर्थ-3
9.अव्यवस्थित समूह,भीड़-3
12.गुजर करना-3
13.वेग,गति-3
15.खूबसूरत-3
16.पर्वतीय मैदान, समतल पर्वत-3
17.गुजारिश,मांग-4
18.सुअर-3
19.गुस्सा होना-5
20.ममतापूर्ण-5
22.अयोग्य, असंगत-4

### शब्द पहेली -5972 का हल



## सूडोकु नवताल - 5983

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5982 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |




# तमन्ना-डायना की सीरीज डू यू वाना पार्टनर का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** तमन्ना भाटिया और डायना पेंटी की सीरीज डू यू वाना पार्टनर का ट्रेलर मेकर्स ने जारी किया है। ट्रेलर में दिखाया जाता है कि कैसे दो महिलाएं शिखा और अनाहिता अपने नए बिजनेस को शुरू करती हैं। इसमें उन्हें धैर्य और संघर्ष को बेहद ही शानदार ढंग से दिखाने का प्रयास किया जाता है। ट्रेलर में कॉमेडी भी देखने को मिलती है। इस सीरीज को युवाओं पर फोकस किया गया है, जो दर्शकों को प्रेरणा देने का काम भी कर सकती है। कोलिन डी कुन्हा और अर्चित कुमार द्वारा निर्देशित सीरीज डू यू वाना पार्टनर 12 सितंबर को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। वहीं, इस सीरीज को मिथुन गोंगोपाध्याय और निशांत नायक द्वारा निर्मित किया गया है।

## लाइफ Style

# साई धनशिका

## 12 साल बड़े स्टार से की सगाई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

स्टार विशाल ने साई धनशिका के साथ अपने रिश्ते का खुलासा इस साल मई में किया था। उन्होंने जल्द शादी करने की बात कुबूल थी। जब से इस बात का पता चला था कि दोनों रिलेशनशिप में हैं, तभी से ही उनके फैंस दोनों की शादी का इंतजार कर रहे थे। कपल ने अब अपनी सगाई की तस्वीरें शेयर करके फैंस को खुशखबरी दी है। इसे लेकर विशाल के फैंस काफी खुश हैं। वे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्हें बधाई देते दिख रहे हैं।

धनशिका से विशाल 12 साल बड़े हैं। एक्टर ने सगाई की तस्वीरों को शेयर करते हुए लिखा, 'दुनिया के कोने-कोने से लोग मुझे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शुभकामनाएं और आशीर्वाद दे रहे हैं। इसके लिए आप सभी करीबियों का धन्यवाद. आज मुझे साई धनशिका के साथ हुई सगाई के बारे में आपको बताते हुए बहुत खुशी हो रही है। हमेशा की तरह आपके आशीर्वाद की कामना करता हूं।' तस्वीरों में विशाल और धनशिका के साथ ही उनका परिवार भी दिख रहा है। विशाल ने इनमें अपनी अंगूठी की फोटो भी शेयर की है। जब दोनों ने अपने रिश्ते का खुलासा किया था, तब साई धनशिका ने कहा था कि वो विशाल को 15 साल से जानती हैं। उनके मुताबिक, मुश्किल हालातों में विशाल ने उनका साथ दिया. वहीं विशाल ने कहा था कि साई को पार्टनर के रूप में पाकर वो बहुत खुश हैं और ईश्वर को इसके लिए धन्यवाद देते हैं। विशाल और साई धनशिका फिलहाल शादी की तारीख का ऐलान नहीं किया गया है, लेकिन जल्द ही दोनों शादी करेंगे। बताया जा रहा है कि सगाई की तरह इसमें भी करीबी रिश्तेदार ही शामिल होंगे। वर्क फ्रंट की बात करें तो विशाल अपनी 35वीं फिल्म मगुडम पर काम कर रहे हैं।



## हॉलीवुड मसाला



# ओल्ड टाउन रोड से मिली पहचान

**लॉस एंजिल्स।** अटलांटा के 26 वर्षीय रैपर और गायक लिल नैस एक्स को 2018 के अपने सबसे प्रसिद्ध एल्बम 'ओल्ड टाउन रोड' के लिए जाना जाता है। यह गाना दर्शकों द्वारा काफी पसंद किया गया था। इसके अलावा रैपर को साल 2021 में आए मोंटेरो एल्बम के लिए ग्रैमी पुरस्कार के लिए भी नामांकित किया गया था। लिल नैस एक्स रैपर लिल नैस एक्स ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट किया। इसमें उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, पिछले चार दिन बहुत डरावने रहे हैं।




# मरने से पहले अपने हर बच्चे के नाम छोड़ गया 244 करोड़ रुपए

**लॉस एंजिल्स।** शायद ही दुनिया में कभी ऐसा पॉप स्टार होगा, जिसके मरने पर पूरी दुनिया ने आंसू बहाए और इसकी अंतिम यात्रा में शामिल होने के लिए लकी टिकट निकाले गए थे। इसकी अंतिम यात्रा को स्ट्रीम किया गया, तो उसे दुनियाभर के 300 करोड़ लोगों ने देखा था। यही नहीं, मरने के 70 दिन बाद इसे दफनाया गया था और वह भी रहस्यमय तरीके से। और तो और इस पॉप स्टार ने मरने के बाद कई रिकॉर्ड बनाए थे। इसके नाम पर एक-दो नहीं, बल्कि 39 गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड हैं। बताया जाता है कि मौत के बाद इस पॉप स्टार की 17,110 करोड़ रुपए कमाई हुई। यह अपने हर बच्चे के नाम 244 करोड़ और बाकी प्रॉपर्टी में हिस्सा छोड़ गया था। यह थे माइकल जैक्सन, जिन्हें दुनिया 'किंग ऑफ पॉप' भी कहती थी। वह दुनिया के सबसे बेहतरीन सिंगर थे। आवाज के अलावा वह अपने गानों, डांसिंग स्टाइल और मून वॉक के लिए मशहूर थे।



# सनी संस्कारी ...में बाहुबली अवतार में दिखे वरुण!

**मुंबई।** एक्टर वरुण धवन और जान्हवी कपूर की फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' के मेकर्स ने शुक्रवार को टीजर रिलीज कर दिया है, जिसमें कॉमेडी और रोमांस का शानदार तड़का देखने को मिल रहा है। धर्मा प्रोडक्शन ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर टीजर रिलीज किया और कैप्शन में लिखा, 'चार लोग, दो दिल तोड़ने वाले, एक शादी। फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी'का टीजर रिलीज हो गया है। यह 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।' 1 मिनट के टीजर की शुरुआत वरुण धवन के मस्ती भरे अंदाज से होती है, जहां वह बाहुबली अवतार में नजर आते हैं। वरुण मजेदार अंदाज में पूछते हैं, 'मैं बाहुबली लग रहा हूं ना?' जवाब में एक किरदार कहता है, 'रणवीर सिंह की धोती में प्रभास का पौधा लग रहा है!




# कमजोर कहानी को न परम संभाल पाए न ही सुंदरी

**नई दिल्ली।** सिद्धार्थ मल्होत्रा, जाह्नवी कपूर, मनजोत सिंह और संजय कपूर स्टारर फिल्म परम सुंदरी शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई। परम सुंदरी की कहानी कमजोर निकली, कुछ भी नयापन देखने को नहीं मिला। फिल्म की कहानी एक नॉर्थ इंडियन लड़के परम सचदेव (सिद्धार्थ मल्होत्रा) और एक साउथ इंडियन लड़की थेक्कापट्टू सुंदरी दामोदरम पिल्लई (जाह्नवी कपूर) पर आधारित है। फिल्म में न तो कोई बेहतरीन लव स्टोरी है और न ही कोई कॉमेडी जो इसे मनोरंजक बना सके। फिल्म में जाह्नवी कपूर और सिद्धार्थ मल्होत्रा को कई बार ओवरएक्टिंग करते देखा। जाह्नवी फिल्म में जिस तरह के रोल में थीं, उस पर खरी नहीं उतर पाईं। उन्हें अभी भी काफी मेहनत करने की जरूरत है।

## टीवी मसाला



# अनुपमा सिंहासन पर काबिज, पिछली बार से तुलसी की बेहतर हुई स्थिति

**नई दिल्ली।** 33वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट सामने आ चुकी है। पिछले बार के मुकाबले लिस्ट में बड़ा उलट-फेर नहीं हुआ है। सीरियल अनुपमा अपनी जगह पर काबिज है। सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' ने अपनी कंडीशन को कुछ बेहतर किया है। रुपाली गांगुली स्टारर सीरियल अनुपमा कई साल से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है, साथ ही टीआरपी लिस्ट में हमेशा टॉप फाइव में बना रहता है। 33 हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में इसे 2.3 की टीआरपी मिली है और यह पहले नंबर पर काबिज है। पिछले हफ्ते भी यह सीरियल टॉप पर बना हुआ था। सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' 2.0 की टीआरपी के साथ दूसरे नंबर पर है। वहीं, तीसरे नंबर पर स्मृति ईरानी स्टारर सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' है, इसे 1.9 की टीआरपी मिली है। पिछले हफ्ते यह शो चौथे नंबर पर था। लगभग 17 साल से टीवी पर दर्शकों को अपनी कॉमेडी से हंसा रहा सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा'इस हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में चौथे नंबर पर है। पांचवें नंबर पर शरद केलकर स्टारर सीरियल 'तुम से तुम तक' शामिल हुआ है।

# अमिताभ ने याद किया विराट का इमोशनल पल

नई दिल्ली। सोनी टीवी का क्विज रियलिटी शो कौन बनेगा करोड़पति लंबे वक्त से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। शो में अमिताभ बच्चन कई अलग-अलग किस्से और अपने विचारल फैंस के साथ शेयर करते हैं। अब शो के लेटेस्ट एपिसोड में अमिताभ बच्चन ने विराट कोहली के उस इमोशनल पल को याद किया जब आईपीएल में उनकी टीम को जीत



मिली थी। अमिताभ बच्चन ने कहा कि जब सालों की मेहनत के बाद व्यक्ति को जीत मिलती है तो आदमी हिल जाता है। कौन बनेगा करोड़पति 17 के लेटेस्ट एपिसोड में अमिताभ बच्चन ने सामने बैठे कंटेस्टेंट से क्रिकेट से जुड़ा सवाल पूछा। सवाल था- 2025 में, अपने करियर में किसी एक फ्रेंचाइजी के लिए 9000 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज कौन बने? सवाल के जवाब में कंटेस्टेंट ने तुरंत विराट कोहली का नाम लिया, जो एक सही जवाब था। इसके बाद अमिताभ बच्चन ने विराट कोहली के एक इमोशनल पल को याद करते हुए क्रिकेटर की तारीफ की। अमिताभ बच्चन ने कहा, 'विराट कोहली अपने कॅरियर में सिर्फ आरसीबी के लिए खेले हैं और ये कभी जीत नहीं पाए थे। वो दृश्य देखा होगा आपने जब वो जीते थे। इतना भावुक हो जाता है इंसान, इतना बड़ा क्रिकेटर। विश्वभर में जिसका नाम हो।

# बंधनों को तोड़कर कश्मीर से उठी सुरों की इबादत



**नई दिल्ली।** अभिनेत्री सबा आजाद और सोनी राजदान स्टारर फिल्म 'सॉन्स ऑफ पैराडाइज' ओटीटी पर शुक्रवार को रिलीज हो गई है। कहते हैं, एक सच्चे कलाकार की कला हर धर्म, जाति, पंथ और लिंग की सीमाओं से ऊपर उठकर सिर्फ इंसानियत और भावनाओं की जुबान बोलती है। उसकी कला को समाज की बेड़ियां जकड़ नहीं सकतीं। दूसरे शब्दों में कहें तो एक कलाकार को कैद किया जा सकता है लेकिन उसकी कला को नहीं। अभिनेत्री सबा आजाद और सोनी राजदान की फिल्म 'सॉन्स ऑफ पैराडाइड' इसी सच को बयां करती है। कश्मीर की एक साधारण सी लड़की जो सपने तो देखती है मगर उन्हें पूरा करने की उसे अनुमति नहीं है। क्यों? क्योंकि वो एक लड़की है, जिसे शादी करके अपने शौहर के घर जाना है। कहने को तो 'आजाद भारत' में साल 1954 की बात है, लेकिन आजादी का असली मतलब क्या है, ये शायद किसी को नहीं पता। ये कहानी है साधारण सी लड़की 'जेबा' की, जो आगे चलकर कश्मीर की 'नूर बेगम' बनती हैं। फिल्म में सबा आजाद ने जेबा का किरदार निभाया है, जिनकी मासूमियत स्क्रीन पर देखते ही बनती है। सबा ने अपने किरदार के साथ जस्टिस करने की पूरी कोशिश की है और इसके लिए उन्हें पूरे नंबर दिए जाने चाहिए। वहीं, मौजूदा वक्त में जेबा यानी नूर बेगम का किरदार दिग्गज अभिनेत्री सोनी राजदान ने निभाया है। सोनी राजदान ने अपने अभिनय का पूरा अनुभव फिल्म में झोंक दिया है। सबसे बड़ी चुनौती जो इन अभिनेत्रियों के सामने थी वो था कश्मीरी एक्सेंट को अपनाने की, जिसके लिए इनकी तारीफ जरूर करनी चाहिए। जेबा की अम्मी के रोल में शिबा चड्ढा नजर आ रही हैं, वहीं आजाद साहब का रोल जैन खान दुर्रानी ने निभाया है। एक्टिंग के मामले में फिल्म में कहीं पर भी कोई खामी नजर नहीं आती। हर एक किरदार अपने-अपने प्लॉट के हिसाब पूरी तरह खरा उतरता है।

## जय गणपति... गणनायक...



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन गुरुवार को मुंबई स्थित अपने आवास पर 'गणेश चतुर्थी' उत्सव के दौरान।

## जापान के कोबे शहर में हुई थी सायोनारा गाने की शूटिंग

# तब 16 साल के थे पीएम मोदी, जब सायोनारा की थी भारत में गूंज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

करीब 59 साल पहले आई फिल्म लव इन टोक्यो को इस वक्त याद करना तो बनता है। इस वक्त जहां भारत के प्रधानमंत्री इस वक्त जापान के टोक्यो में हैं और ये फिल्म उनके टीनेज के दिनों की है। पीएम मोदी 31 अगस्त से 1 सितंबर तक चीन के तियानजिन में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। आज हम यहां उस फिल्म को याद करने जा रहे हैं जो जापान से जुड़ा है और जब ये फिल्म रिलीज हुई थी तो पीएम मोदी करीब 16 साल के रहे होंगे। अपने युवा दौर में यकीनन उन्होंने भी इस फिल्म और इसके फेमस गाने 'सायोनारा' का लुत्फ जरूर उठाया होगा। आज हम इसी 'सायोनारा' की कहानी सुनाने जा रहे हैं। 'सायोनारा' गाना फिल्माया गया था आशा पारेख पर, जिनकी खूबसूरती ने इसमें चार चांद लगा दिया था। इसमें आवाज दी थी लता मंगेशकर ने, जिनकी आवाज आज भी हर किसी के दिलों में जवां है।



### लव इन टोक्यो को खूब मिली सफलता

'लव इन टोक्यो' बताती है कि उन्हें इतनी सफलता क्यों मिली। ये फिल्म बेहतरीन और आकर्षक होने के साथ-साथ नैतिक रूप से भी ईमानदार रही जिसने दर्शकों को बीच-बीच में मुस्कुराने, इमोशनल करने और खिलखिलाने पर मजबूर किया। वैसे तो इस फिल्म में कई गाने थे, जिसमें 'ले गई दिल गुड़िया जापान की' और 'सायोनारा सायोनारा' भी शामिल हैं। 'सायोनारा' ने अधिक पॉप्युलैरिटी बटोरी जिसकी वजह शायद ये शब्द 'सायोनारा' था। गाने में आवाज दी थी स्वर कोकिला लता मंगेशकर ने, लेकिन इसे लिखा था हसरत जयपुरी ने। संगीत शंकर जयकिशन का था। बताया जाता है कि 'सायोनारा' की शूटिंग जापान के कोबे शहर में हुई लेकिन जापानी दृश्यों को क्योटो में फिल्माया गया था। फिल्म में क्योटो के कुछ रियल लोकेशन थे।

### उस दौर में रेडियो पर लोगों ने इस गाने को खूब सुना

*आशा पारेख और जॉय मुखर्जी की लीड रोल वाली ये फिल्म 'लव इन टोक्यो' ऐसी ही फिल्म थी, जो प्यारी और मनोरंजक थी। 1960 के दशक में कई फिल्में आईं जिसने बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा दी और लोगों की यादों में हमेशा के लिए रह गई। उन्ही दिनों साल 1966 में रिलीज हुई 'लव इन टोक्यो' जिसका गाना 'सायोनारा' अपने रोमांटिक अंदाज, जापान के अद्भुत लोकेशन और दिल को छू लेने वाले धुनों का ऐसा मेल था जिसे देखने वालों ने ही नहीं बल्कि सुनने वालों ने भी खूब प्यार दिया।*

### लव इन टोक्यो की कहानी

लव इन टोक्यो' की कहानी टोक्यो, जापान के बैकग्राउंड पर सेट है, जहां अशोक यानी (जॉय मुखर्जी) अपने भतीजे चिक्कू को भारत से लाने के लिए जापा पहुंचता है। दरअसल गायत्री देवी (ललिता पवार) अपने बेटे अशोक को जापान भेजती है ताकि उसका पोता उसके पास आ जाए। गायत्री देवी का एक बड़ा बेटा था, जिसने उसके आशीर्वाद के बिना जापानी मूल की लड़की से शादी की थी। वह चाहती है कि अशोक सरिता से शादी कर ले, लेकिन अशोक सरिता में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाता है। उधर जापान पहुंचने के बाद अशोक आशा (आशा पारेख) से मिलता है और दोनों में प्यार हो जाता है। वहीं ,अब आशा के चाचा चाहते हैं कि आशा प्राण (प्राण) से शादी कर ले, लेकिन आशा को वो पसंद नहीं और फाइनली वो अशोक के साथ भाग जाती है।

### आशा पारेख कब गाती हैं सायोनारा

इसी फिल्म मे जब अशोक आशा (आशा पारेख) से मिलता है तो दोनों की लव स्टोरी शुरू होती है। आशा एक सिख लड़के और फिर चिजुरु (चिक्कू की कथित मौसी) के भेष में अशोक से मिलती है। इस फिल्म में दोनों के बीच फिल्माया गाना 'सायोनारा सायोनारा' उसी सीन में आता है। जब आशा, चिजुरु के रूप में, अशोक के साथ रोमांटिक अंदाज में छेड़खानी करती है और वादा करती है कि वह फिर मिलेगी। 'सायोनारा' एक जापानी शब्द है जिसका मतलब अलविदा है। हालांकि फिल्म के गाने 'सायोनारा सायोनारा, वादा निभाऊंगी सायोनारा, इठलाती और बलखाती, कल फिर आऊंगी सायोनारा' में इस शब्द का इस्तेमाल एक चंचल और रोमांटिक विदाई की तरफ इशारा करता है जिसमें फिर मुलाकात का इशारा है। ये फिल्म के टोक्यो सेटिंग के साथ मेल खाता है।

# अमेरिकी ओपन : चार साल के बाद नाओमी पहली बार पहुंची तीसरे दौर में

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

जापान की नाओमी ओसाका 2021 के बाद पहली बार अमेरिकी ओपन के तीसरे दौर में पहुंच गई, जिन्होंने हैली बापटिस्टे को 6-3, 6-1 से हराया। ओसाका ने अपने चारों ग्रैंडस्लैम हार्डकोर्ट पर जीते हैं, जिनमें दो अमेरिकी ओपन और दो आस्ट्रेलियाई ओपन शामिल है।

वह 2020 में आखिरी बार यहां खिताब जीती थी, जिसके बाद 2021 में तीसरे, 2022 में पहले और 2024 में दूसरे दौर से बाहर हो गई थी। इस साल विम्बलडन में तीसरे दौर में बाहर होने के बाद ओसाका ने कोच पैट्रिक मूराटोग्लू से अलग होने का फैसला किया और अब नए कोच टोमाज विक्टोरोवस्की के साथ हैं, जो इगा स्वियातेक की टीम में रह चुके हैं।




## स्वियातेक और सिनेर की शानदार जीत



विम्बलडन चैंपियन स्वियातेक ने नीदरलैंड की 66वीं रैंकिंग वाली सुजैन लामेंस को 6-1, 4-6, 6-4 से हराया । वहीं विम्लबडन पुरुष एकल खिताब विजेता यानिक सिनेर ने अलेक्सेइ पोपिरिन को 6-3, 6-2, 6-2 से मात दी। अमेरिका की कोको गाफ ने डोन्ना वेकिच को 7-6, 6-2 से हराया। उनकी हमवतन अमांडा अनिसिमोवा ने माया जॉइंट को 7-6, 6-2 से मात दी। पुरुष वर्ग में तीसरी रैंकिंग वाले अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने जैकब फीयर्नली को 6-4, 6-4, 6-4 से हराया। वहीं टॉमी पॉल ने साढे चार घंटे तक चले मैच में नुनो बोर्गेस को 7-6 (6), 6-3, 5-7, 5-7, 7-5 से शिकस्त दी।






## महिला युगल में पहला मैच जीती वीनस

*न्यूयॉर्क। चौदह बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन वीनस विलियम्स ने अपनी छोटी बहन सेरेना के बिना पिछले 14 साल में पहली बार अमेरिकी ओपन महिला युगल मैच जीता। लैला फर्नांडिज के साथ मिलकर उन्होंने छठी वरीयता प्राप्त एन. किचेनोक और एलेन पेरेज की जोड़ी को 7-6, 6-3 से हराया। 45 वर्ष की वीनस और लैला का दर्शकों ने खड़े होकर अभिवादन किया। वीनस एकल वर्ग के पहले ही दौर में हार गई थी। वह 2022 के बाद पहली बार यहां युगल वर्ग में खेल रही है।*

## खबर संक्षेप



### मुंबई में अगले साल विश्व यूनिवर्सिटी स्क्वाश चैंपियनशिप


**मुंबई।** अगले साल तीन से नौ अगस्त तक मुंबई में आयोजित होने वाली एफआईएसयू विश्व यूनिवर्सिटी स्क्वाश चैंपियनशिप में 20 से ज्यादा देशों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। यह टूर्नामेंट सोमैया विद्याविहार विश्वविद्यालय में आयोजित होगा, जिसे भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) के सहयोग से और अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय खेल महासंघ (एफआईएसयू) के तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा। एफआईएसयू अंतरराष्ट्रीय संचालन संस्था है, जो विश्व विश्वविद्यालय खेलों और विश्व विश्वविद्यालय चैंपियनशिप जैसे टूर्नामेंट का आयोजन करती है।

### एफआईएच प्रो लीग में शामिल पाक हॉकी टीम



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान हॉकी टीम पुरुषों की एफआईएच प्रो लीग के आगामी सातवें सत्र का हिस्सा होगी, जिससे उसके 'होम एंड अवे' प्रारुप में खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट के दौरान भारत के साथ किसी तटस्थ स्थल पर भिड़ंत की संभावना है। पाकिस्तान आगामी सत्र में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम, इंग्लैंड, जर्मनी, भारत, नीदरलैंड और स्पेन के साथ शामिल होगा। इस साल की शुरुआत में मलेशिया में खेले गए एफआईएच हॉकी नेशंस कप के जरिए पाकिस्तान को प्रोमोट किया गया। न्यूजीलैंड ने फाइनल में पाकिस्तान को हराकर यह प्रतियोगिता जीती थी लेकिन बाद में संकेत दिया कि वह 'इस बार प्रो लीग में शामिल होने का निमंत्रण स्वीकार नहीं करेगा।' विश्व संचालन संस्था एफआईएच ने कहा, 'इसलिए नियमों के अनुसार एफआईएच ने उपविजेता पाकिस्तान को भी निमंत्रण दिया है, जिन्होंने अपनी भागीदारी की पुष्टि कर दी है।'

### डब्ल्यूपीजीटीः अमनदीप ने जीता खिताब



**होसुर।** अमनदीप द्राल ने अंतिम दिन एक अंडर 71 का कार्ड खेलने के बाद महिला प्रो गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के 12वें चरण का खिताब अपने नाम किया। अमनदीप की यह 2025 सत्र में दूसरी जीत है। उन्होंने तीन दिन में कुल दो अंडर 214 का स्कोर बनाया। उन्होंने युवा अनन्या गर्ग को पछाड़ा जो 2024 में हीरो डब्ल्यूपीजीटी की वर्ष की सर्वश्रेष्ठ उदीयमान गोल्फर रही थीं। वह अंतिम दो होल में एक शॉट की बढ़त बनाए थीं लेकिन अनुभवी अमनदीप खिताब जीतने में कामयाब रहीं। अमनदीप इस तरह इस साल एक से ज्यादा बार खिताब जीतने वाली दूसरी गोल्फर बन गईं। वाणी कपूर ने इस साल चार और स्नेहा सिंह ने दो ट्राफी जीती हैं।

## नॉर्थ जोन और ईस्ट जोन के क्वार्टर फाइनल का मुकाबला रहा रोमांचक

# दलीप ट्रॉफी : आकिब नबी ने रचा इतिहास, 4 गेंदों पर झटके 4 विकेट

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

आकिब नबी ने दलीप ट्रॉफी में इतिहास रच दिया। इस टूर्नामेंट में 4 गेंदों पर 4 विकेट लेने वाले वह पहले गेंदबाज बन गए हैं। आकिब ने हैट्रिक पूरी कर दिग्गज कपिल देव के क्लब में पहुंच गए। जम्मू-कश्मीर के बारामूला के 28 वर्षीय तेज गेंदबाज ने बेंगलुरु के बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड पर खेले जा रहे नॉर्थ जोन और ईस्ट जोन के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में लगातार 4 विकेट लिए।

53वें ओवर में आकिब नबी ने आखिरी तीन गेंदों पर तीन विकेट लेकर ईस्ट जोन की बल्लेबाजी को तहस-नहस कर अपनी हैट्रिक पूरी की। उन्होंने सूरज जायसवाल को 10 रन पर आउट कर विकेटकीपर कन्हैया वधावन को कैच कराया। फिर मनीषी को शून्य पर एलबीडब्ल्यू आउट किया और मुख्तार हुसैन को बिना खाता खोले क्लीन बोल्ड कर दिया। पारी की शुरुआत में आकिब विराट सिंह को 69 रन पर आउट किया और अंततः अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को सिर्फ 1 रन पर आउट करके पूर्वी क्षेत्र की पहली पारी का अंत किया और अपने पांच विकेट पूरे किए।



### शमी ने लुटाए 100 रन

टीम इंडिया से बाहर चल रहे अनुभवी खिलाड़ी मोहम्मद शमी ने घरेलू क्रिकेट में वापसी करते हुए दलीप ट्रॉफी में हैरान करने वाला काम किया है। वह ईस्ट जोन टीम का हिस्सा हैं जो नॉर्थ जोन के खिलाफ खेल रही है। इस मैच में शमी ने गेंदबाजी की और ऐसा प्रदर्शन किया, जिसकी उम्मीद उनसे कभी नहीं की जाती। शमी ने इस मैच में शतक जमाया, लेकिन ये सैकड़ा रनों को लुटाने वाला था। उनकी गेंदबाजी प्रभावी नहीं दिखी और वह आसानी से रन लुटाते रहे। उनको पहली पारी में शमी ने पूरी तरह से निराश किया। नॉर्थ जोन ने 405 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया। इसमें 100 रन तो शमी ने ही बनवा दिए थे। दाएं हाथ के इस गेंदबाज ने 23 ओवर फेंके और सिर्फ एक विकेट ही ले पाए। शमी से इस तरह का प्रदर्शन की उम्मीद नहीं रहती है।

### मालेवर ने लगाया दोहरा शतक

भारत के घरेलू क्रिकेट में दलीप ट्रॉफी 2025 में इस समय सेंट्रल जोन और नॉर्थ ईस्ट जोन के बीच मुकाबला खेला गया। इस मैच में सेंट्रल जोन की तरफ से 21 साल के दानिश मालेवर और रजत पाटीदार ने कमाल का प्रदर्शन किया है। इन दोनों ही बल्लेबाजों ने शतक लगाकर टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है। मालेवर ने दोहरा शतक लगाकर गेंदबाजों की जमकर धज्जियां उड़ाई हैं। मालेवर ने बेहतरीन बल्लेबाजी का नमूना पेश किया। वह विरोधी गेंदबाजों के सामने किसी दीवार की तरह खड़े रहे और सधी हुई बल्लेबाजी की। उन्होंने पहले दिन 219 गेंदों में कुल 198 रन बनाए थे, जिसें 35 चौके और एक छक्का शामिल रहा था। मैच के दूसरे दिन अपने स्कोर में दो रन जोड़ते ही उन्होंने डबल सेंचुरी जड़ दी है।

## टाइमिंग के कारण हुई चूक, विश्व चैंपियनशिप तक लय हासिल करने की कोशिश : चोपड़ा

एजेंसी ▶▶| ज्यूरिख

भारतीय भाला फेंक नीरज चोपड़ा ने स्वीकार किया कि डायमंड लीग फाइनल में उनकी टाइमिंग अच्छी नहीं थी लेकिन उन्हें उम्मीद है कि अगले महीने टोकियो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप तक वह लय हासिल कर लेंगे। चोपड़ा लगातार तीसरी बार डायमंड लीग फाइनल में दूसरे स्थान पर रहे। जर्मनी के जूलियन वेबर ने 90 मीटर से अधिक के दो थ्रो फेंककर खिताब जीता।

चोपड़ा ने फाइनल के बाद कहा,' आज टाइमिंग अच्छी नहीं रही और रनअप खराब रहा। अभी हालांकि विश्व चैंपियनशिप में तीन सप्ताह का समय है और मैं अपनी पूरी कोशिश करूंगा।'' चोपड़ा ने इस साल दोहा डायमंड लीग में पहली बार 90 मीटर की बाधा पार की लेकिन वह कई बार कह चुके हैं कि लगातार इस आंकड़े तक पहुंचने के लिए उन्हें अपनी तकनीक में सुधार करना होगा। उन्होंने कहा,' यह उतना बुरा नहीं था। लेकिन हम विश्व चैंपियनशिप के काफी करीब है लिहाजा सुधार जरूरी है। कुछ चीजें अच्छी रही और कुछ नहीं। आखिरी प्रयास में मैंने 85 मीटर का थ्रो फेंका। लेकिन मैं जूलियन के लिए बहुत खुश हूं, जिसने 91 मीटर का थ्रो फेंका। हम तीन सप्ताह बाद फिर मिलेंगे।'



बेल्ट एंड रोड टूर्नामेंट

## भारत के 14 मुक्केबाज ने फाइनल में बनाई जगह



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के 14 मुक्केबाजों ने चीन के शिनजियांग में चल रहे तीसरे बेल्ट एंड रोड अंतरराष्ट्रीय युवा मुक्केबाजी गाला में अपने अपने भारवर्ग के फाइनल में जगह बना ली। इसमें अंडर 17, अंडर 19 और अंडर 23 वर्ग में स्पर्धाएं होंगी। भारत ने 58 सदस्यीय दल भेजा है, जिसमें अंडर 17 वर्ग में 20 लड़के और 20 लड़कियां हैं जबकि साथ में 12 कोच, पांच सहयोगी स्टाफ, एक रैफरी और एक जज हैं। इनमें से दस लड़कियों और चार लड़कों ने कजाखस्तान, ईरान, कोरिया, उजबेकिस्तान, फिलीपींस और चीन के प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करके फाइनल में प्रवेश किया। ध्रुव खरब (46 किलो), फलक (48 किलो), पीयूष (50 किलो) और उधम सिंह राघव (54 किलो) ने चीन, कोरिया और ईरान के कठिन प्रतिद्वंद्वियों को हराया। आदित्य (52 किलो) और आशीष (54 किलो) ने कजाखस्तान के प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ कड़ा संघर्ष किया लेकिन हार गए। उदय सिंह, देवेंद्र चौधरी, जयदीप सिंह हांजरा और लवलीन गुलिया को भी पराजय का सामना करना पड़ा।

लड़कियों में लक्ष्मी (46 किलो), खुशी (46 किलो) , राधामणि (60 किलो), चंद्रिका (54 किलो) , ज्योति (75 किलो) और अनुष्का (प्लस 80 किलो) ने चीन और फिलीपींस के प्रतिद्वंद्वियों को हराया। वहीं चाहत (60 किलो), हिमांशी (66 किलो), हरनूर (66 किलो) और अंशिका (प्लस 80 किलो) ने भारतीय प्रतिद्वंद्वियों को ही मात दी। भक्ति (50 किलो) और शिवानी (75 किलो) को चीनी विरोधियों ने हराया।

### नगालैंड ने 151 खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**कोहिमा।** नगालैंड ने पूर्वोत्तर क्षेत्र, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले राज्य 151 खिलाड़ियों को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर सम्मानित किया। युवा संसाधन और खेल सलाहकार एसकेओशु यिमखियुंग ने बताया कि राज्य सरकार 'खेलो भारत नीति 2025' के अनुरुप एक नई खेल नीति का मसौदा तैयार कर रही है। उन्होंने कहा कि यह नीति राज्य के खेल पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करेगी और इसमें खिलाड़ियों के हितों को ध्यान में रखा जाएगा। इस मौके पर नगालैंड के पुलिस महानिदेशक रुपिन शर्मा ने कहा कि राज्य पुलिस जल्द ही भर्ती प्रक्रिया शुरू करेगी, जिसमें योग्य खिलाड़ियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

### गुरप्रीत का शानदार प्रदर्शन भारत को दिलाया स्वर्ण पदक

**मशिमकेंट।** पिस्टल निशानेबाज गुरप्रीत सिंह ने लगातार दूसरे दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप के अंतिम दिन शुक्रवार को 25 मीटर सेंटर फायर स्पर्धा में भारत को टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक दिलाया। सेना के इस 37 वर्षीय निशानेबाज ने राजकंवर सिंह संधू और अंकुर गोयल के साथ मिलकर सेंटर फायर पिस्टल में 1733 अंकों के कुल स्कोर के साथ एक और बड़ी जीत हासिल की, जिससे भारत ने महाद्वीपीय प्रतियोगिता में गैर-ओलंपिक स्पर्धाओं में अपना दबदबा कायम किया। उन्होंने इस से पहले गुरुवार को 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण जीतने और टीम वर्ग में भी देश को शीर्ष पोडियम स्थान दिलाने में मदद की थी। गुरप्रीत, संधू (583) और अंकुर (571) की तिकड़ी ने 1733 अंक के साथ दबदबा बनाते हुए टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक हासिल किया। वियतनाम (1720) और ईरान (1700) ने इस स्पर्धा में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता।

### क्वार्टर फाइनल से बाहर ध्रुव-तनिषा

**पेरिस।** ध्रुव कपिला और तनिषा क्रास्टो की मिश्रित युगल जोड़ी चेन तांग जी और तोह ई वेई की मलेशियाई जोड़ी से सीधे गेम में हारकर बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप से बाहर हो गई। भारतीय जोड़ी इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भारत के लिए पहला मिश्रित युगल पदक जीतने की कोशिश में थी लेकिन उन्हें दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी से 37 मिनट में 15-21, 13-21 से हार का सामना करना पड़ा। इस मुकाबले में जीत से भारतीय जोड़ी को कम से कम कांस्य पदक की गारंटी मिल जाती।

**आसनसोल मंडल के तहत नॉन–इंटरलॉकिंग कार्य के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

आसनसोल मंडल के तहत बर्द्धमान–आसनसोल शाखा के दुर्गापुर में, दिनांक 06.10.2025 से 01.11.2025 तक 27 दिनों के लिए **प्रारंभिक कार्य**, दिनांक 02.11.2025 से 09.11.2025 तक 08 दिनों के लिए **प्री–प्री नॉन–इंटरलॉकिंग कार्य**, दिनांक 10.11.2025 से 19.11.2025 तक 10 दिनों के लिए **प्री नॉन–इंटरलॉकिंग कार्य** और दिनांक 20.11.2025 से 23.11.2025 तक 04 दिनों के लिए **नॉन–इंटरलॉकिंग कार्य** के कारण, निम्नलिखित ट्रेनों को निम्नानुसार नियंत्रित किया जाएगा।

● **निरस्तीकरण:** (1) **12175** हावड़ा – ग्वालियर चंबल एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 23/11/2025); (2) **12176** ग्वालियर–हावड़ा चंबल एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 22/11/2025); (3) **12177** हावड़ा – मथुरा चंबल एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 20/11/2025); (4) **20976** आगरा कैंट.– हावड़ा चंबल एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 20/1/2025); (5) **12325** कोलकाता – नंगल डैम गुरुमुखी एसएफ एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 20/11/2025); (6) **12326** नंगल डैम – कोलकाता गुरुमुखी एसएफ एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 22/11/2025); (7) **12329** सियालदह–आनंद विहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 18/11/2025); (8) **12330** आनंद विहार–सियालदह संपर्क क्रांति एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 19/11/2025); (9) **12333** हावड़ा – प्रयागराज रामबाग विभूति एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 19, 20, 21 और 22/11/2025); (10) **12334** प्रयागराज रामबाग – हावड़ा विभूति एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 20, 21, 22 और 23/11/2025); (11) **12339** हावड़ा – धनबाद कोलफील्ड एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 23/11/2025); (12) **12340** धनबाद – हावड़ा कोलफील्ड एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 24/11/2025); (13) **12357** कोलकाता – अमृतसर दुर्गियाना एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 18/11/2025); (14) **12358** अमृतसर – कोलकाता दुर्गियाना एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 20/11/2025); (15) **12359** कोलकाता – पटना गरीब रथ एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 20 और 22/11/2025); (16) **12360** पटना – कोलकाता गरीब रथ एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 21 और 23/11/2025); (17) **13025** हावड़ा – भोपाल साप्ताहिक एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 17/11/2025); (18) **13026** भोपाल – हावड़ा साप्ताहिक एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 19/11/2025); (19) **13043** हावड़ा – रक्सौल एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 20/11/2025); (20) **13044** रक्सौल – हावड़ा एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 22/11/2025); (21) **13167** कोलकाता – आगरा कैंट. एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 20/11/2025); (22) **13168** आगरा कैंट. – कोलकाता एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 22/11/2025); (23) **15233** कोलकाता–दरभंगा मैथिली एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 20/11/2025); (24) **15234** दरभंगा–कोलकाता मैथिली एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 19/11/2025; (25) **15235** हावड़ा – दरभंगा साप्ताहिक एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 22/11/2025); (26) **15236** दरभंगा – हावड़ा साप्ताहिक एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 20/11/2025); (27) **22387** हावड़ा – धनबाद ब्लैक डायमंड एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 23 और 24/11/2025); (28) **22388** धनबाद–हावड़ा ब्लैक डायमंड एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 22 एवं 23/11/2025); (29) **22912** हावड़ा – इंदौर शिप्रा एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 20 और 22/11/2025); (30) **22911** इंदौर–हावड़ा शिप्रा एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 18 एवं 20/11/2025); (31) **12383** सियालदह – आसनसोल एसएफ इंटरसिटी एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 20, 21 और 22/11/2025); (32) **12384** आसनसोल – सियालदह एसएफ इंटरसिटी एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 20, 21 और 22/11/2025); (33) **13179** सियालदह – सिउड़ी एमईएमयू एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 20, 21, 22 और 23/11/2025); (34) **13180** सिउड़ी – सियालदह एमईएमयू एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 21, 22, 23 और 24/11/2025); (35) **22321** हावड़ा – सिउड़ी हूल एक्सप्रेस यात्रा शुरू दिनांक 20, 21, 22 और 23/11/2025); (36) **22322** सिउड़ी – हावड़ा हूल एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 20, 21, 22 और 23/11/2025); (37) **12353** हावड़ा – लाल कुआं साप्ताहिक एसएफ एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 31/10 और 14/11/2025); (38) **12354** लाल कुआं – हावड़ा साप्ताहिक एसएफ एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 02 और 16/11/2025); (39) **63505** बर्द्धमान – आसनसोल एमईएमयू (यात्रा शुरू दिनांक 03, 04, 05, 14 और 15/11/2025); (40) **63507** बर्द्धमान – आसनसोल एमईएमयू (यात्रा शुरू दिनांक 03, 04, 14, 20, 21, 22 और 23/11/2025); (41) **63511** बर्द्धमान – आसनसोल एमईएमयू (यात्रा शुरू दिनांक 03 और 04/11/2025); (42) **63513** बर्द्धमान – आसनसोल एमईएमयू (यात्रा शुरू दिनांक 12, 20, 21, 22 और 23/11/2025); (43) **63515** बर्द्धमान – आसनसोल एमईएमयू (यात्रा शुरू दिनांक 12/10, 12, 20, 21, 22 और 23/11/2025); (44) **63517** बर्द्धमान – आसनसोल एमईएमयू (यात्रा शुरू दिनांक 12/10, 02 और 12/11/2025); (45) **63521** बर्द्धमान – आसनसोल एमईएमयू (यात्रा शुरू दिनांक 20, 21, 22 और 23/11/2025); (46) **63523** बर्द्धमान – आसनसोल एमईएमयू (यात्रा शुरू दिनांक 02, 20, 21, 22 और 23/11/2025); (47) **63527** दुर्गापुर – आसनसोल एमईएमयू (यात्रा शुरू दिनांक 02, 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 20, 21, 22 और 23/11/2025); (48) **63549** बर्द्धमान – आसनसोल एमईएमयू (यात्रा शुरू दिनांक 12/10, 02, 12, 15, 20, 21, 22 और 23/11/2025); (49) **63508** आसनसोल – बर्द्धमान एमईएमयू (यात्रा शुरू दिनांक 03, 04, 14, 20, 21, 22 और 23/11/2025); (50) **63512** आसनसोल – बर्द्धमान एमईएमयू (यात्रा शुरू दिनांक 03, 04, 05, 14, 15, 20, 21, 22 और 23/11/2025); (51) **63516** आसनसोल – बर्द्धमान एमईएमयू (यात्रा शुरू दिनांक 20, 21, 22 और 23/11/2025); (52) **63518** आसनसोल – बर्द्धमान एमईएमयू (यात्रा शुरू दिनांक 12/10, 12, 20, 21, 22 और 23/11/2025); (53) **63522** आसनसोल – बर्द्धमान एमईएमयू (यात्रा शुरू दिनांक 02, 12, 13 और 16/11/2025); (54) **63524** आसनसोल – बर्द्धमान एमईएमयू (यात्रा शुरू दिनांक 02, 12, 13, 16, 20, 21, 22 और 23/11/2025); (55) **63528** आसनसोल – दुर्गापुर एमईएमयू (यात्रा शुरू दिनांक 02, 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 20, 21, 22 और 23/11/2025); (56) **63550** अंडाल – बर्द्धमान एमईएमयू (यात्रा शुरू दिनांक 12/10, 02, 12, 16, 20, 21, 22 और 23/11/2025); (57) **63552** बर्द्धमान–अंडाल एमईएमयू (यात्रा शुरू दिनांक 12/10, 02, 12, 16, 20, 21, 22 और 23/11/2025);

● **मार्ग परिवर्तन:** ◆ **13029** हावड़ा – मोकामा एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 02, 03, 13, 14, 19, 20, 21 और 22/11/2025) खाना–आसनसोल–जसीडीह के बदले खाना – रामपुरहाट – दुमका – जसीडीह होकर मार्ग परिवर्तित करेगी; ◆ **13030** मोकामा–हावड़ा एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 20, 21, 22 और 23/11/2025) जसीडीह–आसनसोल–खाना के बदले जसीडीह–दुमका–रामपुरहाट–खाना होकर मार्ग परिवर्तित करेगी; ◆ **13045** हावड़ा – देवघर मयूराक्षी एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 20, 21, 22 और 23/11/2025) खाना–अंडाल–सांइथिया के बदले खाना – बोलपुर शांतिनिकेतन – सांइथिया होकर मार्ग परिवर्तित करेगी; ◆ **13046** देवघर – हावड़ा मयूराक्षी एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 03, 20, 21, 22 और 23/11/2025) सांइथिया–अंडाल–खाना के बदले सांइथिया – बोलपुर शांतिनिकेतन – खाना होकर मार्ग परिवर्तित करेगी; ◆ **22322** सिउड़ी – हावड़ा हूल एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 02, 12 और 16/11/2025) सिउड़ी–अंडाल–खाना के बदले सिउड़ी – सांइथिया – बोलपुर शांतिनिकेतन – खाना होकर मार्ग परिवर्तित करेगी; ◆ **22197** कोलकाता–वीरांगना लक्ष्मीबाई प्रथमस्वतंत्रता संग्राम एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक: 23/11/2025) खाना–आसनसोल–जसीडीह के बदले खाना–रामपुरहाट–दुमका–जसीडीह होकर मार्ग परिवर्तित करेगी; ◆ **22198** वीरांगना लक्ष्मीबाई–कोलकाता प्रथम स्वतंत्रता संग्राम एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 21/11/2025) जसीडीह–आसनसोल–खाना के बदले जसीडीह–दुमका–रामपुरहाट–खाना होकर मार्ग परिवर्तित करेगी। ◆ **12551** एसएमवीटी बेंगलुरु – कामाख्या एसी एसएफ एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 01, 08, 15 और 22/11/2025), **13417** दीघा – मालदा टाउन एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 06, 13 और 20/11/2025), **13426** सूरत – मालदा टाउन एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 03, 10 और 17/11/2025), **15629** तांबरम – सिलघाट टाउन नागांव एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 03, 10 और 17/11/2025), **15639** पुरी – कामाख्या एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 04, 11 और 18/11/2025), **15661** रांची – कामाख्या एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 05, 12 और 19/11/2025), **15929** तांबरम – न्यू तिनसुकिया एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 06, 13 और 20/11/2025) और **22611** डॉ. एमजीआर चेन्नई सेंट्रल – न्यू जलपाईगुड़ी साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 05, 12 और 19/11/2025) आसनसोल – अंडाल – दुर्गापुर – अंडाल – सांइथिया के बदले आसनसोल – अंडाल – सांइथिया होकर मार्ग परिवर्तित करेंगी। ◆ **12552** कामाख्या – एसएमवीटी बेंगलुरु एसी एसएफ एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 05, 12 और 19/11/2025), **13418** मालदा टाउन – दीघा एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 06, 13 और 20/11/2025), **13425** मालदा टाउन – सूरत एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 08, 15 और 22/11/2025), **15630** सिलघाट टाउन – तांबरम नागांव एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 07, 14 और 21/11/2025), **15640** कामाख्या – पुरी एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 02, 09 और 16/11/2025), **15662** कामाख्या – रांची एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 04, 11 और 18/11/2025), **15930** न्यू तिनसुकिया – तांबरम एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 03, 10 और 17/11/2025) और **22612** न्यू जलपाईगुड़ी – डॉ. एमजीआर चेन्नई सेंट्रल साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 07, 14 और 21/11/2025) सांइथिया–अंडाल–दुर्गापुर–अंडाल–आसनसोल के बदले सांइथिया –अंडाल–आसनसोल होकर मार्ग परिवर्तित करेंगी।

● **संक्षिप्त यात्रा समाप्त/संक्षिप्त यात्रा शुरू:** ◆ **13503** बर्द्धमान – हटिया एमईएमयू एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 03, 04, 14, 17, 20, 21, 22, 23 और 24/11/2025), **63509** बर्द्धमान–झाझा एमईएमयू (यात्रा शुरू दिनांक 03, 04, 14, 15, 17, 20, 21, 22 और 23/11/2025) और **63519** बर्द्धमान–बोकारो स्टील सिटी एमईएमयू (यात्रा शुरू दिनांक 12, 20, 21, 22 और 23/11/2025) आसनसोल से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी और बर्द्धमान एवं आसनसोल के बीच सेवा रद्द रहेगी। ◆ **13504** हटिया – बर्द्धमान एमईएमयू एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 02, 03, 13, 16, 19, 20, 21, 22 और 23/11/2025), **63510** झाझा – बर्द्धमान एमईएमयू (यात्रा शुरू दिनांक 02, 03, 13, 14, 16, 20, 21, 22 और 23/11/2025) और **63520** बोकारो स्टील सिटी – बर्द्धमान एमईएमयू (यात्रा शुरू दिनांक 12, 20, 21, 22 और 23/11/2025) आसनसोल में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी और आसनसोल एवं बर्द्धमान के बीच सेवा रद्द रहेगी।

● **पुनर्निर्धारण:** (1) **12023** हावड़ा – पटना जन शताब्दी एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 06, 07, 08, 09, 10, 11, 13, 17 और 18/10/2025) को 1 घंटा 10 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा। (2) **13105** सियालदह – बलिया एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 06, 07, 08, 09, 10, 11, 13, 17 और 18/10/2025) को 40 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा। (3) **12019** हावड़ा – रांची शताब्दी एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 03 और 04/11/2025) को 2 घंटे के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा और **12019** हावड़ा – रांची शताब्दी एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 14/11/2025) को 1 घंटा 30 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा। (4) **12020** रांची – हावड़ा शताब्दी एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 03 और 04/11/2025) को 2 घंटे के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा और **12020** रांची – हावड़ा शताब्दी एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 13/11/2025) को 2 घंटे 15 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा। (5) **12304** नई दिल्ली – हावड़ा पूर्वा एक्सप्रेस (पटना होकर) (यात्रा शुरू दिनांक 11/10/2025) को 30 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा। (6) **11447** जबलपुर–हावड़ा शक्तिपुंज एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 01/11/2025) को 02 घंटे के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा, **11447** जबलपुर–हावड़ा शक्तिपुंज एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 12 और 15/11/2025) को 1 घंटा 40 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा और **11447** जबलपुर–हावड़ा शक्तिपुंज एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 22/11/2025) को 40 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा। (7) **22303** हावड़ा – गया वंदे भारत एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 03, 04 और 14/11/2025) को 01 घंटा 20 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा। (8) **22304** गया – हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 02/11/2025) को 02 घंटे 30 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा, **22304** गया – हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 03, 04 और 23/11/2025) को 01 घंटा 20 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा और **22304** गया – हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 16/11/2025) को 2 घंटे 15 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा। (9) **22321** हावड़ा – सिउड़ी हूल एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 03, 04 और 14/11/2025) को 01 घंटे के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा। (10) **22387** हावड़ा – धनबाद ब्लैक डायमंड एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 03 और 04/11/2025) को 01 घंटा 15 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा और **22387** हावड़ा – धनबाद ब्लैक डायमंड एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 14/11/2025) को 45 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा। (11) **22388** धनबाद – हावड़ा ब्लैक डायमंड एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 02, 13 और 16/11/2025) को 03 घंटे 30 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा। (12) **12259** सियालदह – बीकानेर एसी दुरंतो एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 23/11/2025) को 01 घंटा 20 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा। (13) **12313** सियालदह–नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 23/11/2025) को 01 घंटा 20 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा। (14) **63507** बर्द्धमान–आसनसोल एमईएमयू (यात्रा शुरू दिनांक 18/11/2025) को 01 घंटे के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा। यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशनों की जनसंबोधन प्रणाली का पालन करें। असुविधा के लिए खेद है।

**मंडल रेल प्रबंधक, आसनसोल**

पूर्व रेलवे

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

हाईकोर्ट में सरकार की ओर से दी गई जानकारी, अगली सुनवाई 14 अक्टूबर को

# गांधीग्राम-बुढ़ागर तालाब के अतिक्रमणों को लेकर टीम गठित

**हरिभूमि जबलपुर।**

जबलपुर जिले के गांधीग्राम बुढ़ागर में काबिज अतिक्रमणों से उसके अस्तित्व को होने वाले खतरे संबंधी मामले में शुक्रवार को सरकार ने हाईकोर्ट के समक्ष अपना जवाब पेश किया। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ को बताया गया कि अतिक्रमणों के संबंध में प्रशासनिक टीम का गठन किया गया है। जो कि जल्द ही अतिक्रमणों को चिन्हित अपनी कार्यवाही



करेगी, इसके लिये उन्हें मोहलत प्रदान की जाये। जवाब को रिकार्ड पर लेते हुए कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 14 अक्टूबर को निर्धारित की ।

यह जनहित का मामला गांधीग्राम बुढ़ागर निवासी रज्जन बर्मन की ओर से दायर किया गया है। जिनकी ओर से अधिवक्ता राजमणि मिश्रा ने पक्ष रखा। जिन्होंने बताया कि गांधीग्राम बुढ़ागर में जिले का सबसे बड़ा तालाब है, जिसका क्षेत्रफल करीब पांच सौ एकड़ का है। आरोप है कि उक्त तालाब के चारों ओर अतिक्रमणकारियों ने मलबा डालकर उस पर ठेले-टपरे जमा लिये है, इतना ही नहीं तालाब को भरने वाले कैचमेंट एरिया पर लगातार हो रहीं माइनिंग से तालाब पूरी तरह से अपना अस्तित्व खोता जा रहा है। तालाब में पानी न आने से उस पर अतिक्रमणकारी कब्जा करते जा रहे है। मामले में राहत चाही गई कि माइनिंग पर रोक लगाते हुए अतिक्रमणकारियों को तत्काल हटाने के निर्देश दिये जाये। याचिका में प्रमुख सचिव राजस्व विभाग, जबलपुर कलेक्टर, एसडीओं व तहसीलदार सिहोरा को पक्षकार बनाया गया है। मामले की प्रारंभिक सुनवाई पश्चात न्यायालय ने विगत 10 जुलाई को अनावेदकों को नोटिस जारी किये थे। मामले में शुक्रवार को आगे सुनवाई हुई।

अनावेदकों को जवाब के लिये मोहलत, अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद

# उद्यान भूमि पर कलेक्टर और एसपी कार्यालय के निर्माण पर रोक

**हरिभूमि जबलपुर।**

मंडला जिले में स्थित उद्यान भूमि पर नवीन कलेक्ट्रेट भवन और पुलिस अधीक्षक कार्यालय बनाये जाने हाईकोर्ट ने अपना पूर्व का अंतरिम आदेश बरकरार रखा है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ के समक्ष शासन की ओर से जवाब के लिये समय की राहत चाही गई। जिस पर कोर्ट ने यथास्थिति के निर्देश को यथावत रखते हुए मामले की अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद निर्धारित की ।

यह जनहित का मामला मंडला जिले महात्मा गांधी वार्ड निवासी अब्दुल गफ्फार कुरैशी की ओर से दायर किया गया है। जिसमें कहा गया है कि मंडला शहर में नर्सरी उद्यान है, जो कि करीब छह एकड़ में फैला हुआ है। जिसमें दस हजार से अधिक पेड़-पौधे लगे हुए है, जिससे व्यापक रूप से शहरवासियों को आक्सीजन प्राप्त होती है। आवेदक का कहना है कि हालही में शासन ने उक्त उद्यान भूमि पर जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय व पुलिस अधीक्षक कार्यालय के नवीन भवन निर्माण के आदेश जारी किये है, जिसमें जल्द ही निर्माण कार्य भी शुरु होना वाला है। आवेदक की ओर से कहा गया कि उक्त निर्माण कार्य से हरे-पौधों को काटा जायेगा, जो कि अनुचित है। याचिका में राहत चाही गई है कि उक्त दोनों भवनों का निर्माण अन्यत्र स्थान पर किया जाये, ताकि पेड़-पौधों को बचाया जा सके। मामले में मप्र शासन के प्रमुख सचिव, मंडला कलेक्टर, पीसीसीएफ भोपाल, सीसीएफ जबलपुर, डायरेक्टर बागवानी विभाग भोपाल, असिस्टेंट डायरेक्टर बागवानी मंडला, डिवीजन फॉरेस्टस अधिकारी मंडला को पक्षकार बनाया गया है। मामले की सुनवाई पश्चात न्यायालय ने यथास्थिति के निर्देश देते हुए अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये थे। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता दिनेश कुमार तिवारी पैरवी की रहे है।

अटल कार्यकर्ता सम्मान

# सिंगरौली में जनसंघ काल से जुड़े वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का हुआ सम्मान



**सिंगरौली, जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व राष्ट्रीय परिषद सदस्य एवं पूर्व युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष धीरज पटेरिया जी के नेतृत्व में "अटल कार्यकर्ता सम्मान" कार्यक्रम का आयोजन सिंगरौली जिले में किया गया। इस विशेष अवसर पर जनसंघ काल से पार्टी के प्रति समर्पित रहे वरिष्ठ भाजपा नेता श्री लालजी शाह जी के निवास पर पहुँचकर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान श्री लालजी शाह जी के सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन के अनुभवों को साझा किया गया। साथ ही उन्होंने स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रेरणादायक कविताएँ भी सुनाईं, जिससे उपस्थित कार्यकर्ताओं और युवा पीढ़ी को नई ऊर्जा एवं दिशा प्राप्त हुई। कार्यक्रम में भाजपा सिंगरौली के जिला महामंत्री राजकुमार दुबे, निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, संभाग प्रभारी विनोद चौबे, जिला प्रभारी के रूप में मंडल अध्यक्षगण, पंचायत प्रतिनिधिगण, वरिष्ठ पदाधिकारी एवं अनेक गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। यह सम्मान कार्यक्रम उन कार्यकर्ताओं को समर्पित है, जिन्होंने जनसंघ से भाजपा की यात्रा में निस्वार्थ भाव से योगदान दिया है और आज भी संगठन के लिए प्रेरणा स्त्रोत बने हुए हैं।

धूप, छांव और उमस से जनजीवन फिर बेचैन

# मौसम शुष्क होते ही तापमान इतराया

**जबलपुर।** मौसम शुष्क होने के बाद तापमान उछाल लेने लगा। दिन में धूप छावं के बीच उमस करंट मारने लगी। मानसूनी बादलों का नया सिस्टम बनने के बाद ही बारिश की उम्मीद की जा सकती है। फिलहाल एक बार फिर उमस भरी गर्मी का मौसम तैयार हो गया है। दिन में धूप पसीना निकाल रही है, रात में उमस बेचैन कर रही है। बंद हो चुके कूलर, पंखे एक बार फिर चालू हो गये हैं। खबर है कि अब मानसून कमजोर हो गया है। फिलहाल मौसम खुला रहेगा। नया सिस्टम सक्रिय होने के बाद ही बारिश के आसार बनेंगे।

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार मौसम में बदलाव आ चुका है। पिछले चार दिनों से मौसम शुष्क बना हुआ है और धीरे-धीरे हवा में नमी कम हो रही है। सूर्यदेव के बल पर पारा इतरा रहा है। हवाओं की दिशा भी बदल गई है। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 33.02 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री अधिक, न्यूनतम तापमान 25.04 डिग्री सामान्य से 2 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। हवा में नमीं प्रातःकाल 77 प्रतिशत और सायंकाल 78 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.52 व सूर्यास्त 6.29 बजे हुआ। पिछले 24 घंटों में कुल वर्षा 0.0 मिमी दर्ज की गई। १ जून से अब तक कुल वर्षा 968.07 मिमी (लगभग 38.12 इंच) दर्ज की जा चुकी है, जबकि गत वर्ष आज के दिन वर्षा नहीं हुई थी, जबकि कुल वर्षा का आकंड़ा 1096.0 मिमी दर्ज की जा चुकी थी। पिछले वर्ष आज के दिन का अधिकतम तापमान 32.0 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24.06 डिग्री दर्ज किया गया था। दक्षिण पूर्व हवाएं 4 से 5 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ पानी की बौछारें पड़ सकती हैं।









हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240